3 राजधानी
डूसू: तीन साल बाद आज पड़ेंगे वोट

6 अभिमत
कौशल की कमी से बेरोजगारी

10 विदेश
प्रचंड कल से चीन के दौरे पर

12 स्पोर्ट्स
भारत ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 314
नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सीना चौड़ा करके चीन पर चर्चा के लिए तैयार
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# कनाडा के नागरिकों की भारत में नो एंट्री

## बढ़ा विवाद, कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर नई दिल्ली ने लगाई अस्थाई रोक, कनाडा में अपने दूतावासों की सुरक्षा के मद्देनजर उठाया कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कनाडा ने अपने राजनयिक कर्मचारियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा की मांग करते हुए दावा किया कि उनमें से कुछ को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिली हैं धमकियां
- ट्रूडो ने फिर कहा कि खालिस्तानी चरमपंथी नेता की हत्या के मामले में न्याय हो इसलिए भारत कनाडा के साथ मिलकर काम करें



कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग पर लहराता तिरंगा

**भारत** और कनाडा के रिश्तों में तल्खी बढ़ती ही जा रही है। भारत ने बृहस्पतिवार को अपने दूतावास और वाणिज्य दूतावासों पर सुरक्षा खतरे के कारण कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करना निलंबित कर दिया और कनाडा ने अपने राजनयिक कर्मचारियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा की मांग करते हुए दावा किया कि उनमें से कुछ को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर धमकियां मिली हैं।

संबंधित घटनाक्रम में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून में हरदीप सिंह निज्जर की खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' भागीदारी के बारे में अपने आरोपों पर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत से कनाडा के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया ताकि खालिस्तानी चरमपंथी नेता की हत्या के मामले में न्याय हो। उन्होंने कहा कि हमारे यहां स्वतंत्र न्याय प्रणाली और मजबूत प्रक्रियाएं हैं जो अपना काम करेंगी। भारत ने मंगलवार को आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' कहकर खारिज कर दिया था और इस मामले में ओटावा द्वारा एक भारतीय अधिकारी को निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित कर दिया था। प्रधानमंत्री ट्रूडो संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय 78वें सत्र में भाग लेने के लिए संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में थे। बुधवार को, उन्होंने जलवायु महत्वाकांक्षा शिखर सम्मेलन, यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक और संयुक्त राष्ट्र परिसर में विशेष रूप से निर्मित एसडीजी मंडप में वैश्विक कार्बन मूल्य निर्धारण कार्यक्रम में बात की। संयुक्त राष्ट्र परिसर के भीतर दो अलग-अलग अवसरों और दो अलग-अलग स्थानों पर, प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) ने जस्टिन ट्रूडो से भारत द्वारा 'खालिस्तानी' आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से संबंधित उनके आरोपों को खारिज करने के बारे में सवाल पूछे।

लेकिन ट्रूडो ने कोई जवाब नहीं दिया और अपने सुरक्षा कर्मियों से घिरे हुए चले गए। नई दिल्ली में इस मुद्दे पर भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए, विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बृहस्पतिवार को कहा कि उस देश में हमारे उच्चायोगों और वाणिज्य दूतावासों के सामने आने वाले सुरक्षा खतरों के कारण भारत कनाडा से वीजा आवेदनों की जांच करने में 'अस्थायी रूप से असमर्थ' है। बागची ने संवाददाताओं से कहा कि आप कनाडा में हमारे उच्चायोगों और वाणिज्य दूतावासों के सामने आने वाले सुरक्षा खतरों से अवगत हैं... इससे उनका सामान्य कामकाज बाधित हो गया है। तदनुसार, हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास अस्थायी रूप से वीजा आवेदनों पर कार्रवाई करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हम नियमित आधार पर स्थिति की समीक्षा करेंगे।' उन्होंने कहा कि सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक वीजा जारी करना भी निलंबित कर दिया है। बागची ने यह भी कहा कि मुद्दा 'कनाडाई पक्ष द्वारा वीजा देने के तरीके में भेदभाव' को लेकर है।

उन्होंने कहा कि वीजा की सभी श्रेणियों को निलंबित कर दिया गया है। मुद्दा भारत की यात्रा के बारे में नहीं है... जिनके पास वैध वीजा है (इस निलंबन आदेश से पहले जारी किया गया) उन्हें भारत की यात्रा करने के लिए (मंजूरी) दी गई है। मुद्दा एक ऐसे माहौल के निर्माण है जो हमारे वाणिज्य दूतावास और उच्चायोग के कामकाज को बाधित करता है। बागची ने उन दावों को खारिज कर दिया कि भारतीय 'एजेंटों' ने निज्जर की हत्या की थी और उन्हें 'राजनीति से प्रेरित' बताया। उन्होंने बताया कि कथित हत्या पर ओटावा द्वारा 'कोई विशेष जानकारी' साझा नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि यदि प्रदान की जाए तो हम विशिष्ट जानकारी देखने को तैयार हैं, हमारे पास कनाडा में कुछ व्यक्तियों के बारे में बहुत विशिष्ट जानकारी है और ये सभी उनके साथ साझा की गई हैं। लेकिन कनाडा ने उन पर कार्रवाई नहीं की, उन्होंने कहा कि कनाडा की निष्क्रियता एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी ओर से, कनाडाई स्थित व्यक्तियों द्वारा आपराधिक गतिविधियों के बारे में विशिष्ट सबूत कनाडा के साथ साझा किए गए हैं लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई है... हां, मुझे लगता है कि यहां कुछ हद तक पूर्वाग्रह है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि कनाडा सरकार के ये आरोप मुख्य रूप से राजनीति से प्रेरित हैं।

भारत द्वारा एक वरिष्ठ राजनयिक को निष्कासित करने पर- कनाडा द्वारा एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को अपने देश की सीमाएँ छोड़ने का आदेश देने के बाद- बागची ने कहा कि दूसरे पक्ष को 'भारतीय मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप' का हवाला देते हुए भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति को कम करने के लिए कहा गया था। बागची ने कहा कि भारत में कनाडाई राजनयिक उपस्थिति भारत (कनाडा में) की तुलना में अधिक है...तदनुसार इसे कम करने की जरूरत है। समानता होनी चाहिए, उनकी संख्या बहुत अधिक है। एक अन्य घटनाक्रम में, कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने आरोप लगाया कि चरमपंथी तत्व हिंदू-कनाडाई लोगों पर 'हमला' कर रहे हैं और उन्हें भारत वापस जाने के लिए 'धमकी' दे रहे हैं। उन्होंने देश के सभी हिंदू-कनाडाई ( शेष पेज 9 )

# खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर सुखदुल की कनाडा में हत्या

- लारेंस बिश्नोई गैंग ने ली हमले की जिम्मेदारी, पंजाब के मोस्ट वांटेड के खिलाफ 18 आपराधिक मामले हैं दर्ज
- विनिपेग शहर में अज्ञात हमलावरों ने दिया वारदात को अंजाम, 15 राउंड चली गोलियां



गैंगस्टर सुखदुल सिंह की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़/नई दिल्ली

**पंजाब** के सर्वाधिक वांछित अपराधियों में से एक गैंगस्टर सुखदुल सिंह उर्फ सुक्खा दुनेके की अज्ञात लोगों ने कनाडा के विनिपेग शहर में गोली मारकर हत्या कर दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनेके पर करीब 15 राउंड फायरिंग हुई है। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

दुनेके उन 41 आतंकियों व गैंगस्टरों की सूची में शामिल था, जिसे एनआईए ने भी जारी किया था। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, इसे कुछ गैंग के बीच आपसी दुश्मनी का परिणाम माना जा रहा है। वहीं इस हत्या की जिम्मेदारी जेल में बंद लारेंस बिश्नोई ने ली है। वहीं बिश्नोई गिरोह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी कर इसकी पुष्टि की है। सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर दुनेके के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और डकैती सहित कम से कम 18 मामले थे। उसकी हत्या कनाडा के समयानुसार बुधवार रात को हुई।

यह घटना ऐसे समय में हुई है जब जून में ब्रिटिश कोलंबिया में खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में राजनयिक विवाद खड़ा हो गया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक सुखदुल को कनाडा में गैंगस्टर से आतंकवादी बने अर्श दल्ला का दाहिना हाथ बताया जा रहा है। अर्श दल्ला अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर का करीबी था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दुनेके पंजाब के ( शेष पेज 9 )

# सैनफ्रांसिस्को में वाणिज्य दूतावास पर हमले के 10 आरोपियों के पोस्टर जारी

- एनआईए ने जारी किए इन 10 खालिस्तान समर्थक आरोपियों के पोस्टर, जनता से सूचना देने की अपील



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**खालिस्तानी** आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा तनाव के बीच, कनाडा के विनिपेग में पंजाब के सबसे वांछित अपराधी व गैंगस्टर सुखदुल सिंह उर्फ ? सुक्खा दुनेके की अज्ञात बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है।

राजनयिक विवाद और घृणा अपराधों को रोकने में कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों की लगातार विफलता के बीच, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को मार्च महीने में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला करने में शामिल 10 आरोपियों की तस्वीरें जारी कर जनता से उनके बारे में सूचना देने को कहा है। एनआईए ने वांछित आरोपियों की पहचान करने के अनुरोध के साथ सूचना के संबंध में तीन नोटिस जारी ऐसी सूचनाएं मांगी हैं, जो आरोपियों को गिरफ्तार करने या पकड़ने में मददगार साबित हो।

इस संबंध में जारी दो नोटिस में प्रत्येक में दो आरोपियों की तस्वीरें हैं, वहीं तीसरे नोटिस में मामले के अन्य छह आरोपियों की तस्वीरें हैं। एजेंसी ने आरोपियों के बारे में जानकारी साझा करने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं करने का वादा किया है। एनआईए के मुताबिक 18-19 मार्च की मध्य रात्रि में सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद मामला दर्ज किया गया था।

कुछ खालिस्तानी समर्थक कथित तौर पर वाणिज्य दूतावास में घुस गए थे और उसे आग के हवाले करने की कोशिश की थी। एजेंसी ने कहा कि उसी दिन खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लगाए, शहर की पुलिस द्वारा लगाए गए अस्थाई सुरक्षा अवरोधों को तोड़ दिया था और वाणिज्य दूतावास परिसर में दो तथाकथित खालिस्तानी झंडे लगा दिए थे, इमारत को क्षतिग्रस्त किया था ( शेष पेज 9 )

# महिला आरक्षण संबंधी बिल पर संसद की मुहर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सर्वसम्मति से राज्य सभा ने किया पारित

**देश** की राजनीति पर व्यापक असर डालने की क्षमता वाले नारीशक्ति वंदन विधेयक को संसद ने बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी जिसमें संसद के निचले सदन और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है।

राज्यसभा ने इससे संबंधित संविधान (128वां संशोधन) विधेयक, 2023 को करीब 10 घंटे की चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति दी। विधेयक के पक्ष में 214 सदस्यों ने मतदान किया। विधेयक के पारित होने के समय पीएम नरेन्द्र मोदी सदन में मौजूद थे। चर्चा में 72 सदस्यों ने भाग लिया। सदन ने विपक्ष द्वारा पेश किए गए विभिन्न संशोधनों को ध्वनिमत से खारिज कर दिया। लोकसभा इसे बुधवार को ही पारित कर चुकी थी। पीएम नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि महिला आरक्षण संबंधी यह विधेयक कानून बनने पर नारीशक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। विधेयक में फिलहाल 15 साल के लिए महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है और संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा। चर्चा के अंत में पीएम मोदी ने इस विधेयक को देश की नारी शक्ति को नई ऊर्जा देने वाला करार देते हुए कहा कि इससे महिलाएं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए नेतृत्व के साथ आगे आएंगी।

उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करने के लिए सभी सदस्यों का हृदय से अभिनंदन और हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जो भावना पैदा हुई है यह देश के जन जन में एक आत्मविश्वास पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों एवं सभी दलों ने एक बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। पीएम ने कहा कि नारी शक्ति को सम्मान एक विधेयक पारित होने से मिल रहा है, ऐसी बात नहीं है।




## क्विक न्यूज


### मतदाता पहचान पत्र से आधार को जोड़ना होगा वैकल्पिक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि वह मतदाता सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने और पुराने मतदाताओं के रिकॉर्ड को अद्यतन करने के लिए अपने फॉर्म में बदलाव करेगा, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि मतदाता पहचानपत्र के लिए आधार संख्या मुहैया करना वैकल्पिक है। निर्वाचन आयोग दोहराव वाली प्रविष्टियों को खत्म करने के लिए आधार को मतदाता सूचियों से जोड़ने पर एक नया नियम लाया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्वाचन आयोग की दलीलों पर गौर किया और जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया। उक्त जनहित याचिका मे मतदाताओं के पंजीकरण (संशोधन) नियम, 2022 के नियम 26बी मे स्पष्टीकरण संबंधी परिवर्तन का अनुरोध किया गया था। आधार संख्या मुहैया करने के लिए नियम 26बी शामिल किया गया था और जिसके अनुसार, प्रत्एक व्यक्ति जिसका नाम सूची में सूचीबद्ध है, वह फॉर्म 6बी में पंजीकरण अधिकारी को अपना आधार नंबर बता सकता है।

# सियासत के चाणक्य को मिला मास्टर नंबर रूम

- ज्योतिष के अनुसार केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को नए संसद भवन में मिला जी- 33 नंबर कमरा आर्थिक विकास और परियोजनाओं को आगे बढ़ाएगा, मंत्रियों को आवंटित कक्ष होंगे शुभ फलदायी

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**नवनिर्मित** संसद भवन में प्रमुख केंद्रीय मंत्रियों के नए कक्ष आवंटन को लेकर ज्योतिषियों ने शुभ और सकारात्मक होने की भविष्यवाणी की है। ज्ञात रहे कि संसद के विशेष सत्र के दौरान मंगलवार को मंत्री नए कमरों में प्रवेश (शिफ्ट) कर जाएंगे।

केंद्र सरकार में सबसे महत्वपूर्ण व कद्दावर मंत्री केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को नए संसद भवन के ऊपरी भूतल (अपर ग्राउंड) पर कमरा नंबर जी-33 आवंटित किया गया है। ज्योतिषियों के अनुसार 33 नंबर को ज्योतिष में मास्टर नंबर या मास्टर टीचर बताया है। इस संबंध में आचार्य डॉ. शीश नारायण वाजपेयी ने कहा, 33 मास्टर नंबर है, इसमें मास्टर नंबर 11 और 22 दोनों का संयोजन है, जिसका अर्थ है कि यह अनुभवों, सपनों और अंतर्ज्ञान के संदर्भ में काफी शक्तिशाली है। ज्योतिष के अनुसार उनके विरोधियों की संख्या भी बढ़ेगी।

उन्होंने आगे कहा कि 33 नंबर आर्थिक विकास से संबंधित योजनाओं या परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। इसका मतलब है कि आर्थिक विकास योजनाओं/परियोजनाओं के बारे में निर्णय यहीं लिए जाने चाहिए। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को कमरा नंबर 8 आवंटित किया गया है। वाजपेयी ने कहा कि ज्योतिष में, 8 नंबर पर शनि का शासन होने के साथ यह अत्यधिक प्रभावशाली भी है। इस संख्या का बहुत महत्व है क्योंकि इसका आकार अनंत के चिह्न जैसा दिखता है। इसके फलस्वरूप, इस अंक के अंतर्गत आने वाले लोगों को जीवन में अनंत अवसर और आशीर्वाद प्राप्त होते हैं।

इसके अलावा, यह संख्या जीवन के आध्यात्मिक और भौतिक पहलुओं के बीच संतुलन भी बनाए रखती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से 8 अंक संभवतः बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि यहां लिए गए फैसले तनाव को बढ़ा सकते हैं और फैसले विशेष सावधानी से लेने की जरूरत है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, विदेश मंत्री एस जयशंकर, अर्जुन मुंडा, स्मृति ईरानी, ? धर्मेंद्र प्रधान, अश्विनी वैष्णव को भूतल के ( शेष पेज 9 )

# यूपी में पिछले सात साल में बढ़े निवेश के अवसरः राष्ट्रपति

## अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया उद्घाटन, सीएम योगी ने भगवान गणेश की मूर्ति देकर किया स्वागत

● 6 साल में प्रदेश में विकास के कई काम हुए हैं, अब इसे दुनिया भर में एक समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता है उत्तर प्रदेशः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले छह-सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसर पैदा हुए हैं और इसके बुनियादी ढांचे में भी सुधार हुआ है। राष्ट्रपति ने गौतम बुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस व्यापार प्रदर्शनी के जरिए उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की कोशिश की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में राष्ट्रपति ने कहा, पिछले छह से सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश के अवसर पैदा हुए हैं और बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। उत्तर प्रदेश देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

मुर्मू ने कहा, भारत इस समय दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश का बड़ा योगदान रहने वाला है। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के पहले संस्करण का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा, मुझे यहां आकर और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाने की कोशिशों की काफी तारीफ की जाती है। इस संकल्प को प्राप्त करने के लिए यूपी को अहम भूमिका निभानी है। यूपी ने अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा पहले यूपी बीमारू राज्य था। 6 साल में प्रदेश में विकास के कई काम हुए हैं। अब इसे दुनिया भर में एक समृद्ध राज्य के रूप में जाना जाता है। ये व्यापार मेला 21 से 25 सितंबर 5 दिनों तक चलेगा। इसमें दो हजार से अधिक उत्पादक और 300 ब्रांड भाग ले रहे हैं। आम लोगों को यहां 22 से 25 सितंबर तक फ्री में एंट्री दी जाएगी। इस ट्रेड शो में आटोमोबाइल जगत की 32 कंपनियां भी शामिल होंगी। वे यहां अपनी गाड़ियों का डेमो देंगी। यहां पर प्रदेश के तमाम उत्पादों को शोकेस्टिंग की जा रही है। जिसमें 75 जिलों के यूनिक प्रोडक्ट को प्रदर्शनी लगाई गई है।

इस ट्रेड शो से बिजनेस को काफी बढ़ावा मिलेगा। अब तक बीटूबी के लिए 70000 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 2000 एक्जीबिटरों के रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इस ट्रेड शो में 70 देशों की अलग-अलग कम्पनियां शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा उपभोक्ता है। जो यहां के स्केल को स्केल में बदल रहा है 5 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में इंटरनेशनल एक्सपो सेंटर में पहली बार इतनी ज्यादा रजिस्ट्रेशन देखने को मिले हैं।

उन्होंने कहा कि ये ट्रेड शो प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करेगा। सीएम योगी दोपहर में ही कार्यक्रम पहुंच गए थे। उन्होंने ट्रेड शो में कार्ट पर बैठकर स्टॉल देखे। उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गणेश जी की मूर्ति भेंटकर उनका स्वागत किया।

यहां ओडीओपी, एमएसएमई, वृहद इंडस्ट्रीज, आईटी-आईटीएस, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी, एजुकेशन और फाइनेंशियल सर्विसेज, हेल्थ, टैक्सटाईल्स, एग्रो और प्रोसेसिंग, स्टार्टअप, जीआई टैग, टॉय एसोशिएट और क्लस्टर, ट्रांसफार्मिंग इंडिया, रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, डिजिटल इंडिया मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, एमएसई, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पॉर्क ऑफ इंडिया जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर की शो केसिंग की गई है। इंटरनेशनल ट्रेड शो कुल 2088 स्कायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है।

इसके ले-आउट प्लान के अनुसार, कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इन्स्टॉल किया गया। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल 300 स्क्वायर मीटर ओडीओपी और सूचना जनसंपर्क का होगा। इसमें सूचना जनसंपर्क के साथ ही 200 स्क्वायर मीटर में पर्यटन व संस्कृति विभाग का स्टॉल होगा, जहां उत्तर प्रदेश के पर्यटन से संबंधी योजनाओं व नीतियों के विषय में लोग जान सकेंगे।



अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मेले में जाने के लिए मेट्रो स्टेशन से मिलेगी शटल बस सेवा

आयोजकों ने बताया कि मेले में आने वाले लोगों के लिए निशुल्क शटल बस सेवा होगी। नोएडा के बॉटेनिकल गार्डन और ओखला पक्षी विहार मेट्रो स्टेशन से शटल बस सेवा होगी। यहां हर 30 से 40 मिनट में शटल बस सेवा लाने और वापस छोड़ेंगी।

मेले में आने वाले लोगों को यूपी के विभिन्न जिलों के स्वादिष्ट व्यंजन का स्वाद भी मिलेगा। हॉल नंबर 15 के बाहर खाने के स्टाल होंगे। जहां पर बृज की गली, अवध का जायका समेत अन्य जगह के लजीज खाना खाने को मिलेगा।



### गेट नंबर एक और तीन से मिलेगा प्रवेश

आयोजकों ने बताया कि इंडिया एक्सपो मार्ट के गेट नंबर एक और तीन से लोगों को मेले में प्रवेश मिलेगा। लोगों को अपने वाहन पार्किंग में खड़े करने होंगे। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले की वेबसाइट पर जाकर पार्किंग पास डाउनलोड कर सकते है। वाहन खड़ा करने के बाद पैदल या शटल बस सेवा से गेट नंबर एक और तीन पर पहुंचना होगा। शहर के मुख्य होटल से भी पिकअप एंड ड्राप की सुविधा मिलेगी। उधर नॉलेज पार्क के बड़े गोल चक्कर में पार्किंग की निशुल्क सुविधा होगी। वहां से भी लोगों को शटल बस सेवा मिलेगी। यहां 16 शीटर आठ ट्रेवलर चलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार


कैबिनेट मंत्री गोपाल नंदी का अभिनंदन करते अस्पताल के पदाधिकारी।

### यशोदा हॉस्पिटल के स्टॉल पर पहुंचे गोपाल नंदी

**गाजियाबाद।** यशोदा सुपर स्पेशल्टी हॉस्पिटल कौशाम्बी, गाजियाबाद के सीएमडी डॉ पी.एन अरोड़ा ने कहा कि एक्जिविशन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को अपनी विश्व स्तरीय मेडिकल सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु अपनी सेवाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं और हमारा इंदिरापुरम गाजियाबाद में आने वाला 1200 बेड का यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल इन सुविधाओं को प्रदान करेगा और जल्द ही ग्रेटर नोएडा में 300 बेड का एक और हॉस्पिटल भी तैयार जो जाएगा। हॉस्पिटल का स्टाल विजिट करने वालों में नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कैबिनेट मंत्री औद्योगिक विकास , ब्रिजेश सिंह उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री विशेष तौर पर स्टॉल पर आए और उन्होंने यशोदा सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल समूह द्वारा लाए जा रहे विश्व स्तरीय हॉस्पिटलों की सराहना की और हॉस्पिटल प्रबंधन का उत्साहवर्धन किया। मौके पर उत्तर प्रदेश के हेल्थ सेक्रेटरी रंजन कुमार (आईएएस), रविंद्र कुमार (आईएएस), सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश , मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेलवा कुमारी आइएएस ने भी यशोदा हॉस्पिटल स्टॉल को विजिट किया।

### चार झोलाछाप डॉक्टरों पर मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र में मेडिकल की डिग्री के बिना नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिक खोलकर आमजनों की जिन्दगी से खिलवाड़ करने वाले चार झोला.छाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ विभाग की टीम ने मुकदमा दर्ज करवाया है। यह जानकारी देते हुए एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ विभाग को सूचना मिली थी खोड़ा थाना क्षेत्र में कुछ झोला छाप डॉक्टर अवैध रूप से क्लीनिक एवं नीर्सिंग होम्स का संचालन कर रहे हैं। उसके बाद स्वास्थ विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।

### अधिवक्ता व बैंककर्मी का मोबाइल चोरी

**नोएडा।** अलग-अलग स्थान पर चोरों ने एक अधिवक्ता व बैंककर्मी का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। ग्राम सरफाबाद में रहने वाले अधिवक्ता हिमांशु पवार ने बताया कि वह अपने घर पर सोए हुए थे। रात्रि के समय उनका दरवाजा खुला रह गया। इस दौरान किसी चोर ने उनके घर से आईफोन चोरी कर लिया। वहीं थाना बीटा-2 क्षेत्र के कमर्शियल बेल्ट स्थित यूनियन बैंक आफ इंडिया की शाखा में कार्यरत अमरजीत सिंह का मोबाइल फोन चोरी हो गया।

## तीसरी मंजिल से गिरी किशोरी, हालत गंभीर

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में बुधवार रात किराएदार से हुई लड़ाई के दौरान 14 वर्षीय किशोरी मकान की तीसरी मंजिल से गिर गई। वो गंभीर रूप से घायल है और हॉस्पिटल में भर्ती है।

हालांकि पीड़ित परिजनों ने किशोरी को छत से फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में एफ आईआर दर्ज करते हुए रेनू नामक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में सैन विहार निवासी रोहित अपने परिवार के साथ यादराम दीवान के मकान में ग्राउंड फ्लोर पर किराए पर रहता है। इसी मकान में कुछ और किराएदार भी रहते हैं। रोहित ने बताया, 20 सितंबर की रात मेरी 14 वर्षीय बहन संतरेश गरमी की वजह से तीसरी मंजिल पर छत पर चली गई थी। वहां दूसरी महिला किराएदार रेनू भी मौजूद थी। अंधेरे की वजह से मेरी बहन का पैर रेनू के बर्तनों में लग गया। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। रोहित का कहना है कि रेनू ने मेरी बहन को धक्का दिया और अंधेरे की वजह से वो तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरी। नीचे गिरते ही किशोरी बेहोश हो गई। परिजन तुरंत उसको जिला अस्पताल लेकर आए।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोहम्मद सलाहुद्दीन खान/ शाहीन बेगम/ LBLUC00002349584 | फ्लैट नंबर 1403, 14वीं मंजिल, सियर्स टॉवर, ओमेक्स ट्विन्स टॉवर, प्लॉट नंबर एफ 021, सेक्टर 50 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा- 201303/ सितंबर 19, 2023 | मार्च 24, 2023 रु. 27,99,936/- | नोएडा/ गाजीपुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 22, 2023**
**स्थान : नोएडा**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | विभोर कुमार (कर्ज़दार), अनुराधा जसूजा (सह-कर्ज़दार) LBGUR00004983636 | इकाई क्र. जी-68, ग्राउंड फ्लोर, स्पेज़ पलाज़ो सेक्टर 69, ग्राम फाजिलपुर झारसा, हरियाणा गुड़गांव- 122001, क्षेत्रफल 394 वर्ग फुट | रु. 94,37,837/- (सितम्बर 07, 2023 तक) | रु. 84,55,000/- / रु. 8,45,500/- | अक्टूबर 07, 2023 को दोप. 12:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | नवंबर 03, 2023 को दोप. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 02, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली**- 110005 में **नवंबर 02, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **नवंबर 02, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 02, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/ 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : सितम्बर 22, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## मुठभेड़ में दुष्कर्म के आरोपी के पैर में लगी पुलिस की गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



पुलिस कस्टडी से भाग रहे आरोपी को पुलिस ने गोली मारी है। आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पर बच्ची के साथ रेप करने का आरोप है। पुलिस ने सलारपुर से गिरफ्तार किया था।

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि आरोपी सौरभ गुप्ता निवासी सलारपुर को घटना के बाद गिरफ्तार किया गया। उसे मेडिकल परीक्षण के बाद जिला अस्पताल सेक्टर-30 से घटनास्थल ग्राम सलारपुर में घटना से संबंधित कपड़ा बरामद करने के लिए ले जाया गया। वहां से कपड़ा बरामद कर लौटते समय सेक्टर-42 के पास अचानक गाड़ी में हवा निकलने की आवाज आई। जिस पर पुलिस पार्टी द्वारा नीचे उतर कर गाड़ी को चेक किया गया। मौका पाकर सौरभ गाड़ी से उतरा और उसने उप निरीक्षक अजीत सिंह की पिस्टल छीन ली।

## बिना बताए छुट्टी पर गई प्राचार्य गिरेगी गाज

● मिड-डे मिल में दूध पीने से 25 स्कूली बच्चे हुए थे बीमार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोनी के प्रेमनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में दूध पीने से 25 से अधिक बच्चों के बीमार होने का असर दूसरे दिन स्कूलों पर दिखाई दिया। जिस स्कूल में यह घटना घटी वहां अभिभावकों ने डर से अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजा। वहीं मामले में छुट्टी पर गई स्कूल की प्रिसिंपल को निलंबित किया जा सकता है। 516 रजिस्ट्रेशन वाले इस स्कूल में आज महज 76 बच्चे ही स्कूल पहुंचे। दूसरे दिन बच्चों को मिड डे मील भी नहीं दिया जा सका।

वहीं इस घटना के बाद स्कूल की प्रधानाध्यापिका बिना बताए छुट्टी पर चली गई। सूत्रों ने बताया कि प्रधानाध्यापिका ने घटना के बाद अपना मेडिकल लगाया और अवकाश पर चली गई, लेकिन विभाग ने लापरवाही मानते हुए मेडिकल की अर्जी रिजेक्ट कर दी।

घटना के दूसरे दिन भी बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव सहित अन्य अधिकारियों ने स्कूल का दौरा किया और बच्चों व अभिभावकों से वार्ता की। इस मामले में प्रथम द्रष्टया लापरवाही मानते हुए प्रधानाध्यापिका को निलबिंत किया जा रहा है। स्थिति पूरी तरह से सामान्य होने तक अधिकारी लगातार स्कूल का निरीक्षण भी करेंगे। वहीं जो बच्चे बीमार हुए थे उन्हें भी सुबह अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। घर भेजने के बाद भी अधिकारी बच्चों की सेहत पर नजर रखे हुए हैं।हालांकि प्रेमनगर प्राथमिक विद्यालय में 310 बच्चे पहुंचे थे वहीं आज घटना के बाद संख्या घटकर महज 76 रह गई। बच्चों की कम संख्या और प्रधानाध्यापिका के अचानक छुट्टी पर जाने के चलते स्कूल में आज मिड डे मील का वितरण नहीं हो सका है।

## जलकृषि क्रांति के लिए तैयार होगा ब्लूप्रिंट

● 25 सितंबर को होने वाले सेमीनार में शामिल होंगे मत्स्य पालन मंत्री पुरषोत्तम रूपाला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



आगामी 25 सितंबर को नई दिल्ली में सस्टेनेबल एक्वा कल्चर भारत के वैश्विक लीडर बनने की क्षमता विषय पर आयोजित होने वाला सेमिनार एक दूरदर्शी कदम के तहत टिकाऊ जलीय कृषि के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने वाले मत्स्य पालन मंत्री पुरषोत्तम रूपाला के साथ यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भारत की जलीय कृषि यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। अन्य वक्ताओं में संसद सदस्य एनके प्रेमचंद्रन सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दूरदर्शी नेतृत्व और स्थिरता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता से प्रेरित, भारत के जलीय कृषि क्षेत्र में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा गया है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरी ब्लू क्रांति के आह्वान ने नीतिगत सुधारों की एक लहर शुरू की, जिससे जलीय कृषि क्षेत्र में विकास को विशेष प्राथमिकता मिली। प्रधानमंत्री की मत्स्य सम्पदा योजना और तटीय जलकृषि प्राधिकरण संशोधन विधेयक 2023 जैसी उल्लेखनीय पहल इस यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर साबित हो रही है। किंग्स इंफ्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक साजी बेबी जॉन ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा यह सेमिनार भारत के जलीय कृषि उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

## लिवइन में रह रही महिला की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले दो भाई धरे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सूरजपुर में लिवइन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले दो भाइयों को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मलकपुर गांव में रहने वाली सीमा 11 सितंबर से अपने घर से लापता थी। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने दीपांशु तथा सुधांशु नामक दो भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि दोनों ने सीमा की 11 सितंबर की हत्या कर शव को नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में फेंक दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि सुधांशु तथा दीपांशु को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि सुधांशु दो साल से सीमा के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रह रहा था। दोनों को एक बच्चा भी हुआ था। लेकिन सुधांशु ने इस बात की जानकारी अपने परिजनों की नहीं दी थी। सुधांशु के परिजनों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी थी।

इस बात का पता चलने पर सीमा ने सुधांशु से लड़ाई की जिसके बाद सुधांशु और उसके भाई दीपांशु ने सीमा को मारने की साजिश रची और नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में ले जाकर उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगा दिया।

## 10 साल में 25,000 कुत्तों की नसबंदी, खुलेगा एक और सेंटर

● गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल ने मांगा पिछला रिकॉर्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद नगर निगम पिछले 10 साल में 24580 कुत्तों की नसबंदी करा चुका है। इसके बावजूद दिन-प्रतिदिन कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। मेयर सुनीता दयाल ने भी इस बात पर हैरत जताई है कि नसबंदी के बावजूद ऐसे.कैसे इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही।

आशंका है कि नसबंदी की आड़ में बड़ा गोलमाल हो रहा है। मेयर भी इसकी सच्चाई जानना चाहती हैं। इसलिए उन्होंने 10 साल में नसबंदी अभियान का पूरा रिकॉर्ड तलब कर लिया है। दरअसल, गाजियाबाद में पहले से एक एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर है। यहां साल-2013 में नगर निगम ने कुत्तों की नसबंदी का अभियान प्रारंभ किया था। बीच-बीच में कई बार निगम ने ये काम स्वयं किया तो कई बार यही काम करवाया। आंकड़ों के अनुसार, 10 सितंबर 2023 तक यहां पर 24580 कुत्तों की नसबंदी हुई। एक आंकड़े के अनुसार, वर्तमान में आवारा कुत्तों की संख्या 60 हजार से ज्यादा है। हालांकि जब बर्थ कंट्रोल सेंटर प्रारंभ हुआ, तब आवारा कुत्तों की संख्या इतनी नहीं थी। सवाल ये है कि जब 10 साल से लगातार नसबंदी हो रही है तो कुत्तों की संख्या साल.दर.साल कैसे बढ़ रही है। गाजियाबाद में अगले महीने से एक और एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो सकता है।

नगर निगम ने 1 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा था। सरकार ने पहली किश्त के रूप में 80 लाख रुपए जारी कर दिए हैं। ये सेंटर नया बस अड्डा के सामने बनेगा। इसमें रोजाना करीब 100 कुत्तों की नसबंदी होगी। अभी तक गाजियाबाद में जो पहला सेंटर है, उसमें रोजाना सिर्फ 25-30 कुत्तों की नसबंदी हो रही है।

वजह ये है कि वो जगह छोटी है, इसलिए नई जगह पर बड़ा सेंटर बनाया जा रहा है। पशु जन्म नियंत्रण नियम-2023 में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि आवारा पशुओं के साथ क्रूरता नहीं होनी चाहिए। उनकी देखभाल करनी चाहिए। आवारा कुत्तों को स्थानांतरित री.लोकेट भी नहीं किया जा सकता। नियम में अवारा पशुओं को पकड़ने, उनका टीकाकरण करने, उनकी नसबंदी करने और फिर उन्हें वापस उसी जगह पर छोड़ने का प्रावधान है। बता दें कि गाजियाबाद में डॉग बाइट के रोजाना 200 से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। ये बात पता चलती है सरकारी अस्पतालों में एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने वालों की संख्या से।

हर रोज करीब 400 इंजेक्शन लग रहे हैं। कुछ मरीज पुराने भी होते हैं। इसलिए औसतन माना जा रहा है कि 200 लोग रोजाना डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं। लगातार बढ़ती डॉग बाइट की घटनाओं के चलते गाजियाबाद की कुछ सोसाइटीज में पिछले एक हफ्ते से घमासान जैसी स्थिति है। सोसाइटीज के लोग आवारा कुत्तों के खिलाफ अभियान छेड़ते हैं तो एनिमल लवर्स सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन दिखाकर इसका विरोध करते हैं। ऐसे में उनमें टकराव की नौबत बनी हुई है।

# डूसू: तीन साल बाद आज पड़ेंगे वोट, सुरक्षा चुस्त

## एबीवीपी और एनएसयूआई ने जीत का किया दावा, आप की छात्र इकाई नहीं लड़ रही चुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

तीन साल बाद हो रहा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए शुक्रवार, 22 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए चुनाव प्रचार बुधवार को यानी 20 सितंबर को खत्म हो गया है।

भाजपा की छात्र ईकाइ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने चारों सीटों पर जीत हासिल करने का दावा किया है। वहीं सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की छात्र इकाई सीवाईएसएस ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। इस बार भी मुख्य मुकाबला एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच ही है। दिल्ली विश्विद्यालय के छात्र अपना विश्वास किस पर दिखाते हैं इसका फैसला रविवार, 24 सितंबर को होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है। साथ ही कहा कि छात्रों से आग्रह किया है कि छात्र जीवन में मताधिकार के प्रयोग का यह अवसर उन्हें अपने अधिकारों को समझने और एक अच्छे नागरिक के रूप में विकसित करने में सहायक है।

एबीवीपी से डूसू चुनाव में इस बार अध्यक्ष पद पर तुषार डेढ़ा, उपाध्यक्ष पद पर सुशांत धनकड़, सचिव पद पर अपराजिता तथा संयुक्त सचिव पद पर सचिन बैंसला चुनाव लड़ रहे हैं। डूसू चुनाव में एबीवीपी के प्रत्याशियों ने छात्रों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते जमकर चुनाव प्रचार किया है। डेढ़ा ने दावा किया कि प्रभावी प्रचार तथा एबीवीपी के कामों के कारण एबीवीपी के पैनल ने बढ़त बना ली है। डूसू में सह-सचिव रहीं व एबीवीपी दिल्ली की छात्रा प्रमुख शिवांगी खरवाल ने कहा कि, देश में महिलाओं के नेतृत्व के लिए नई राहें खुल रही हैं, गत वर्षों में एबीवीपी के पैनल से ही डीयू में छात्राओं को नेतृत्व मिला है। छात्राओं के मूलभूत मुद्दों जैसे गर्ल्स हॉस्टल, सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन, महिला सुरक्षा तथा महिलाओं को बराबर नेतृत्व देने का कार्य एबीवीपी डूसू जीतकर करेगी। दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि एबीवीपी हमेशा डीयू के छात्रों की आवाज बनी है। वर्तमान में 90 फीसदी से अधिक छात्र डीयू में नए हैं, एबीवीपी उनसे अपील करती है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें।

छात्रों से व्यापक चर्चा के बाद तैयार हुए एबीवीपी मैनिफेस्टो में डीयू के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, परीक्षाओं से संबंधित समस्याओं को दूर करने तथा मेंटल हेल्थ जैसे विषय प्रमुखता से शामिल हैं। एबीवीपी छात्रों से मुद्दों के आधार पर डूसू प्रतिनिधि को चुनने की अपील करती है। एबीवीपी के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में जिस प्रकार से एनएसयूआई ने रामजस कॉलेज, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, दयाल सिंह कॉलेज सहित अनेक जगहों पर जिस प्रकार से बड़े पैमाने पर हिंसा की है, वह डरावना है। एबीवीपी, एनएसयूआई की गुंडागर्दी का विरोध डीयू छात्रों के साथ मिलकर करेगी।

वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने दावा किया कि डूसू में एनएसयूआई के चारों उम्मीदवार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। लवली ने आरोप लगाया कि हार से बौखलाई एबीवीपी गुंडागर्दी पर उतर आई है और जानबूझ कर विश्वविद्यालय में माहौल खराब कर ही है। उन्हांने छात्रों से अपील की कि वो निडर होकर मतदान करें, प्रदेश कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। लवली ने कहा कि सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व प्रत्येक जिले में छात्रों की सभाऐं हुई है, जिनको छात्र संघ के लिए बनाई गई समन्वय समिति के सदस्यों व प्रदेश कांग्रेस द्वारा जारी सूची में शामिल पूर्व छात्र नेताओं ने न केवल सम्बोधित किया है बल्कि निजी तौर पर छात्रों से सम्पर्क भी किया है।



दिल्ली विश्वविद्यालय में शुक्रवार (आज) को होने वाले छात्र संघ चुनाव को लेकर अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ी तैनात की गई है। फोटो: रंजन डिमरी

### मतदान के दिन 2000 कार्यकर्ताओं, नेताओं और पूर्व विधायकों को जिम्मेदारी दी: लवली

लवली ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस ने डीयू से संबध रखने वाले सभी कॉलेजों में मतदान के दिन लगभग 2000 कार्यकर्ताओं, नेताओं, पूर्व विधायकों को जिम्मेदारी दी है कि वो मतदान होने तक वहां छात्रों की मदद करेंगे। मतदान तक पूरे रात दिन काम करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कंट्रोल रुम बनाया गया है। पूर्व छात्र नेता राजेश गर्ग की देखरेख में यह कंट्रोल रुम काम करेगा और जरुरत पड़नूे पर तुरंत कार्यकर्ताओं को मदद पहुचाई जाऐगी। एनएसयूआई अध्यक्ष नीरज कुंदन ने आरोप लगाया कि एबीवीपी हिंसा में शामिल है और दावा किया कि एबीवीपी को प्रशासन और पुलिस से पूरा सहयोग मिल रहा है। डूसू चुनाव के लिए एनएसयूआई हितेश गुलिया अध्यक्ष, अभि दहिया उपाध्यक्ष, यक्षना शर्मा सचिव और शुभम कुमार चौधरी संयुक्त सचिव पद के लिए मैदान में हैं।

### सीएम आवास पुनर्निर्माण विवाद

# अदालत ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को कैट जाने की दी अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के पुनर्निर्माण में नियमों के कथित रूप से घोर उल्लंघन के लिए जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के छह अधिकारियों को केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) का रुख करने की छूट दी।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय और विशेष सचिव (सतर्कता) की उस अपील का निस्तारण कर दिया जिसमें कारण बताओ नोटिस को चुनौती देने वाले पीडब्ल्यूडी के छह अधिकारियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने संबंधी एकल न्यायाधीश की पीठ के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के उस फैसले पर भरोसा जताया और कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि किसी सेवा विवाद के संबंध में, सबसे पहले प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा 19 के तहत एक आवेदन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। खंडपीठ ने कहा कि इसलिए एकल न्यायाधीश के समक्ष पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की रिट याचिका सुनवाई योग्य बिल्कुल भी नहीं थी और इसे यहीं खारिज कर दिया जाना चाहिए था। उसने कहा कि तथ्य यह है कि संविधान पीठ इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि अधिकरण कानून के उन क्षेत्रों के संबंध में प्रथमदृष्टया अदालतों की तरह काम करना जारी रखेंगे जिनके लिए उनका गठन किया गया है। खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के समक्ष लंबित याचिका का निपटारा कर दिया और पीडब्ल्यूडी के छह अधिकारियों को प्रशासनिक न्यायाधिकरण अधिनियम के तहत एक मूल आवेदन दायर करके कैट का रुख करने की छूट दी। उसने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि इस अदालत ने एलपीए में रिट याचिका की विचारणीयता के मुद्दे को छोड़कर, गुण-दोष के आधार पर कुछ भी नहीं देखा है। उपरोक्त टिप्पणियों के साथ, वर्तमान एलपीए का निस्तारण किया जाता है।

### स्कूल में बम होने की सूचना अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** लाल बहादुर शास्त्री स्कूल को ई-मेल के माध्यम से परिसर में बम होने की सूचना प्राप्त हुई, जो बाद में अफवाह निकली। स्कूल प्राधिकारियों को ई-मेल प्राप्त हुआ था, उन्होंने इसकी जांच की और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने परिसर की तलाशी ली और उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। विद्यालय में 400 छात्रों की परीक्षा निर्धारित थी। तलाशी लिए जाने के बाद परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### हंसराज कॉलेज में प्रेसिडेंशियल डिबेट का आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनावों के मद्देनजर बृहस्पतिवार को हंसराज कॉलेज में प्रेसिडेंशियल डिबेट का आयोजन किया गया। जहां अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने अपने एजेंडे विद्यार्थियों के समक्ष रखे और विद्यार्थियों ने भी उनको वोट देने के बारे में सवाल भी किए। इस डिबेट के संयोजक और संचालक सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रभांशु ओझा ने बताया कि स्वस्थ्य राजनितिक प्रतिस्पर्धा का विद्यार्थियों के मध्य निर्माण करना इस डिबेट का उद्देश्य है। कॉलेज प्राचार्य प्रो. रमा ने सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए कॉलेज की गरिमा और अनुशासन का जिक्र करते हुए परिसर में छात्रों के सकारात्मक सहभागिता की कामना की। चुनाव अधिकारी प्रो. अरविन्द यादव और डॉ. गौरव उपास्थित रहे।

### आईजीएनसीए में तीन दिवसीय नदी उत्सव आज से



**नई दिल्ली।** भारतीय समाज-जीवन में नदियों के विशिष्ट महत्व को इंगित करते हुए इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) 22 सितंबर (आज) से तीन दिवसीय 'नदी उत्सव' का आयोजन करेगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए एनएमसीएम के सहायक निदेशक अभय मिश्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि 'नदी उत्सव' अपनी पारम्परिक जल चेतना के दस्तावेजीकरण का एक विनम्र प्रयास है। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने 2018 में नासिक से इस विशिष्ट आयोजन की पहले की थी। ताकि लोगों को पारिस्थितिकी और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें संवेदनशील बनाया जा सके। इसी कड़ी में चौथे 'नदी उत्सव' का आयोजन यमुना नदी के किनारे बसे राष्ट्रीय दिल्ली में आईजीएनसीए के प्रांगण में 22 सितंबर से 24 सितंबर तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन आईजीएनसीए के राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्रण अभियान और जनपद सम्पदा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### मेयर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम मुख्यालय के केदारनाथ साहनी सभागार में हिंदी सम्मान सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने हिंदी सप्ताह के सफल क्रियान्वयन के लिए राजभाषा विभाग को बधाई दी और हिंदी सप्ताह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों और विजेता कर्मचारियों को शुभकामनायें दी। इस मौके पर प्रेस एवं सूचना निदेशालय को हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया।

### रेलवे स्टेशन पर कुलियों के बीच पहुंचे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे और कुलियों से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कुलियों की पहचान वाली लाल रंग की शर्ट पहनी और बाजू पर बिल्ला लगाकर सूटकेस सिर पर रखकर कुलियों के काम का अनुभव भी लिया। इस दौरान उन्होंने कुलियों के साथ सेल्फी ली, बीच बैठकर उनके दिल का हाल भी सुना। राहुल गांधी ने खुद इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की। इसके कैप्शन में राहुल कहा, काफी समय से मेरे मन में भी इच्छा थी, और उन्होंने भी बहुत बहुत प्यार से बुलाया था और भारत के परिश्रमी भाईयों की इच्छा तो हर हाल में पूरी होनी चाहिए।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे और इस दौरान वे कुछ इस रंग में नजर आए।

### ईवी नीति 2.0 के तहत रेट्रोफिटिंग को देंगे प्रोत्साहन : परिवहन मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2.0 में वाहनों की उच्च लागत को देखते हुए रेट्रोफिटिंग को प्रोत्साहित किया जाएगा। रेट्रोफिटिंग का तात्पर्य पुराने वाहन को नई तकनीक या सुविधाओं से लैस करना है।

गहलोत ने कहा, नई नीति पर काम चल रहा है, इसलिए वे मौजूदा नीति को छह महीने या नई नीति तैयार होने तक बढ़ा देंगे। दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2020 की अवधि इस साल आठ अगस्त को पूरी हो गई थी। तब सरकार ने कहा था कि इसके तहत दी जा रही सब्सिडी नई नीति अधिसूचित होने तक जारी रहेगी।

उन्होंने कहा, हम एक कैबिनेट नोट ला रहे हैं और इस सप्ताह के भीतर इसे अंतिम रूप दिया जाना चाहिए। मौजूदा नीति को छह महीने या नई नीति अधिसूचित होने तक बढ़ाया जाएगा। मंत्री ने नई नीति के बारे में बात करते हुए कहा कि एक चीज जिस पर वह गौर करेंगे वह है रेट्रोफिटिंग की अवधारणा। गहलोत ने कहा, लोग अपने आईसी इंजन को इलेक्ट्रिक इंजन में बदलना चाहते हैं।

## युवक पर हथौड़े, छड़ से हमला

- पीड़ित के माथे और दाएं हाथ में चोट लगी : डीसीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली में अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति पर हथौड़े और लोहे की छड़ से हमला किया। टिगरी थाने में पुलिस नियंत्रण कक्ष को रात 12 बजकर 37 मिनट पर घटना के संबंध में फोन पर सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस की एक टीम ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त चंदन चौधरी ने कहा, संगम विहार निवासी बलराज चौधरी के माथे और दाएं बाजू में चोट आई थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि छतरपुर में अपने कार्यालय से घर लौटने के दौरान उसने मालवीय नगर में रात्रि भोजन किया और अपने दोस्त जुगल किशोर से उसके घर के पास मिला। चौधरी जब घर जा रहा था तभी एक मोटरसाइकिल उसकी कार से टकरा गई।

वह टक्कर की वजह जानने के लिए अपनी कार से बाहर उतरा तभी मोटरसाइकिल चालक ने उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर फेंक दिया। उसी वक्त, विपरीत दिशा से आ रही एक स्कॉर्पियो कार वहां आकर रुकी और उसमें सवार लोगों ने चौधरी की लोहे की छड़ और हथौड़े से पिटाई की तथा वहां से भाग गए। पुलिस की मामले की जांच जारी है।

### नेहरू, गांधी स्मारक से मिट्टी एकत्र करेंगे गोयल

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी सहित महान शख्सियतों के स्मारकों से मिट्टी एकत्र करेंगे।

गोयल ने कहा कि इसमें कोई राजनीति नहीं है। गोयल ने कहा, यहां तक की प्रधानमंत्री मोदी ने भी नए संसद भवन में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को श्रद्धांजलि दी है। हम भारत को शक्तिशाली और जीवंत राष्ट्र बनाने के लिए सभी की एकता के उनके संदेश को आगे बढ़ा रहे हैं। गोयल ने कहा कि 23 सितंबर को राजघाट स्थित महात्मा गांधी के स्मारक स्थल से मिट्टी इकट्ठा कर अभियान की शुरुआत की जाएगी।

## ईडब्ल्यूएस में प्रवेश के लिए आधार अनिवार्य नहीं

- उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार अर्जी को खारिज किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित समूह (डीजी) और विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की श्रेणी के तहत प्रवेश देने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा आधार को अनिवार्य करने को स्थगित कर दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दिल्ली सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टय आधार की जरूरत निजता के संवैधानिक प्रावधान का विरोधाभासी है। अदालत ने पिछले सप्ताह पारित आदेश में कहा, यह बच्चे की संवेदनशील जानकारी हासिल करने का मुद्दा है। जैसा कि केएस पुत्तुस्वामी मामले में (उच्चतम न्यायालय) ने टिप्पणी की है कि यह संविधान के अनुच्छेद-21 में प्रदत्त निजता के अधिकार में घुसपैठ कर सकता है। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव नरुला भी शामिल थे। अदालत ने रेखांकित किया कि शीर्ष न्यायालय का मानना है कि आधार को अनिवार्य बनाया जाना मूलभूत अधिकारों के विपरीत है जिसकी रक्षा अनुच्छेद 21 में की गई है और इस तरह की बाध्यता को संवैधानिक रूप से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा, इसलिए यह कहना उपयुक्त होगा कि उक्त परिपत्र प्रथम दृष्टया संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत है और इसलिए एकल पीठ ने सही ही रोक लगाई है।

एकल पीठ ने एक व्यक्ति की याचिका पर उक्त आदेश पारित किया था। व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उसका पांच साल का बच्चा 2023 के शैक्षणिक सत्र में गैर वित्तपोषित स्कूलों में प्रवेश के लिए कंप्यूटर आधारित लॉटरी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन पा रहा है क्योंकि उसके पास आधार कार्ड नहीं है।

# खराब सड़क और ड्रेनेज सिस्टम देख बिफरी मंत्री

## सड़कों के मामले में जिम्मेदारी से काम करें इंजीनियर्स अन्यथा कार्रवाई के लिए रहें तैयार : आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

क्षतिग्रस्त सड़क, खराब ड्रेनेज सिस्टम व आउटफॉल की समस्या देख लोक निर्माण मंत्री आतिशी का गुस्सा अधिकारियों पर फूट पड़ा। उन्होंने संबंधित इंजीनियरों को कड़े शब्दों में कहा कि इंजीनियर्स सड़कों के मामले में जिम्मेदारी के साथ अपना काम करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

सड़कों को लेकर ऐसा लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मंत्री ने तुरंत समस्याओं की जाँच करते हुए उसे बेहतर बनाने का प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। आतिशी ने ऑन-ग्राउंड निरीक्षण को जारी रखते हुए गुरुवार सुबह रोहतक रोड पर नांगलोई मेट्रो से टीकरी बॉर्डर तक की सड़क का निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने पाया कि सड़क के कई हिस्से क्षतिग्रस्त है। । अतिशी ने अपने निरीक्षण के दौरान पाया कि, सड़क के बहुत से हिस्सों पर दरार है, कई जगहों पर सड़क टूटी हुई है, सड़क की सतह उखड़ी हुई है, फुटपाथ को भी रिपेयर की जरूरत है।

यहाँ खराब ड्रेनेज व आउटफॉल में समस्या के कारण सड़क के कई हिस्सों व सर्विस लेन में जलजमाव है।

इस कारण सड़क तो क्षतिग्रस्त होती ही है साथ ही सड़क के कई हिस्सों में यातायात धीमा हो जाता है और लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है।इन समस्याओं को देख मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और आदेश दिये कि पूरे रोड स्ट्रेच की बारीकी से जाँच की जाए और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही प्लान तैयार किया जाए कि कैसे जल्द से जल्द पूरी सड़क को बेहतर रूप दिया जा सकता है ताकि यहाँ आवाजाही करने वाले लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरत के अनुसार सड़क पर रिपेयर व रिकार्पेटिंग का काम किया जाए। सेंट्रल वर्ज व फुटपाथ का भी रिपेयर किया जाये और जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए बेहतर ड्रेनेज प्लान तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जाए। मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सड़कों को बेहतर बनाने का काम कर रही है।

### पीएम मोदी के जीवन और सुशासन के सफर पर प्रदर्शनी

**नई दिल्ली।** सेंट्रल पार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन सफर पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उद्घाटन दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत जय पांडा एवं प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने किया। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में पीएम के जीवन के सफर से लेकर उनके प्रधानमंत्री के रूप में 9 साल के सुशासन के बारे में चित्रों एवं बोर्डों के माध्यम से बताया गया है।

बैजयंत जय पांडा ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के जीवन के संघर्षों और उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद 9 साल के कुशल सुशासन के बारे में जानकारी मिलेगी। किस प्रकार से आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, उस सफर की भी जानकारी मिलेगी।

## डिमेंशिया: 'भूल ना जाना' हेल्पलाइन नंबर लॉन्च

- कोई भी मरीज सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक कर सकता है फोन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/ग्रुरुग्राम

विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर गुरुग्राम के डॉक्टरों की टीम ने डिमेंशिया रोगियों को समय पर परामर्श और उपचार प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारत का पहला समर्पित राष्ट्रीय डिमेंशिया हेल्पलाइन नंबर 'भूल ना जाना' लॉन्च किया। जहां भारत के प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट और अन्य डॉक्टरों से मरीज नि:शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

यह पहल डिमेंशिया जागरूकता पर भारत का पहला अभियान है। अभियान का नेतृत्व कर रहे फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में न्यूरोलॉजी विभाग के प्रधान निदेशक डॉ. प्रवीण गुप्ता ने कहा, इस अभियान के साथ हम डिमेंशिया के बारे में जागरूकता पैदा करना चाहते हैं ताकि इसका शीघ्र निदान और उपचार किया जा सके। डिमेंशिया हेल्पलाइन नंबर **9818687903** है, जहां मरीजां प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक निशुल्क परामर्श के लिए फोन कर सकते हैं। 'भूल ना जाना'



अभियान का लक्ष्य कम से कम 1 मिलियन रोगियों तक पहुंचना है जो डिमेंशिया से पीड़ित हैं। इस अभियान का उद्देश्य मनोभ्रंश, प्रारंभिक पहचान, उपचार और उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाना भी है। अल्जाइमर डिमेंशिया का सबसे आम प्रकार है और यह मुख्य रूप से वृद्ध लोगों में देखा जाता है। डिमेंशिया में किसी व्यक्ति की सोचने की क्षमता को प्रभावित करता है। यह एक मानसिक रोग है जिससे याददाश्त चली जाती है और व्यक्ति का जीवन गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। यह बीमारी किसी के सामाजिक संचार और संपर्क को सीमित कर देती है। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लगभग 8.8 मिलियन भारतीय मनोभ्रंश से पीड़ित हैं। डिमेंशिया ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है।

# गणपति बप्पा की धूम, गणेश उत्सव में महाराष्ट्र के कलाकारों ने बांधा समां

### सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति की ओर से सेक्टर-27 में किया जा रहा भव्य आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सार्वजनिक** गणेशोत्सव समिति द्वारा सेक्टर-27 में आयोजित गणेश महोत्सव के दूसरे दिन महाराष्ट्र से आये कलाकार इला भाटे ने समां बांध दिया। गणपति बप्पा के भजनों पर भक्तों को झूमने पर मजबूत कर दिया। महाराष्ट्र की कला और संस्कृति को देख लगा कि यह कार्यक्रम महाराष्ट्र में ही हो रहा है।

गणेश जी की आरती में राष्ट्रीय ओबीसी आयोग के चेयरमैन हंसराज अहीर, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंघला, एमडी सिगनीफि सुमित जोशी, चेयरमैन मिण्डा ग्रुप मिंडा, वीपी अरायमॉन्ड ग्रुप अभित थूलकर, सीओओ यूएफआई कमल कौशिक, हृदेश शर्मा एवं कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

अतुल मोघे और अविनाश जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र बप्पा के लिए समिति की महिलाओं द्वारा तैयार किया हुआ छप्पन भोग। शिल्पा जोशी ने बताया कि इस बार भी हमेशा की तरह पंडाल के प्रमुख द्वार पर आयुर्वेदिक डॉ. उर्मिला ताले द्वारा बनायी हुई विट्ठलजी की मनमोहक रंगोली सभी का आकर्षण बनी रही। एक वृद्ध महिला का पैसों के बारे में और कल और आज के बदलते परिस्थितियों के बारे में दृष्टिकोण बड़े ही रोचक स्वरुप में प्रस्तुत किया।



गुरुग्राम के सेक्टर-27 स्थित सामुदायिक केंद्र में गणेश उत्सव के दौरान पूजन करते श्रद्धालु।

गुरुग्राम और दिल्ली से आये हुए सभी उम्र के कला प्रेमियों ने कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। आयोजकों ने बताया कि गणपति बप्पा की पूजा तो विशेष है ही, साथ में महाराष्ट्र की कला एवं संस्कृति को स्थानीय लोगों के बीच मिलकर प्रदर्शित करना भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों का ध्येय होता है। गुरुग्राम में बसने वाले महाराष्ट्रीयन लोगों के साथ यहां लघु भारत के दर्शन होते हैं।

# संसद में नारी शक्ति वंदन विधेयक की साक्षी बनीं हरियाणा की 2000 महिलाएं : ओमप्रकाश धनखड़



गुरुग्राम समेत विभिन्न जिलों से संसद की कार्यवाही देखने पहुंची महिलाओं को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

### महिलाओं को अधिकार देकर पीएम ने सार्थक किया मोदी है तो मुमकिन है का नारा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के आह्वान पर गुरुवार को प्रदेशभर से करीब दो हजार महिलाएं महिला आरक्षण बिल की कार्यवाही देखने के लिए संसद पहुंची। गुरुग्राम समेत प्रदेशभर से मातृशक्ति का दिल्ली पहुंचने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर और प्रदेश के सभी सांसदों ने स्वागत किया। इन महिलाओं में समाज के सभी वर्गों व कार्यक्षेत्रों से शामिल रहीं।

नारी शक्ति वंदन बिल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताने के लिए शुक्रवार को भी हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में हरियाणा भर से महिला कार्यकर्ता दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करेंगी। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा है कि आज हरियाणा की मातृशक्ति ऐतिहासिक क्षणों की गवाह बनी है।

मोदी सरकार ने महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम किया है, यह बहुत बड़ा बदलाव है या यह कहें कि मोदी है तो मुमकिन है। महिला आरक्षण को लेकर पहले भी संकल्पना की गई, लेकिन सार्थक कोई नहीं कर पाए। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताने के लिए भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं में उत्सुकता है। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल का लोकसभा में पास होना केवल एक राजनीतिक बदलाव ही नहीं, बल्कि एक सामाजिक बदलाव है।

महिलाओं के लिए ऐतिहासिक बिल लाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में लिए गए इस फैसले से देश की आधी आबादी को उनका हक मिलना सुनिश्चित हो जाएगा। इस मौके पर सांसद सुनीता दुग्गल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दांगी, हरियाणा सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान, पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व विधायक लतिका शर्मा सहित अन्य महिला नेत्रियों ने भी पीएम मोदी का आभार जताते हुए नारी शक्ति वंदन बिल को ऐहितासिक निर्णय बताया।

# मेनहॉल फ्री अभियान चलाकर दुरुस्त किए जा रहे मेनहॉल एवं ढक्कन

### विशेष अभियान के तहत अब तक 375 मेनहॉल को ढक्कन लगाए गए हैं



गुरुग्राम में मेनहॉल के ढक्कन लगाते निगम के कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा निगम क्षेत्र में टूटे मैनहॉल को दुरुस्त करने के लिए 18 सितम्बर से मेनहॉल फ्री विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 24 सितम्बर तक लगातार चलेगा तथा अभियान के तहत अब तक 375 मेनहॉल को ढक्कन लगाकर दुरुस्त किया जा चुका है। नगर निगम गुरूग्राम का उद्देश्य है कि 24 सितंबर के बाद क्षेत्र में कोई भी मैनहॉल का ढक्कन टूटा ना हो।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त पीसी मीणा द्वारा गत दिनों अधिकारियों के साथ की गई मासिक समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए थे कि निगम क्षेत्र में किसी भी मेनहॉल का ढक्कन टूटा हुआ नहीं होना चाहिए। साथ ही जिन मैनहॉल को मरम्मत की जरूरत है, उन्हें दुरुस्त किया जाए। निगमायुक्त द्वारा जारी निर्देशों की पालना में इंजीनियरिंग ब्रांच द्वारा 18 से 24 सितंबर तक मैनहॉल फ्री विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी कार्यकारी अभियंता अपने-अपने डिवीजन में मेनहॉल की मरम्मत करने के साथ ही टूटे ढक्कनों व स्लैब को बदलने का कार्य कर रहे हैं।

18 सितंबर से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत अब तक 375 मेनहॉल कवर को बदला गया है तथा इन्हें दुरूत किया गया है। इनमें डिवीजन-1 में 115, डिवीजन-2 में 36, डिवीजन-3 में 30, डिवीजन-4 में 20, डिवीजन-5 में 22, डिवीजन-6 में 29, डिवीजन-7 में 77 तथा डिवीजन-8 में 46 मेनहॉल दुरुस्त करने का कार्य शामिल है। 24 सितंबर तक निगम क्षेत्र की सभी जगहों पर टूटे मेनहॉल को दुरुस्त करके उनके कवर बदलने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए सभी डिविजनों में अलग-अलग टीमें लगातार कार्य कर रही हैं।

# विधायक सुधीर सिंगला ने कई क्षेत्रों में कार्यो के संबंध में निगमायुक्त से की मुलाकात

### स्वच्छता, सीवरेज के विषयों पर त्वरित कार्य करने को कहा

### चकरपुर में बकेट मशीन से सफाई का टेंडर जारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को लेकर निगमायुक्त से मुलाकात करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को शहर के विभिन्न इलाकों की समस्याओं को लेकर क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा से मुलाकात की। विधायक ने समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर त्वरित समाधान के लिए निगमायुक्त से चर्चा की।

विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-4 के पार्क में फाउंटेन लाइटें, पूरनभक्त संस्थान के लिए बसई गांव की जमीन को साफ कराएं, ताकि वहां पर पेड़ लगाए जा सकें। गांव चक्करपुर, सरस्वती विहार ओर मारूति विहार की सीवर लाइन व सफाई व्यवस्था की समस्याओं से निगमायुक्त को अवगत कराया। सुशांत लोक सी-ब्लॉक में सड़क का निर्माण करने की भी बात कही। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने निगमायुक्त को जल्द से जल्द काम करने की बात कही। निगमायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को इन सभी समस्याओं का समाधान के लिए जल्द से जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया कि चकरपुर में बकेट मशीन से सफाई का टेंडर हो गया है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, राम किशन गुप्ता, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, अश्वनी शर्मा, मंगतराम बागड़ी, ओमदत्त कटारिया, आशीष गुप्ता, अशोक डबास, पंकज यादव, महेश यादव सरपंच चकरपुर, रोहतास गुप्ता, नरेश बंसल, सर्वजित साहनी, लाल सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम में मूलभूत सुविधाओं दिलाने, समस्याओं का समाधान कराना उनकी जिम्मेदारी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के साथ वे समय-समय पर अधिकारियों से बैठक करके उनके क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान पर काम करते हैं। विधायक ने कहा कि हमें मिलकर शहर को बेहतर बनाना है। उन्होंने शहर वासियों से भी आग्रह किया है कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। अक्सर यह देखने में आता है कि लोग अपने घरों से कूड़ा सड़कों किनारे डाल देते हैं। वह कूड़ा सड़कों पर बिखर जाता है।

# वायु प्रदूषण के नाम पर इंडस्ट्री को बनाया जा रहा है मोहरा: डॉ. एसपी अग्रवाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



डॉ. एसपी अग्रवाल, राकेश बत्रा।

**आगामी** एक अक्टूबर से वायु प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) लागू कर दिया जाएगा। इसे बाद इंडस्ट्री के लिए परेशानियां खड़ी हो जाएगी। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के वाइस चेयरमैन डा. एसपी अग्रवाल ने कहा कि वायु प्रदूषण के लिए इंडस्ट्री को मोहरा बनाया जा रहा है। जो उचित नहीं है। इसको निर्यंत्रित करने के लिए सरकार को जमीनी स्तर पर काम कराने की आवश्यकता है।

डॉ. एसपी अग्रवाल ने कहा कि हम पिछले पांच साल से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए इंफ्रास्ट्रर में सुधार की मांग कर रहे हैं, मगर इस दिशा में कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए गए। यही कारण है कि धरातल पर इसका कोई सुधारात्मक उपाय नजर रहीं आ रहा है। फीएफटीआई की ओर से शहर में जगह-जगह पर पानी के छिड़काव कराने और पक्के फुटपाथ बनाने का काम जल्द शुरू होना चाहिए।

पीएफटीआई पदाधिकारियों का कहना है कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के मामले में इंडस्ट्री सरकार के साथ है, मगर सरकार को भी आगे आकर काम करने की जरूरत है। सरकारी स्तर पर काम वह किया जाए जो धरालत पर दिखे। डा. अग्रवाल ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी का काम सिर्फ सख्ती करना ही नहीं होना चाहिए सुधारात्मक भी होना चाहिए। औद्योगिक क्षेत्रों में सातों दिन 24 घंटे बिजली आपूर्ति की ठोस व्यवस्था सरकारी स्तर पर की जाए। वहीं सभी औद्योगिक क्षेत्रों में पीएनजी की लाइन का इंफ्रास्ट्रक्कर समय से तैयार कर लिया जाए। यदि गुरुग्राम की बात की जाए तो यहां पर 15 हजार से अधिक औद्योगिक इकाईयां हैं। इन्हें गैस ईंधन पर आने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करना पड़ेगा। एमएसएमई की वहन क्षमता से काफी अधिक है।

पीएफटीआई गुरुग्राम के महासचिव राकेश बत्रा ने कहा कि आने वाले एक अक्टूबर से ग्रेप प्रभावी हो जाएगा। ऐसे में औद्योगिक इकाइयों में 19 केवीए से अधिक क्षमता वाले डीजल जेनरेटर का संचालन प्रतिबंधित हो जाएगा। कोई भी उद्यमी या ट्रेडर अपने यहां डीजल जेनरेटर का संचालन नहीं करना चाहता है। ऐसा करने से उनके उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाती है। अब उस पर भी बिना ठोस विकल्प दिए प्रतिबंध ग्रेप के कारण लग जाएगा।

# दो गुटों के झगड़े में लाठी डंडे और पत्थराव में युवक समेत दो महिलाएं घायल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सदर** थाना के गांव खूटपुरी में दो गुटों के बीच मामूली सी बात को लेकर हुआ झगड़ा में दंपति समेत वृद्ध महिला घायल हो गई। घायलों को पहले सोहना के नागरिक अस्पताल में तथा बाद में गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मामा-भांजे समेत करीब 20 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गांव खूटपुरी निवासी सुभाष ने पुलिस को बताया कि 17 सितम्बर की शाम को उसकी मां के पास संतराम का भांजा पवन बैठा हुआ था। वह रात को मेला देखने के लिए जा रहा था। तभी पवन भी उसके साथ चलने लगा। बीच रास्ते में पवन की पत्नी का उसके नंबर पर फोन आया और उसे पवन अपने साथ लेकर जाने को लेकर गालियां देने लगी। वह पवन को वापस उसके घर लेकर गया और पवन को छोड़ दिया। जैसे ही वह अपने घर को चलने लगा। पवन के मामा संतराम ने उसकी गर्दन को पकड़ते हुए पिटना शुरु कर दिया। पवन की पत्नी गालियां दे रही थी। जबाव में उसने भी गालियां दी तो पवन अपने मामा का साथ देता हुए उसे पिटने लगा।

वह अपने घर में आ गया। पवन की पत्नी ने मकान की छत से उनके घर में पत्थर फेंक्के। कुछ समय के बाद 15-20 नौजवान उसके घर में घुस आए और उन्होने हाथों में लिए हुए लाठी, डंडा व लोहे की सरियां से पिटना शुरु कर दिया। शोर सुनकर आस पास के घरों से आए नागरिकों ने उन्हे बचाया।

उसे और उसकी पत्नी व मां को नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हे गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। जहा पर उपचार चल रहा है।

# फरीदाबाद शहर में पहली बार फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद को क्वालिटी स्ट्रोक केयर के लिए मिला वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन से डायमंड स्टेटस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फोर्टिस** एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के न्यूरोलॉजिकल विभाग को, जिसकी कमान डॉ. कुणाल बहरानी, डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद के हाथों में है, वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएसओ) की ओर से एंजेल्स डायमंड स्टेटस 2023 प्रदान किया गया है। अस्पताल के न्यूरोलॉजिकल विभाग द्वारा स्ट्रोक मरीज़ों के लिए स्तरीय और विस्तृत देखभाल की उन्नत सुविधाओं के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए डब्ल्यूएसओ ने यह सम्मान दिया है।

डॉ. कुणाल बहरानी ने कहा, हम इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उत्कृष्टता के लएि हमारी प्रतिबद्धता ने ही हमें यह सर्वोच्च सम्मान दिलाया है। यह पुरस्कार, स्ट्रोक केयर एवं



स्ट्रोक से बचाव के लिए फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के योगदान को मान्यता प्रदान करता है। अस्पताल में, स्ट्रोक के सटीक निदान और इलाज के लिए उन्नत मेडिकल टैक्नोलॉजी उपलब्ध है जो मरीजों की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करती है। कोविड के बाद से हमने स्ट्रोक संबंधी मामलों में बढ़ोतरी देखी है, लिहाजा श्रेष्ठ स्ट्रोक रिस्पॉन्स सेवाओं की आवश्यकता अब पहले से भी ज्यादा है। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद किसी भी प्रकार की स्ट्रोक संबंधी उपचार और पुनर्वास सेवा उपलब्ध कराने के लिए 24/7 पूरी तरह से तैयार है। हमने हाल में सुडोस्कैन एंड ट्रांसक्रेनियल डॉपलर मशीनरी भी न्यूरोलॉजी विभाग के लिए उपलब्ध करायी है जो न्यूरोलॉजिकल रोगों के उपचार में मददगार होगी।

# पाक कला में उत्कृष्टता का एक दशक: बिग एफ अवॉर्ड्स ने अपने 10 सालों की सफलता का जश्न मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भव्य** पाक उत्सव बिग एफ अवॉर्ड्स के दसवें संस्करण का आयेजन 17 सितम्बर 2023 को गुरुग्राम के ह्यात रीजेन्सी में किया गया। इंडियन फूड फ्रीक द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की मेजबानी पवन सोनी ने की, इसमें हॉस्पिटेलिटी उद्योग के दिग्गजों ने हिस्सा लिया। प्रतिष्ठित बिग एफ अवॉर्ड्स में हिस्सा लेने वाले दिग्गजों में शेफ हरपाल सिंह सोखी, शेफ कुनाल कपूर, सौरिश भट्टाचार्य, मरयम रेशी, शेफ अमरिंदर संधु, असलम गफूर, आमीन अली और खुराफाती नितिन शामिल थे।

2014 में शुरू हुए बिग एफ अवॉर्ड्स गुरुग्राम के पाक प्रेमियों के लिए सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स बन चुके हैं। गुरुग्राम के इन अवॉर्ड्स ने शहर में पाक प्रतिभा को उभारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बिग एफ अवॉर्ड्स विभिन्न श्रेणियों में रेस्टोरेन्ट्स और शेफ को दिए गए। ये पुरस्कार दो श्रेणियों में दिए गए- पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड्स और जुरी चॉइस अवॉर्ड्स। पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड्स के विजेता थे- पंजाब ग्रिल (नोर्थ इंडियन) अरावली पैविलियन-आईटीसी ग्राण्ड भारत (ऑल डे डाइनिंग, 5 स्टार होटल), एल' ओपेरा (बेकरी /पैटिसरी) और स्टुडियो एक्सओ (बेस्ट पब/ बार)। इसी तरह जूरी चॉइस अवॉर्ड्स के विजेता थे- दरयागंज सेलेस्टे (नोर्थ इंडियन), चाइनीज़ गार्डन (चाइनीज कुजीन) और वियत:नोम (बेस्ट कोकटेल बार)। रेस्टोरेन्ट ऑफ द ईयर अवॉर्ड, पॉपुलर चॉइस में कोमोरिन को मिला तथा जूरी चॉइस में तकाशी सुशी बार और तेप्पानयाकी ग्रिल को मिला। रेस्टोरेन्ट्योर ऑफ द ईयर का पुरस्कार पॉपुलर चॉइस में विक्रान्त बत्रा को तथा जूरी चॉइस में साहिल सम्भी को मिला। लाईफटाईम अचीवमेन्ट अवॉर्ड एफ एण्ड बी उद्योग में



योगदान के लिए मरयम एच रेशी को दिया गया। शेफ रणवीर ब्रार ने अपने मेंटर अरविंद सारस्वत की याद में ओबेरॉय होटल के शेफ ऐशना बनर्जी को यंग शेफ के रूप में सम्मानित किया।

बिग एफ अवॉर्ड्स का 10वां संस्करण भोजन उद्योग में सर्वश्रेष्ठ पहलुओं को पहचान कर सम्मानित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंडियन फूड फ्रीक एवं बिग एफ अवॉर्ड्स के संस्थापक पवन सोनी ने इस उपलब्धि पर गर्व की अभिव्यक्ति करते हुए कहा, बिग एफ अवॉर्ड्स के 10वें संस्करण को लेकर हम बेहद उत्सुक हैं, हमारी यह यात्रा गुरुग्राम में पाक प्रतिभा को विकसित करने के हमारे जुनून को दर्शाती है। यह भव्य आयोजन भोजन प्रेमियों के लिए डाईन आउट की खुशी की अभिव्यक्ति करता है, साथ ही भोजन बनाने वालों को अपनी प्रतिभा को दर्शाने का मौका भी देता है। इस आयोजन ने गुरूग्राम को ग्लोबल क्युलीनरी हब के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। पिछले सालों के दौरान बिग एफ अवॉर्ड्स ऐसा आयोजन बन गए हैं, एफ एण्ड बी उद्योग में सभी को इनका इंतज़ार रहता है।

# इंस्टाग्राम पर महिला की अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने का एक आरोपी पकड़ा

**गुरुग्राम।** इंस्टाग्राम पर महिला की फेक आईडी बनाकर महिला की अश्लील फोटो तैयार करके वायरल करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस बाबत पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम में महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी।

जानकारी के अनुसार एक महिला ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर फेक बनाकर उसकी फोटो को अश्लील बनाने/ मॉर्फिंग कर फोटो को वायरल करने के सम्बन्ध में दी गई थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

प्रबन्धक पुलिस थाना साईबर अपराध पश्चिम निरीक्षक सवित कुमार की पुलिस टीम ने तकनीकी की सहायता से इस के में फेक आईडी बनाकर पीड़ित महिला की फोटो को अश्लील बनाने/मॉर्फिंग कर फोटो वायरल करने के एक आरोपी को दबोचा। आरोपी को पालम विहार से काबू किया गया। आरोपी की पहचान मोहम्मद रेहान निवासी गांव शेखपुरा रुस्तमपुर, जिला फरुखाबाद (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस



आरोपी मोहम्मद रेहान।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर उपरोक्त अभियोग में शिकायतकर्ता को परेशान करने के लिए उनके फोटो को मॉर्फ/एडिट करके अश्लील बनाया था। बनाए गए अश्लील फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल किया था। आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड से यह खुलासा हुआ है कि उस खिलाफ पुलिस थाना किशनगंज (उत्तर-प्रदेश) में पोक्सो एक्ट के तहत एक केस दर्ज है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# कॉन्वेजीनियस ने 100 मिलियन विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए एडब्लूएस पर स्विफ्टचैट कन्वर्सेशनल एआई प्लेटफॉर्म का विकास किया

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**अमेज़न** वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज बताया कि इंडियन एजुकेशन टेक्नोलॉजी (एडटेक) सोशल एंटरप्राइज, कॉन्वेजीनियस ने एडब्लूएस पर सरकारी स्कूलों और कम फ़ीस वाले प्राइवेट स्कूलों के लिए एक कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट प्लेटफॉर्म, स्विफ्टचैट का विकास किया है। विश्व की इस अग्रणी क्लाउड सेवा के साथ स्विफ्टचैट का उद्देश्य भारत में 100 मिलियन से ज़्यादा विद्यार्थियों को 13 क्षेत्रीय भाषाओं में पर्सनालाइज्ड लर्निंग सामग्री प्रदान करने वाले 53 से अधिक कन्वर्सेशनल एआई चैटबॉट्स का उपयोग कर के-12 स्कूल के विद्यार्थियों के अध्ययन में सुधार लाना है। 19 मिलियन डिवाइसेज में 124 मिलियन विद्यार्थियों के प्रोफाइल के साथ स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म का उपयोग करके सरकारी स्कूल एक ऑम्नीचैनल चैटबॉट बना सकते हैं, जो विद्यार्थियों को पर्सनालाइज्ड लर्निंग जैसे क्यूरेटेड वीडियो और सिंगल एआई-इनेबल्ड चैटबॉट संवाद द्वारा कंटेंट को पढ़ने में मदद करता है। पर्सनालाइज्ड लर्निंग के अलावा, स्विफ्टचैट स्कूल प्रशासकों को शिक्षक प्रशिक्षण एवं डेटा पर आधारित निर्णय लेने में समर्थ बनाता है, जिसमें एक स्वस्थ शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात सुनिश्चित करने के लिए स्कूल में संसाधन की ज़रूरतों का अवलोकन करने और उन्हें पूरा करने की क्षमता भी शामिल है।

भारत के नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन 2023 ने पूरे देश के विद्यार्थियों को स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करने के लिए पर्सनालाइज्ड लर्निंग को प्राथमिकता दी है। एडब्लूएस के साथ, कॉन्वेजीनियस भारत में राज्य सरकारों को विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) उपलब्ध कराने में मदद कर रहा है। यह एक केंद्रीकृत सिस्टम है, जो विद्यार्थी के नामांकन, भागीदारी और लर्निंग की प्रगति पर नज़र रखने में मदद करता है। वीएसके अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराता है, और पूरे भारत में 1.5 मिलियन सरकारी स्कूलों के 9.5 मिलियन शिक्षकों का सहयोग करता है। कॉन्वेजीनियस द्वारा विकसित वीएसके टूलकिट, जिसमें स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म पर कई संवादपूर्ण एआई चैटबॉट हैं, के गुजरात में सफल पायलट के बाद इसे गोवा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड सहित भारत के 14 राज्यों में स्थापित किया गया है। स्विफ्टचैट स्कूलों से विभिन्न डेटा बिंदुओं को कैप्चर करता है, जो राज्य में पढ़ने, समझने और अंकगणित के कौशल जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों की लर्निंग में आने वाली कमी के बारे में जानकारी देते हैं, और उन्हें स्कूल, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर शिक्षा में सुधार लाने में समर्थ बनाता है। कॉन्वेजीनियस ने अपने स्विफ्टचैट प्लेटफॉर्म को 2021 में पिछले क्लाउड प्रदाता से एडब्लूएस में माइग्रेट किया था, जिससे इसे अपने यूज़र्स की संख्या में 154 गुना वृद्धि के लिए तेजी से विस्तार करने में मदद मिली। कॉन्वेजीनियस ने अमेज़न इलास्टिक कंप्यूट क्लाउड (ईसी2) का उपयोग करके अपनी आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की लागत में 45% की कमी भी लायी, जिससे इसे किसी भी वर्कलोड के लिए सुरक्षित और स्केलेबल कंप्यूट क्षमता मिली। इस एडटेक ने लागत को और कम करने के लिए एडब्लूएस के साथ मिलकर काम किया, और एडब्लूएस ग्रेविटेशन2 प्रोसेसर का उपयोग किया, जिससे अमेजन ईसी2 पर क्लाउड वर्कलोड के लिए सर्वोत्तम मूल्य परफॉरमेंस मिली।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी जिमखाना क्लब बना सफेद हाथी

## पलवल के लोग दूसरे शहरों में जाने को मजबूर

**पदम सिंह घुघेरा।** पलवल



**लगभग** पांच करोड़ रुपये की लागत से बना पलवल सेक्टर-12 का जिमखाना क्लब लोगों के लिए सफेद हाथी साबित हुआ है। बनने के आठ साल बाद भी हुडा विभाग ने इसे लोगों के लिए नहीं खोला है। जिसकी वजह से आज भी शहर के लोग पार्टी, इंडोर गेम, शादी ब्याह आदि के कार्यक्रम के लिए दूसरे शहरों को जाने के लिए मजबूर हैं। जिससे शहर के लोगों में नाराजगी है। पलवल शहर के लोगों को जिमखाना क्लब की सुविधा देने के लिए आठ साल पहले पलवल के सेक्टर-12 में जिमखाना क्लब बनाया गया था। इस क्लब में लोगों को अच्छी सुविधा के लिए बड़े-बड़े हॉल बनाए गए थे। जहां पर लोग अपने परिवार के साथ पार्टी आदि कर सकें। इसके अलावा इस क्लब में लोगों के लिए इंडोर गेम जैसे टेबल टेनिस, बैडमिंटन, लांग टेनिस खेलने की सुविधा भी बनाई गई थी।

क्लब में लोगों की सुविधा के लिए बार भी बनाया गया था। जहां लोग अपने खाली समय में आनंद ले सकें। जिमखाना क्लब में क्लब मेंबर के लिए स्वीमिंग पूल भी बनाया जाना था। परंतु आज तक जिमखाना क्लब को शुरू ही नहीं किया गया है। जिसकी वजह से आज भी लोगों को अपनी पार्टी व दूसरे कार्यक्रम के लिए फरीदाबाद-गुरुग्राम आदि शहरों के जिमखाना क्लब में जाना पड़ता है। शहरवासियों का कहना है कि आठ साल पहले शहर के लोगों को जिमखाना क्लब की सुविधा देने के लिए क्लब का निर्माण कर दिया गया था, लेकिन आज तक क्लब को शुरू नहीं करना विभाग की नाकामयाबी का प्रतीक है। लोगों का कहना है कि क्लब बनाने के बाद इस क्लब में लाखों का फर्नीचर, एसी आदि सामान भी खरीदा गया। परंतु क्लब शुरू नहीं होने की वजह से ये भी खराब हो रहा है। लोगों का कहना है कि जिमखाना क्लब को तुरंत शुरू किया जाना चाहिए। जिससे शहरवासियों को हर प्रकार की सुविधा पलवल शहर में ही मिल सके।



**जिमखाना** क्लब शुरू नहीं होने से पलवल शहरवासियों को पार्टी व इंडोर गेम आदि खेलने के लिए फरीदाबाद-गुरुग्राम जाना पड़ता है। जिससे परेशानी होती है।
-खिताब सिंह



**जिमखाना** क्लब लोगों के लिए चालू नहीं करने इसके बनने पर ही प्रश्नचिन्ह लग गया है। इसको तुरंत शुरू किया जाना चाहिए।
-द्रोण सिंह

**सेक्टर**-12 के जिमखाना क्लब को जल्द ही लोगों के लिए चालू कर दिया जाएगा। जिससे पलवल शहर के लोग पार्टी व इंडोर गेम आदि का लुफ्त उठा सकें।
-मेहरचंद, कनिष्ठ अभियंता

# छात्रा से पांच साल तक सामूहिक दुष्कर्म, पांच बार गर्भपात

## प्रेक्टिकल में पास कराने को बुलाया घर, कोल्ड ड्रिंक में पिलाया नशा

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**छात्रा** को परीक्षा में पास कराने के नाम पर पांच साल तक सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वारदात को अंजाम दिया। इस बीच पीड़िता पांच बार गर्भवती भी हुई। जिसका आरोपियों ने बार-बार गर्भपात करा दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने वीडियो वायरल की धमकी देकर पीड़िता के खाते से 4.80 लाख रुपए भी निकाल लिए। पीड़िता की शिकायत पर कैंप थाना पुलिस ने संस्थान इंचार्ज, उसके तीन साथी व उनके माता-पिता के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, एक युवती ने दी शिकायत में कहा है कि वह एक संस्थान में पढ़ाई कर रही थी। नीरज नामक इंचार्ज की उस पर बुरी नजर थी। जिसके लिए उसने कई बार उससे छेड़छाड़ का प्रयास किया, लेकिन छात्रा उससे बचती रही। जिसके बाद आरोपी ने छात्रा को प्रेक्टिकल में फेल कर दिया और पास कराने के लिए अजय नामक युवक के घर पर बुलाया। पीड़िता वहां पहुंची तो नीरज व अजय मिले। जिन्होंने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दुष्कर्म करते हुए उसकी अश्लील वीडियो बना ली। पीड़िता को जब होश आया तो वह निर्वस्त्र थी। नीरज ने उसे धमकी दी कि यदि इस बारे में किसी को बताया तो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। बदनामी के डर से पीड़िता चुप रही।

उसे ब्लैकमेल कर खिवलेस के क्वार्टर में ले जाकर नीरज व खिवलेश ने उसके साथ दुष्कर्म व अप्राकृतिक संबंध बनाए। उसके बाद उसे सीकरी फॉर्म हाउस में ले जाकर नीरज व उसके साथी अजय ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई तो उसे दवाई खिलाकर गर्भ गिरवा दिया। पीड़िता ने जब अपनी अश्लील वीडियो डिलीट करने के लिए कहा तो आरोपी ने पैसों की मांग की। पीड़िता का एटीएम लेकर उससे करीब चार लाख 80 हजार रुपए हड़प लिए। आरोपी इस दौरान उसका पांच बार गर्भनिरोधक गोलियां खिलाकर गर्भपात करा चुका था। इसी दौरान पीड़िता फिर गर्भवती हो गई तो उसका अल्ट्रासाउंड कराया गया। जिसमें साढ़े तीन माह का बच्चा बताया। जिसके बाद आरोपी अपने माता-पिता व अन्य साथियों के सहयोग से उसे एक महिला व दो पुरुषों के पास एक दुकान में ले गया।

उसका गर्भपात कराने के बाद उसे पांच दिन तक ओयो होटल में रखा और उसके बाद घर भेज दिया। आरोपी से जब उसने अपनी अश्लील वीडियो को डिलीट करने के लिए कहा तो उसने उसे इस बारे में किसी को बताने व पुलिस में शिकायत करने पर अवैध हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी नीरज, अजय, मुरारीलाल, मायावती, अजय व खिवलेस के खिलाफ धारा 313, 328, 343, 354ए, 376डी, 377, 384, 120बी, 506 व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाइक की टक्कर से कार चालक की मौत, केस दर्ज



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**नेशनल** हाईवे-19 पर कार में खराबी आने पर चेक करते समय बाइक सवार ने कार चालक को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक को भी चोट आई है। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मुंडकटी थाना के जांच अधिकारी रवि कुमार के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के अमानुल्लापुर व हाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पलवल जितेंद्र गौतम ने दी शिकायत में कहा है कि वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। उसका भाई हरिओम वोडाफोन कंपनी में नौकरी करता था। दोनों भाई अपनी कार से पलवल से होडल जा रहे थे। रास्ते में कार से आवाज आने लगी। भाई हरिओम ने नेशनल हाईवे-19 पर बंचारी फ्लाईओवर के निकट कार को रोककर चेक करने के लिए खिड़की खोली, तभी अचानक पीछे से तेज गति से आ रहे एक बाइक सवार ने उसके भाई का टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसका भाई गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा तथा बाइक चालक भी वहीं गिर गया।

पीड़ित का कहना है कि जब तक वह अपने भाई को उठाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना में बाइक चालक जिला मथुरा यूपी के मीनानगर निवासी पवन को भी काफी चोट आई है। पुलिस ने जितेंद्र गौतम की शिकायत पर बाइक चालक पवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 30 सितंबर तक स्कूलों में लगेगा चिकित्सा शिविर : डीसी



**फरीदाबाद।** छठे राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयुष विभाग फरीदाबाद द्वारा 30 सितंबर तक प्रत्येक दिन जिला के विभिन्न स्कूलों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर व पोषण से संबंधित संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 सितंबर को एनआईटी-1 स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ विद्यालय में आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला वासियों से ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में इस शिविर में भाग लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की। इस संबंध में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजु कुमारी ने बताया कि इन शिविरों में बालक/बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच कर कुपोषण से पीड़ित बच्चों को आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा वरिष्ठ आयुष चिकित्सा अधिकारियों द्वारा कुपोषण संबंधित जानकारी व फलों एवं विभिन्न अनाज से होने वाले स्वास्थ्य लाभ बताए जाएंगे। इसके अतिरिक्त आयुष विभाग द्वारा 30 सितंबर तक प्रत्येक दिन जिले के विभिन्न स्कूल, स्वास्थ्य इकाइयों एवं गांवों में पोषण माह के तहत निःशुल्क आयुष कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिसमें फरीदाबाद, मोहना, मंझावली, तिलपत, अनंगपुर, मच्छगर, बल्लभगढ़ जैसे विभिन्न स्थान शामिल हैं।

# गोवंश संरक्षण एवं गो संवर्धन एक्ट का कड़ाई से किया जाए पालन : डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**उपायुक्त** नेहा सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में जिला स्तरीय विशेष गौरक्षा संरक्षण टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नगरायुक्त साहिल गुप्ता, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार, उप पुलिस अधीक्षक विजयपाल, उपनिदेशक-कम-मेंबर सेक्रेटरी डॉ. चंद्रभान सोनी तथा गौसेवा आयोग द्वारा नामित सदस्य भगत सिंह व सत्यवीर सिंह ने बैठक में भाग लिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने पुलिस विभाग को हिदायत दी कि गौकशी से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना कहीं से भी प्राप्त होने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। हरियाणा सरकार द्वारा पारित गौवंश संरक्षण एवं गौ संवर्धन एक्ट का कड़ाई से पालन किया जाए।

उन्होंने कहा कि अब तक जिले में कितने केस रजिस्टर किए गए, कितने गौवंश मुक्त करवाए गए तथा कितने वाहन जब्त किए गए, इसका पूर्ण विवरण सहित हर माह इसकी सूचना भेजी जाए। एक्ट के तहत गौवंश के मांस की बिक्री, व्यापार तथा स्टोर करके रखना भी पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

इसके अतिरिक्त बेसहारा गौवंश को आश्रय देने के लिए उपायुक्त ने सीईओ जिला परिषद व पंचायत विभाग को निर्देश दिए गए कि कुछ गांवों के कलस्टर बनाकर गांवों में गौशाला खोलने के लिए प्रेरित किया जाए। जिला नगरायुक्त को निर्देश दिए गए कि शहर के गौवंशों को आश्रय देने के बारे में भी कोई योजना बनाने पर विचार किया जाए, ताकि जिले को बेसहारा पशुओं से मुक्ति दिलाने की ओर कार्य किया जा सके।

# कोचिंग से लौट रही छात्रा को किडनैप करने का प्रयास

**पलवल।** कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर लौट रही छात्रा को गन पॉइंट पर अगवा करने का प्रयास किया गया। हालांकि भीड़ एकत्रित होने पर आरोपी भाग निकले। कैंप थाना पुलिस ने छात्रा के भाई की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, बहीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसकी बहन कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर के अपने घर जा रहे थे। उसी दौरान नेशनल हाईवे पर बस स्टैंड के निकट पहुंचे तो आरोपी प्रवीण, राहुल, भारत व हरिओम दो बाइकों पर पहले से खड़े हुए थे। उनके वहां पहुंचते ही चारों तरफ से घेर लिया।

# पीएफ कार्यालय में 46 लाख की लागत से लगाई जाएंगी आठ लिफ्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**फरीदाबाद** के पीएफ कार्यालय में आने वाले लोगों व पीएफ स्टाफ को बेहतर सुविधा देने के लिए जल्द ही लिफ्ट लगाई जाएगी। लिफ्ट लगाने के प्रपोजल को उच्च अधिककारियों की मंजूरी मिल चुकी है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा। लिफ्ट लगाने पर 46 लाख रुपये की लागत आएगी। लिफ्ट लगने के बाद पीएफ में आने वाले सैकड़ों लोगों को फायदा मिलेगा।

फरीदाबाद में लगभग 30 साल पहले पीएफ बहुमंजिल इमारत का निर्माण किया गया था। फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्र में हजारों औद्योगिक इकाइयों के मजदूरों का पैसा यहां पर जमा होता है। जिसको निकालने व इसकी जानकारी के लिए हर रोज सैकडों मजदूर पीएफ कार्यालय में आते हैं। बहुमंजिल इमारत में बने कार्यालय में अब तक लिफ्ट नहीं होने से मजदूर, उनके परिवार, पीएफ स्टाफ और अधिकारियों को सीढ़ी द्वारा बने कार्यालयों में आना-जाना पडता है। महिला, बुजुर्ग, मजीज, दिवयांग व बच्चों को ऊपरी मंजिलों में जाने में कई बार भारी दिक्कत आती है, उनकी सांस फूल जाती है। लोगों का आने-जाने में ही काफी समय बर्बाद हो जाता है। कार्यालयों में तीन मंजिला इमारतों के लिए लिफ्ट आवश्यक होती है। परंतु अब तक इस कार्यालय में इस स्कीम के होते हुए आज तक लिफ्ट नहीं लगाई गई। जिसका खामियाजा फरीदाबाद, पलवल क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ता था। अब नई पीएफ कमिश्नर आने के बाद उन्होंने इस योजना पर अमल लाने के लिए लिफ्ट लगाने के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद पीएफ कार्यालय में जल्द ही लिफ्ट लग जाएगी। जिसकी वजह से लोगों को कार्यालयों की ऊपरी मंजिलों में सीढ़ियों से चढ़ने से छुटकारा मिलेगी। लिफ्ट लगने के बाद बुजुर्ग, महिला, बच्चे व दिव्यांग भी आराम से कार्यालय की ऊपरी मंजिलों पर चढ़ सकेंगे।

"**जल्द** ही पीएफ कार्यालय में 46 लाख रुपये की लागत से आठ यात्री लिफ्ट लगाई जाएगी। जिससे यहां पर आने वाले लोगों को सुविधा रहें।
-कृष्ण कुमार, अतिरिक्त आयुक्त, पीएफ

# जिला योगासान प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिला** योगासन स्पोर्ट्स संगठन पलवल के तत्वावधान में जिला योगासन भारत चैंपियनशिप का आयोजन योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में मुस्कान गार्डन गांधी आश्रम पलवल प्रांगण में हुआ। डॉ. जयदीप आर्य हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष व मार्गदर्शन में वैदिक यज्ञ हवन के उपरांत मास्टर विजेंद्र आर्य के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष सतबीर पटेल ने शिरकत की तथा अध्यक्षता चौधरी रणबीर सिंह चौहान ने की।

विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह राणा, राजवीर सिंह जाखड़, जयदेव रावत, श्यामलाल शेरावत थे। निर्णायक की भूमिका कुमारी राजबाला योग कोच, नीरज कुमारी, ऊषा कुमारी, लक्ष्मण सिंह देशवाल, विकास पचेरी, लेखराम योगी, ग्यासी राम योगी, राजेंद्र सिंह योग कोच, ललित आर्य ने निभाई। प्रतियोगिता के दौरान सर्वश्रेष्ठ योगी का किताब भविष्य योगी को मिला तथा मनीष व मनोज उपविजेता रहे। इसी प्रकार लड़कियों के वर्ग में कुमारी कोमल विजेता तथा आरती, ज्योति उपविजेता रही। प्रतियोगिता के अंत में विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि सतबीर पटेल व अतिथियों ने मेडल पहनकर सम्मानित किया। लड़कों के नौ से 14 आयुवर्ग में मनीष कुमार, महेश, निशांत, 14 से 18 आयुवर्ग में मनोज कुमार, पवन कुमार, जयेंद्र, 18 से 28 आयुवर्ग में भविष्य योगी, हर्ष कुमार, वीरेंद्र सिंह, 28 से 35 आयुवर्ग सतीश, सोनू, 35 से 45 आयुवर्ग में राजेश कुमार विजेता रहे। इसी प्रकार लड़कियों में नौ से 14 आयुवर्ग में आरती, सृष्टि, पायल, 14 से 18 आयुवर्ग में कुमारी ज्योति, राधिका, अंजलि, 18 से 28 आयुवर्ग में कुमारी कोमल, चंपा, ऊषा, 28 से 35 आयुवर्ग में स्वाति शेरावत, 35 से 45 आयुवर्ग में वीणा विजेता रही।

कार्यक्रम में योग गुरु प्रताप सिंह डागर, चौधरी नारायण सिंह प्रिंसिपल, मास्टर बिजेंद्र आर्य, जगदीश रावत पतंजलि संगठन, तहसील प्रभारी सतबीर सिंह, श्री राम, रघुवीर सिंह, सुरेंद्र चौहान, युद्धवीर आर्य, मदन मोहन आर्य, नारायण सिंह आर्य, नरेंद्र आर्य, लीलाधर आर्य, महेंद्र सिंह शास्त्री, सरस्वती चौहान, डॉ. मनोज धामाका, महेश, करतार सिंह, नरेंद्र सरदार आदि उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों को सात अक्टूबर को हिसार में होने वाली हरियाणा राज्य योगासन प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्था ने हाईवे किनारे लगाए फलदार पौधे



**पलवल।** गणेश चतुर्थी तथा ऋषि पंचमी उपलक्ष्य में एनएच-19 के आसपास उचित स्थानों पर देव पौधे बरगद, पीपल तथा आम की त्रिवेणी स्थापित की गई। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय वट वृक्ष, राष्ट्रीय फल आम तथा राज्य बोद्धिवृक्ष आदि के पौधों की स्थापना करते हुए भगवान गणपति जी से सबके लिए सुख-शांति की प्रार्थना व प्रकृति वंदन किया गया। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि बरगद, पीपल, आम, नीम आदि के बड़े वृक्ष धरती पर प्राकृतिक धरोहर हैं। यह पक्षियों, स्तनधारियों, उभयचरों तथा मानव जाति के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सदियों तथा दशकों से इस प्रकार के बड़े और महान वृक्ष जलवायु परिवर्तन प्रभावों के लिए तैयार हैं। हमें अपने आस- पास लगे बड़े वृक्षों की रक्षा करनी चाहिए। विकास के लिए वृक्षों को बिना काटे अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर रोपित किया जाना चाहिए। वृक्ष ऑक्सीजन, जलस्तर बढ़ाने तथा पशु- पक्षियों के लिए भोजन व आवास उपलब्ध कराते हैं। जीवन में इनकी उपयोगिता को भुलाया नहीं जा सकता है। इस अवसर पर मास्टर मानिकचंद, मास्टर थानसिंह, ईश्वर नेहरा, रविंद्र कुमार, राहुल पांचाल, शिवम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### सेक्टर-21सी में श्री गणपति भगवान की पूजा की गई



**फरीदाबाद।** पंडित रामकेश शास्त्री ने सेक्टर-21सी निवासी सुनीता स्पॉल के निवास पर स्थापित किए गए श्री गणपति भगवान की अन्य भक्तों के साथ मिलकर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर सुनीता स्पॉल ने कहा कि सभी विघ्नों का नाश करने वाले श्रीगणेश हैं प्रथम पूज्य देव। उन्होंने कहा कि गणेश ज्ञान और बुद्धि के ऐसे देवता हैं, जिनकी उपासना जीवन को शुभ-लाभ की दिशा देती हैं। वे विघ्नविनाशक हैं, उनके स्मरण मात्र से भक्तों के कार्यों में आ रही विघ्न-बाधाएं सहजता से दूर हो जाती हैं। इस मौके पर जसविंदर सिंह, सुनीता, शरणदीप, अमन, आरती, ओमप्रकाश, बीना, कौशल व पंडित रामकेश शास्त्री मौजूद थे।

### सरस्वती महिला महाविद्यालय में हुई स्लोगन लेखन प्रतियोगिता




**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय में विज्ञान विभाग ने एक स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका विषय बायोलॉकिल साइंस एंड टेक्नोलॉजी रहा। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी, विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनिता शर्मा, प्रीति चौधरी, शिखा मौर्या, चंचल रावत, पिंकी सहरावत, सोनिया कौशिक, शिल्पी, मीनाक्षी, वर्षा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 20 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्राचार्या ने प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमन्ना बीएससी प्रथम वर्ष मेडिकल, द्वितीय स्थान लक्ष्मी बीएससी द्वितीय वर्ष मेडिकल तथा तृतीय स्थान निशा बीएससी प्रथम कंप्यूटर साइंस रहा। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्या ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान विभाग द्वारा किया गया।

### सही पोषण से सेहत में हो सकता है सुधार : डीसी



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सही पोषण से महिलाओं और बच्चों की सेहत में सुधार हो सकता है। डीसी के मार्गदर्शन में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पोषण माह-2023 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा न्यूट्रिशन पर सेमिनार किया गया। जहां ट्रेनिंग में विभाग के कर्मियों को न्यूट्रिशन के संदर्भ में समझाया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि ऐसा कोई ही व्यक्ति होगा, जिसका रोजाना का खान-पान बिल्कुल स्वस्थ तरीके से होता हो। अनेक लोग घर से बाहर ही भोजन करना पसंद करते हैं। अधिकांश लोग फास्ट फूड आदि का बहुत अधिक सेवन करते हैं। जब भी कोई रोगी किसी डॉक्टर से संपर्क करता है तो डॉक्टर मरीज को सबसे पहले अपना डाइट प्लान बदलने की सलाह देते हैं। इसलिए आप संतुलित आहार चार्ट या नॉर्मल डाइट प्लान प्रत्येक व्यक्ति की जरूरत बन गया है। सेमिनार में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योराण, गीतिका, जिला संयोजक पोषण अभियान एवं सभी सुपरवाइजर आदि मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि हेल्दी डाइट चार्ट न सिर्फ रोगी के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि सभी लोगों को इससे लाभ मिलता है, क्योंकि दैनिक आहार तालिका का पालन कर आप खुद के साथ अपने परिवार को भी स्वस्थ बना सकते हैं। ट्रेनिंग महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर द्वारा दी गई।

### फरीदाबाद पुलिस के 21 उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर बने इंस्पेक्टर



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस के 21 उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर इंस्पेक्टर बने हैं। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने अपने कार्यालय में पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को सितारा लगाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों में उपनिरीक्षक मैनपाल सिंह, ब्रह्म प्रकाश, राकेश कुमार, धन प्रकाश, वीरेंद्र, मुकेश गिरी, ईश्वर सिंह, करण सिंह, अमन कुमार, धर्मवीर, जमील अहमद, रणधीर सिंह, अशोक कुमार, रमेश कुमार, कुलदीप, मोहम्मद रफीक, अनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, दिलबाग सिंह, विष्णु मित्र तथा रविंद्र कुमार का नाम शामिल है। पुलिस आयुक्त ने सभी पुलिसकर्मियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कड़ी तपस्या और मेहनत की बदौलत उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों ने पुलिस विभाग के विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के साथ-साथ उनकी जिम्मेवारियां भी बढ़ी हैं। इसलिए अपने पद की गरिमा बनाए रखें तथा पुलिसकर्मी और ज्यादा मेहनत करते हुए इमानदारी और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

# भारत-कनाडा संबंध

## वर्तमान गतिरोध

**भारत और कनाडा** के बीच अच्छे संबंध रहे हैं, पर वर्तमान समय में उनमें गतिरोध आ गया है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में गलतियां, गलतफहमियां, दबंगई व विवाद सर्वाधिक सामान्य समस्यायें हैं। इसलिए विभिन्न तथ्यों व आरोपों पर पहुंचने के लिए संतुलित समझदारी व दृष्टिकोण आवश्यक है। 'खालिस्तान' समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच वर्तमान गतिरोध ने चिन्ता पैदा की है। जहां कनाडा ने घटना में भारत की कथित व अंतर्निहित भूमिका पर अपनी बात रखी है, वहीं भारत ने उसके आरोपों को खारिज कर दिया है। इसलिए किसी नतीजे तक पहुंचने से पहले स्थिति पर सभी दृष्टिकोण से नजर डालना जरूरी है। मुखर खालिस्तान-समर्थक हरदीप सिंह निज्जर को 18 जून को कनाडा में ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में एक सिख सांस्कृतिक केन्द्र के बाहर गोली मार दी गई थी। चूंकि वह वास्तव में भारत की 'मोस्ट वांटेड' सूची में था, इसलिए कनाडा ने आरोप लगाया है कि निज्जर पर भारतीय सुरक्षा बलों ने निशाना लगा कर उसका सफाया कर दिया। कनाडा ने भारत सरकार से इस पर स्पष्टीकरण मांगा और भारत ने आधिकारिक रूप से हत्या में किसी संलिप्तता से इनकार कर दिया। इतिहास पर नजर डालें तो भारत पिछले सालों में अनेक आतंकी हमलों का शिकार बना है, जिसके परिणामस्वरूप असंख्य लोगों की जान गई है। इस संदर्भ में भारत ने लगातार अपनी सीमा के भीतर और बाहर विधिक तरीकों से आतंकवाद से मुकाबले की प्रतिबद्धता प्रकट की है। इसके साथ ही भारत की नीति



कभी भी ऐसे राह से भटके व उसका विरोध करने वाले तत्वों के सफाये और उनके लिए हत्यारे भेजने की नहीं रही है। भारत ने पूरी दृढ़ता से खुलेआम वैध न्यायिक प्रक्रियाओं में विश्वास प्रकट किया है और अनेक मामलों में ऐसे तत्वों के प्रत्यर्पण की मांग की है। भारत ने लगातार वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए संयुक्त प्रयासों तथा अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी पहलों में महत्वपूर्ण योगदान किया है। निज्जर की कथित हत्या के मामले में भारत ने विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं के साझे के महत्व पर जोर दिया है।

किसी देश को कथित गलत काम हेतु दोषी ठहराने के लिए केवल आरोप लगाना काफी नहीं है। किसी विधिक या राजनयिक संदर्भ में हमेशा सबूत देने की जिम्मेदारी आरोप लगाने वाले पर होती है। इसलिए किसी प्रकार के दंडात्मक उपाय करने या उनकी मांग के पहले निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता पर कनाडा के आरोपों के समर्थन में स्पष्ट प्रमाण दिए जाने चाहिए। ऐसा न होने पर यह स्पष्टतः जल्दबाजी में नतीजों पर पहुंचना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत ने इस घटना की किसी जांच में पूरा सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की है। पारदर्शी व खुली प्रक्रिया में शामिल होने की भारत की इच्छा से इस मुद्दे के राजनयिक ढंग से निपटारे की भारत की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। भारत और कनाडा ने कनाडाई नागरिक की हत्या से पैदा चिन्ताओं को संबोधित करने के लिए राजनयिक संवाद पर जोर दिया है। दुर्भाग्य से कनाडा द्वारा एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक के निष्कासन की त्वरित प्रतिक्रिया में भारत को भी कार्रवाई करनी पड़ी है और उसने एक कनाडाई राजनयिक को पांच दिन में देश छोड़ने का आदेश दिया है। इससे दोनों देशों के बीच माहौल खराब हुआ है। राजनयिक प्रक्रिया शुरू होने के बाद आवश्यक है कि सभी पक्ष परस्पर संचार के रास्ते खुले रखें, अंतरराष्ट्रीय समझौतों व मानकों का पालन करें तथा आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष को प्राथमिकता दें।

# कौशल की कमी से बेरोजगारी

### कौशल की कमी दूर करने के लिए कृत्रिम बुद्धि-एआई व मशीन लर्निंग जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षण देना जरूरी हो गया है।

**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल प्रशिक्षण क्षेत्र से संबद्ध हैं)





दुनिया भर में रोजगारों की बदलती प्रकृति तथा कौशल आवश्यकताओं को देखते हुए कौशल के क्षेत्र में आई कमी के कारण रोजगार के अवसरों में बाधा आ रही है। बिजनेस नेताओं को तेजी से यह कमी पहचानने तथा कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। उनको कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देने चाहिए कि वे सफलता के लिए अपना कौशल विकास कैसे करें। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में लगभग 86 मिलियन कामगारों को 'अपस्किलिंग' या 'रिस्किलिंग' के माध्यम से उत्कृष्ट डिजिटल कौशल प्राप्त करना चाहिए ताकि वे तेजी से बदलती तकनीकों के अनुसार स्वयं को ढाल सकें। यूएनडीपी का मानव विकास सूचकांक भारत को 191 देशों में 132वें स्थान पर रखता है। यह स्थिति चिन्ताजनक है क्योंकि कंपनियों को कुशल कामगारों की कमी का सामना करना पड़ता है, जबकि करोड़ों शिक्षित लोग बेरोजगार बने रहते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए भारत ने पिछले दशक में कौशल-आधारित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में कदम उठाए हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा राष्ट्रीय कौशल विकास निगम की स्थापना कौशल विकास को प्राथमिकता देने के लिए की गई है। जुलाई, 2015 में शुरू 'स्किल इंडिया मिशन' का उद्देश्य भारत में कुशल कामगारों की कमी को संबोधित करना है। लेकिन प्रशिक्षित, पंजीकृत व अंततः नौकरी में लगे लोगों तथा मांग के बीच भारी अंतर है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का अनुमान है कि भारत में वर्ष 2030 तक लगभग 29 मिलियन कुशल कामगारों की कमी होगी। विभिन्न उद्योगों में कर्मचारियों पर अपस्किल व रिस्किल होने का दबाव है, लेकिन बहुत से लोगों को लंबे कार्यदिवस के कारण इसे प्राप्त करना चुनौती लगता है। कामगार की बेहतरी को प्राथमिकता देने वाली सहायक व्यवस्थाओं की कमी के कारण बहुत से कामगारों में अपस्किलिंग व रिस्किलिंग के प्रति प्रेरणा का अभाव है। ऐसे में संगठनों को कर्मचारियों द्वारा स्वतः नए कौशल सीखने को बढ़ावा देने के लिए नई वित्तीय पहलें करनी चाहिए।

उच्च वृद्धि के लिए कुशल कार्यबल बहुत जरूरी है, पर भारत में केवल 45 प्रतिशत प्रशिक्षित लोग ही रोजगार योग्य हैं और केवल 4.69 प्रतिशत कार्यबल को ही व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त है। इससे देश में कौशल की कमी का संकेत मिलता है जिसके पीछे प्रशिक्षण ढांचे का अभाव तथा निजी क्षेत्र की सीमित सहभागिता है। प्रशिक्षण संस्थानों पर नजर रखने के लिए एक निगरानी संस्था का अभाव भी इस स्थिति को पैदा करने में सहायक है। यदि युवा जनसंख्या को कुशल तरीके से अपस्किल, रिस्किल व स्किल नहीं किया जाता है तो भारत का 'जनसंख्या लाभांश' एक चुनौती बन सकता है। अनुमान है कि 2025 तक भारतीय जनसंख्या का लगभग 70 प्रतिशत काम करने योग्य होगा। ऐसे में समुचित रोजगार अवसरों के अभाव में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बन जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में स्कूल स्तर पर कौशल विकास के गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए। एक गंभीर राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण व्यवस्था बनाने की जरूरत है जो 10 साल की स्कूली शिक्षा के बाद लागू हो सकती हो। अधिकांश विकसित देशों में व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था है जो युवाओं को रोजगार हेतु तैयार करती है तथा उनको स्व-रोजगार उद्यमिता के लिए बढ़ावा देती है। कौशल की कमी का सीधा संबंध शिक्षा के प्रकार से है जो स्कूल स्तर पर दी जाती है।


इसके साथ ही हमें ऐसा इकोसिस्टम बनाना चाहिए जो प्रत्येक रोजगार-इच्छुक व्यक्ति को बाजार-संचालित कौशल प्रदान कर सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई कारपेंटर, प्लंबर या एलेक्ट्रीशियन बनना चाहता है तो उसे कम से एक वैश्विम स्तर का कोर्स उपलब्ध होना चाहिए। इसके लिए हर हाईस्कूल में एक कौशल प्रशिक्षण केन्द्र होना चाहिए जहां रोजगार के इच्छुक छात्रों को स्कूली पढ़ाई के अतिरिक्त समय में अपनी पसंद के क्षेत्र में कौशल प्राप्त करने का अवसर मिले। इसी प्रकार शिक्षा प्रदाताओं को ऐसे छात्रों की ज्ञान व कौशल से सहायता करनी चाहिए जो काम करने वाली दुनिया के लिए प्रासांगिक हों ताकि वे उत्पादक व रोजगार प्राप्त करने योग्य बन सकें। स्कूल स्तर पर सभी पाठ्यक्रमों में संगति बनाई जानी चाहिए तथा कौशल प्रदाताओं व उद्योगों के बीच व्यापक समन्वय स्थापित किया जाना चाहिए। यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। आज शिक्षा इस बात तक सीमित नहीं है कि स्कूलों व कालेजों में क्या पढ़ाया जाता है, बल्कि सीखने का दायरा बहुत व्यापक है जिसका कारण विकसित होते बाजार तथा तकनीकी प्रगति है। प्रतियोगी व विकसित होते रोजगार बाजार में कॅरियर सुनिश्चित करने के लिए अपस्किलिंग तथा उद्योग-प्रासांगिक बने रहने की जरूरत युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। बाजार-संचालित कौशल प्राप्त करने से रोजगार के अवसर बहुत बढ़ते हैं तथा नौजवानों को लाभदायक कॅरियर बनाने में सहायता मिलती है। भारत में वर्तमान समय में प्रभावी व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण व्यवस्था की कमी है जो प्रेरणादायक तथा सभी युवाओं की पहुंच में हो। इस मुद्दे को संबोधित करने तथा भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय को एक राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय-एनएसयू स्थापित करने की आवश्यकता है जिसका प्रस्ताव राष्ट्रीय कौशल विश्वविद्यालय विधेयक, 2015 में किया गया है। यह विश्वविद्यालय कौशल-प्रासांगिक पाठ्यक्रम तैयार कर कौशल-आधारित प्रमाणपत्र और डिग्री देने की व्यवस्था कर सकता है। इससे नौजवानों की रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ेगी। एनएसयू के साथ ही राज्य सरकारें सार्वजनिक निजी साझेदारी-पीपीपी माध्यम से बहुकौशल विकास केन्द्रों-एमएसडीसी की स्थापना कर सकती हैं। ये केन्द्र प्रमुख औद्योगिक क्लस्टरों में क्लस्टर-विशेष कौशलों की कमी की पहचान कर कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना कर सकते हैं जो वर्तमान कामगारों के कौशल उच्चीकरण की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं। उत्कृष्ट कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना से उद्योगों में उच्चस्तरीय कौशल की कमी पूरी करने के लिए नवीनतम जानकारियों व पाठ्यक्रमों का समावेश किया जा सकता है। विश्व बैंक ने 3-12 महीनों में अल्पकालीन कौशल विकास पाठ्यक्रमों की बाजार क्षमता बढ़ाने के लिए 250 मिलियन डालर के स्किल इंडिया मिशन आपरेशन-सीमो को अनुमति दी है।

तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य से तालमेल बिठाने के लिए वैश्विक स्किल गैप मैंपिंग करानी जरूरी है ताकि भर्तियों को 'डिग्री-आधारित' के बजाय 'कौशल-आधारित' बनाया जा सके। वर्ड इकोनोमिक फोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में अगले पांच साल में 150 मिलियन नए तकनीकी रोजगार सृजित होंगे जिसमें 2030 तक 77 प्रतिशत रोजगारों में डिजिटल कौशल की जरूरत होगी। इस तथ्य को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि वर्तमान समय में दुनिया भर में केवल 33 प्रतिशत तकनीकी रोजगारों में कुशल कामगार काम कर रहे हैं। इस स्थिति के कारण वैश्विक पैमाने पर तकनीकी प्रगति में बाधा आ सकती है। इसलिए उभरती तकनीकों में कौशल की कमी को संबोधित करना बहुत जरूरी है। इनमें कृत्रिम बुद्धि-एआई, मशीन लर्निंग-एमएल, ब्लाकचेन, रोबोटिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन व डेटा एनालिटिक्स शामिल हैं।

वर्तमान समय में एक कुशल कार्यबल की आवश्यकता है जो इन तकनीकों को समझ कर उनका क्रियान्वयन कर सके तथा उनके आधार पर भावी खोज कर सके। इससे इन तकनीकों तथा उद्योगों की प्रगति में सकारात्मक योगदान मिलेगा। व्यावसायिक शिक्षा तथा नवीनतम कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर भारत अपने कार्यबल को भावी मांगें पूरी करने के लिए तैयार कर सकता है।

# शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य की चुनौतियां

**ईशू रतन श्रीवास्तव**
(लेखक, रेलवे विभाग में मैकेनिकल इंजीनियर हैं)



ग्लोबल वार्मिंग का युग समाप्त हो गया है, वैश्विक उबाल का युग आ गया है, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने हाल ही में टिप्पणी की। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला है कि बताई गई नीति प्रतिबद्धताओं पर आधारित अनुमान ग्लोबल वार्मिंग के स्तर को 1.5 डिग्री सेल्सियस या यहां तक कि 2 डिग्री सेल्सियस पर नियंत्रित करने में विफल रहते हैं। इसलिए, जब उत्सर्जन शमन वांछित गति से नहीं हो रहा है और चरम जलवायु घटनाएं उम्मीद से पहले टिपिंग बिंदु का संकेत देती हैं, तो कार्बन कैप्चर समाधान के लिए एक मार्ग प्रदान कर सकता है।

समानता और न्याय की मांग करने वाली विकास संबंधी अनिवार्यताएं, उप-इष्टतम प्रौद्योगिकी तत्परता स्तर और जीवनशैली अनुकूलन से संबंधित चुनौतियां नेट जीरो रोड को एक कठिन क्षेत्र बनाती हैं। भोजन, ऊर्जा, परिवहन और सीमेंट और स्टील जैसी सामग्रियां उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं, लेकिन ये ऐसी मूलभूत आवश्यकताएं हैं कि इन्हें हमारे जीवन से रातोंरात दूर नहीं किया जा सकता है। भोजन का ही मामला लें, 19वीं सदी की शुरुआत से वैश्विक जनसंख्या लगभग आठ गुना बढ़ गई है। बिल्कुल स्पष्ट रूप से, यह उर्वरक-सघन खेती है जिसके बिना यह अनुमान लगाया जाता है कि दुनिया की आधी आबादी का भरण-पोषण नहीं किया जा सकता है। इन उर्वरकों को जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके संश्लेषित किया जाता है जो उत्सर्जन में योगदान करते हैं।

बिजली के संबंध में, नवीकरणीय स्रोत आंतरिक अनिश्चितताओं के साथ आते हैं और केवल विश्वसनीय भंडारण समाधान ही जीवाश्म ईंधन को पूरी तरह से बदल सकते हैं। इससे बड़ी मात्रा में लिथियम के खनन की आवश्यकता होती है, जिसका व्यावसायिक खनन मुख्य रूप से दक्षिण अमेरिकी लिथियम त्रिकोण में केंद्रित है और विशेष रूप से इसमें उच्च जल पदचिह्न है। इसके अतिरिक्त, ली-आयन बैटरियों में एक




प्रमुख तत्व, कोबाल्ट का खनन, बाल श्रम से संबंधित नैतिक मुद्दों से जुड़ा है। पंप्ड हाइड्रो, बैटरी भंडारण का एक विकल्प, पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी रखता है। कार्बन डाइऑक्साइड हटाने में कार्बन डाइऑक्साइड को उत्पादन के विभिन्न स्रोतों पर या सीधे वायुमंडल से कैप्चर करना और पलायन को रोकने के लिए इसे सुरक्षित रूप से संग्रहीत करना शामिल है। जंगल, चट्टानें और महासागर जैसी प्राकृतिक प्रणालियां कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती हैं, कार्बन को अवशोषित और अलग करती हैं। हालाँकि, गर्म जलवायु इन प्रणालियों की कार्बेंडाइऑक्साइड को अवशोषित करने की क्षमता को कम कर देती है। इन प्राकृतिक प्रणालियों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, बेहतर अवशोषण के लिए संरक्षण प्रयास और इंजीनियर तकनीक आवश्यक हैं।

इनमें वनरोपण, बढ़ी हुई चट्टानों का अपक्षय शामिल है जो चट्टानों को अधिक कार्बेंडाईऑक्साइड को अवशोषित करने में सक्षम बनाता है, और उन्नत समुद्री निषेचन जो एक जियोइंजीनियरिंग तकनीक है जिसके परिणामस्वरूप समुद्री प्रणालियों में उच्च जैविक विकास हो सकता है, इस प्रकार कार्बन कैप्चर और भंडारण (बीईसीसी) के साथ उच्च कार्बन अवशोषण और बायोएनर्जी का अर्थ होता है। जो उत्सर्जन बैलेंस शीट में गोलाकारता का परिचय देता है। प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों में उत्पादन प्रक्रियाओं या जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके बिजली उत्पादन के दौरान कार्बेंडाइऑक्साइड उत्सर्जन को कैप्चर करना शामिल है, जिसमें मुख्य रूप से एमाइन नामक रसायनों का उपयोग किया जाता है जो तापमान विनियमन पर कार्बेंडाइऑक्साइड को अवशोषित और जारी कर सकते हैं। कैप्चर किए गए कार्बेंडाइऑक्साइड को गहरी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में संग्रहीत किया जाता है, जिससे इसकी रिहाई को रोका जा सकता है। बेहतर तेल पुनर्प्राप्ति के लिए तेल भंडारों में कार्बेंडाइऑक्साइड की पंपिंग तेल और गैस उद्योग में एक स्थापित प्रथा है। एक अन्य तकनीक अर्थात् डायरेक्ट एयर कैप्चर, जिसमें एक संकेंद्रित बिंदु स्रोत के बजाय हमारे आस-पास की हवा से कार्बेंडाइऑक्साइड कैप्चर शामिल है, भी लोकप्रियता हासिल कर रही है, हालांकि इसमें लागत संबंधी चिंताएं हैं।

तथ्य यह है कि कुछ तकनीकें उद्योग में पहले से ही प्रचलित हैं, प्रस्ताव की व्यवहार्यता के प्रति एक निश्चित मात्रा में विश्वास पैदा करती हैं। हालांकि, इसके बड़े पैमाने पर अपनाने पर संदेह है, खासकर महासागरों और अन्य प्राकृतिक प्रणालियों में संभावित हस्तक्षेप के संदर्भ में। इसके अतिरिक्त, बढ़ते वनीकरण और बीसीसी को अपनाने से हमारी खाद्य आपूर्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भूवैज्ञानिक संरचनाओं से कार्बनडाइऑक्साइड रिसाव की संभावनाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, यह तर्क दिया जाता है कि कार्बन हटाने के मार्गों पर अत्यधिक निर्भरता से उत्सर्जन शमन और अनुकूलन प्रयासों में शिथिलता आ सकती है।

दुनिया को जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया पर तेजी से कार्रवाई करने की जरूरत है और निस्संदेह, एक बहुआयामी शमन रणनीति आवश्यक है। हालांकि, कार्बन हटाने से जुड़ी अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए, इसकी तैनाती को सावधानी के साथ किया जाना चाहिए और धीरे-धीरे बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि हम इसके बारे में अधिक सीखते हैं।

## आप की बात

### भारत-विरोधी शक्तियां

**कनाडा** भी आजकल भारत का विरोध करने में पाकिस्तान, चीन व तुर्की की राह पर चलने लगा है। आजकल कनाडा में भारत-विरोधी शक्तियों का जमावड़ा हो रहा है। खालिस्तान के समर्थक भारत में बहुत कम हैं लेकिन कनाडा उनको पनाह दे रहा है, उन्हें पाल रहा है व उन्हें अपनी नागरिकता भी दे रहा है हमने अक्सर कनाडा को अपने सहयोगी देश के रूप में ही देखा था, परंतु अब उसके प्रति भारतीय जनता का दृष्टिकोण बदल रहा है। कनाडा ने भारत पर एक बेतुका आरोप लगाया है कि कनाडा के नागरिक एक खालिस्तानी समर्थक की हत्या करवाने में भारत सरकार ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसी आरोप के चलते कनाडा ने हमारे राजनयिक को अपने देश से निकाल दिया है। भारत सरकार का यही कहना है कि इस अलगाववादी की मौत में भारत सरकार का कोई हाथ नहीं है। भारत ने भी कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर अपना विरोध दर्ज कराया तथा कनाडा के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया है। खुशी की बात है कि वर्तमान मोदी सरकार भारत-विरोधी शक्तियों से कठोरता से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, फिर चाहे वे देश के भीतर हों या दुनिया के किसी भी देश में छिपी हों। भारतीय जनता इससे खुश है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### दुनिया में तनाव

**रूस-यूक्रेन युद्ध** और चीन की कुटिल नीतियों के चलते विश्व में वैसे ही भारी तनाव व्याप्त है, आर्थिक मंदी की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी है तथा खाद्यान्न की कमी होने लगी है। ऐसे में कनाडा की त्रूदो सरकार ने भारत सरकार पर अनर्गल आरोप लगाकर नए तनाव को जन्म दिया है। खालिस्तानी गतिविधियों का केंद्र रहा कनाडा राजनीतिक लाभ उठाने के लिए खालिस्तानी संगठनों को अपने यहां न सिर्फ बढ़ावा दे रहा है बल्कि उनके कुकृत्यों को अभिव्यक्ति की आजादी का नाम दे रहा है। ऐसी स्थिति में भारत को भी कनाडा से राजनीतिक, सामरिक व व्यावसायिक संबंधों पर पुनर्विचार करना होगा। 2 माह पहले कनाडा में इंदिरा जी की हत्या की झांकी निकालकर खालिस्तानियों ने अपने निरंकुश होने का संकेत दे दिया था। भारत को देश के भीतर विशेष तौर से पंजाब में खालिस्तान-समर्थक तत्वों की गतिविधियों और कनाडा से उनके संबंधों पर नजर रखनी होगी। पंजाब व हरियाणा के तथाकथित किसान आंदोलनों में भी खालिस्तान-समर्थक तत्वों पर नजर रखनी होगी। भारत को दुनिया में तनाव के कारणों को दूर करने के प्रयास वैश्विक स्तर पर करने होंगे।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला सशक्तीकरण

**महिलाओं** को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में पारित करवा कर मोदी सरकार ने अभूतपूर्व कदम उठाया है। कांग्रेस शासन में भी उक्त बिल पारित करवाने का प्रयास किया गया था पर बात आगे नहीं बढ़ सकी थी। सबसे अच्छी बात यह रही कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी पार्टियों का भी इस विधेयक को समर्थन मिला है। इस विधेयक के समर्थन में 454 और विरोध में सिर्फ दो वोट पड़े। अभी तक किसी भी पार्टी ने सत्ता और संगठन में महिलाओं को उनकी आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं दिया है। यह विधेयक न्याय के सिद्धांत को बल प्रदान करता है। यह विधेयक पारित करवा कर सरकार ने अपना सामाजिक सरोकार भी पूर्ण किया है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष बाद देश की आधी आबादी को संसद व विधानसभाओं में समुचित प्रतिनिधित्व का मार्ग प्रशस्त हुआ है। जनगणना एवं परिसीमन का कार्य शेष होने के कारण तत्काल महिला आरक्षण को लागू नहीं किया जा रहा है, पर भविष्य में इसका लाभ निश्चित ही महिलाओं के साथ पूरे देश को प्राप्त होगा। यह महिला सशक्तीकरण और तेज होगा।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

### पक्षियों पर संकट

**बर्ड्स ऑफ इंडिया** की एक स्टडी के अनुसार देश में पक्षियों की कई प्रजातियों की संख्या में साल दर साल कमियां नजर आ रही है। इनमें से कुछ तो लुप्त भी हो चुकी है और कुछ लुप्त होने की कगार तक पहुंच गई है। हरियाली, झीलें, झरने, पक्षियों की चहचहाट, रंग-बिरंगे पक्षी धरती को सर्वाधिक सुंदर बनाते हैं। मगर इंसानों की निरंतर बढ़ती हुई आबादी और भौतिक प्रगति के चलते बड़ी संख्या में पेड़ पौधे नष्ट हो गए हैं। दुनिया का तापमान बढ़ रहा है। वातावरण असंतुलित हो रहा है तथा कई लोग पक्षियों को अपना भोजन बना लेते हैं। ऐसी स्थिति में विश्व भर में पक्षियों की प्रजातियां धीरे.धीरे लुप्त हो रही है। इसे रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के साथ-साथ राष्ट्रीय और सामाजिक प्रयास भी जरूरी है। कोरोना काल में लॉकडाउन के समय कई तरह के नए पक्षी देखने में आए। पक्षियों के लिए उचित वातावरण बनाए रखना उनके अस्तित्व के लिए जरूरी है। पिंजरे में पक्षियों को पालना पक्षी-प्रेम नहीं बल्कि उसकी आजादी नष्ट करना है। पक्षियों का खुले आकाश में उड़ना ही उनकी स्वतंत्रता है।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध करायें आय जाति, निवास व हैसियत प्रमाणपत्र

## ● सीएम ने ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा को एक हफ्ते करने का दिया निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं को तय समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सेवाओं के लिए निर्धारित तय समय सीमा को कम करने की बात कही। ऐसे में जल्द ही निर्धारित तय समय सीमा को कम करने का आदेश जारी किया जा सकता है। वहीं तय समय सीमा के बाद लंबित मामलों को लेकर जिलाधिकारियों को जवाबदेही तय करने को कहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण में हीलाहवाली और लेटलतीफी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। ऐसे में अब प्रदेशवासियों को जाति, निवास, आय और हैसियत प्रमाण पत्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं का खाका प्रस्तुत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ई डिस्ट्रिक्ट के तहत प्रदेश में जनवरी से अब तक 6132976 जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 5913420 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 212227 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7329 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इसी तरह जनवरी से अब तक 7645970 निवास प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें उपजिलाधिकारी द्वारा 20 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 7370019 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 261119 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7832 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। वहीं जनवरी से अब तक 7762086 आय प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हें तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 7431669 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 95 प्रतिशत है। वहीं 275433 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 54984 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। हैसियत प्रमाण पत्र के जनवरी से अब तक 31853 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा 45 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 18667 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 58 प्रतिशत है। वहीं 3421 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 9765 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं।

# वाराणसी में कल खेल प्रेमियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देंगे पीएम मोदी

## ● स्टेडियम के शिलान्यास समारोह में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर व सुनील गावस्कर के आने की भी संभावना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ वाराणसी

**पूर्वांचल** के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितम्बर को काशी आ रहे हैं। पूर्वांचल के क्रिकेट प्रेमियों को अब इंटरनेशनल क्रिकेट मैच देखने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेटर का आधारभूत इंफ्रा स्ट्रक्चर भी तैयार होगा। स्टेडियम के शिलान्यास में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर व सुनील गावस्कर के आने की संभावना है। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जबकि बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास यह स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि काशी के कायाकल्प में डबल इंजन की सरकार लगातार सकारात्मक भूमिका निभा रही है। पीएम की योजनाओं को काशी में धरातल पर उतारने के साथ ही समय-समय पर खुद सीएम योगी निरीक्षण करके यह सुनिश्चित करते रहे हैं कि सभी कार्य सही तरीके से हों। इसी क्रम में इंटरनेशनल स्टेडियम बनाने के लिए भी सीएम योगी की मंशा के अनुरूप 121 करोड़ कीमत की 30.86 एकड़ ज़मीन इस स्टेडियम के निर्माण के लिए यूपीसीए को पट्टे पर दे दिया गया है।

प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी की तस्वीर बदलने के लिए विकास के नए-नए आयाम गढ़ रहे हैं। विकास और रोजगार संबंधी परियोजनाओं को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी में मूर्त रूप दे रहे है। काशी के लोग कभी सोचे नहीं थे की उनके सांसद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के रूप में पूर्वांचल को इतनी बड़ी सौगात देंगे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने यह ज़मीन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन को लम्बे समय के लिए, पट्टे पर दी है। इस पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड 330 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाएगी। 30 हज़ार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में 7 पिच (प्रैक्टिस व मेन विकेट) तथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के नियमनुसार अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है।

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब अंतराष्ट्रीय मैच होंगे तब टीवी पर सजीव प्रसारण के माध्यम से काशी में बने आध्यात्मिकता और धार्मिक वास्तुशिल्प पर आधारित स्टेडियम की छटा पूरी दुनिया में दिखाई देगी। स्टेडियम का आकार अर्ध चंद्राकार होगा, जिसमे लगी फ्लड लाइट्स त्रिशूल के आकार की होंगी। बिल्डिंग में बेलपत्र की डिजाइन देखेगी, वहीं डिजाइन में डमरू का आकर भी दिखाई देगा। गंगा घाट की सीढ़ियों जैसी दर्शक दीर्घा होगी। इसके पहले काशी में बना रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर का शिवलिंग के अकार का निर्माण हुआ था एजिसमे 108 रुद्राक्ष के दाने लगे हैं।

# यूपी में 65 प्रतिशत तक घटीं पराली जलाने की घटनाएं

## ● 2017 में 8784 घटनाओं की तुलना में 2022 में सिर्फ 3017 घटनाएं आईं सामने

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश सरकार** की मॉनीटरिंग और अनुशासन के चलते 2017 की तुलना में 2022 में पराली जलाने की घटनाओं में 65.65 प्रतिशत तक की कमी आई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष हुए प्रस्तुतिकरण में इसकी जानकारी दी गई है। इसमें प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्यूज (सीआरएम) योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022 में फसल अवशेष जलाए जाने की घटनाओं का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके अनुसार गत वर्ष (2022) में फसल अवशेष जलने की कुल 3017 घटनाएं हुईं, जो 2017 के 8784 की तुलना में 65 प्रतिशत रही।

पराली जलाए जाने से रोकने के लिए मुख्य सचिव ने निर्देशित किया है। कृषि विभाग को निर्देश दिया है की आईईसी कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। जनपद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, राज्य स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, न्याय पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का संचालन हो। ग्राम स्तरीय किसान पाठशालाओं के माध्यम से पराली प्रबंधन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हो। रेडियो पर जिंगल्स, टीवी पर ऑडियो-विजुअल क्लिप, टीवी पर स्क्रॉल संदेश का प्रसारण किया जाए। इसके अलावा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम पम्पलेट का वितरण एवं कृषि यन्त्रों का प्रदर्शन किया जाए। वाहन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में वाल राइटिंग और वाल पेन्टिंग के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जाए। फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यन्त्र एवं फार्म मशीनरी बैंक के अन्तर्गत फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यन्त्रों का वितरण किया जाए।

ग्राम, न्याय पंचायत, विकास खण्ड, तहसील, जनपद स्तरीय टीम का गठन किया जाए। ग्राम पंचायत जागरूकता बैठक आयोजित हो। ग्राम पंचायतों में प्रभात फेरी, ग्राम प्रधान सम्मेलन हों। विकासखंड स्तर पर प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूल, इन्टर एवं डिग्री कालेज में छात्र सभाएं आयोजित की जाएं। साथ ही निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिताओं का संचालन हो। जनपद स्तर पर गन्ना, बेसिक शिक्षा, राजस्व ग्राम्य विकास, पंचायती राज, स्थानीय निकाय, पुलिस एवं परिवहन, कृषि इत्यादि विभाग के अधिकारियों में समन्वय कर के प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

# गलत रिपोर्ट लगाकर विद्युत लोड बढ़ाने से मना करने वाले अधिशासी अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** निवेश मित्र पोर्टल पर विद्युत भार बढ़ाने के लिए किए गए आवेदन पर गलत सूचना देकर लोड बढ़ाने से मना करने पर उप्र पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड गाजियाबाद के विद्युत पारेषण खण्ड द्वितीय के अधिशासी अभियन्ता विपिन कुमार को निलम्बित कर दिया गया है। यह मामला उस समय प्रकाश में आया जब आज सुबह 10 बजे प्रकरण की शिकायत इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल से की। तत्काल पश्चिमांचल डिस्काम से जांच कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। सायं 5 बजे तक रिपोर्ट आ गयी। जांच में पाया गया कि विपिन कुमार द्वारा गलत सूचना देकर उपभोक्ता के भार बढ़ाने के मामले को लटकाया और मना किया गया। जिस पर तत्काल निलम्बन का आदेश निर्गत हो गया।

ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने निदेशित किया है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण होना चाहिए। नए कनेक्शन तथा विद्युत भार की वृद्धि आदि के मामलों में लापरवाही या जान बूझकर विलम्ब पाए जाने पर दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मेसर्स केप्ल स्टील प्रा. लि., बुलन्दशहर रोड, गाजियाबाद द्वारा 2.4 एमवीए के भार वृद्धि के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर आवेदन किया गया था। जिसकी स्वीकृत के लिए अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड नवम, गाजियाबाद के द्वारा विपिन कुमार, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय गाजियाबाद से अनुरोध किया गया। उक्त के सन्दर्भ में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय ने अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड-नवम, को अवगत कराया कि 132 केवी उपकेन्द्र लाल कुआं उपकेन्द्र अतिभारित है। अतः भार स्वीकृत नहीं किया जा सकता।

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को लिखा पत्र

# फिरोजाबाद में ग्लास म्यूजियम की स्थापना के लिए केंद्र से एनओसी दिलाने में करें सहयोग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सुहागनगरी फिरोजाबाद में कॉच उद्योग विकास केन्द्र परिसर में ग्लास म्यूजियम एवं टूरिज्म क्राफ्ट सेंटर की स्थापना के लिए भूमि एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र अपर सचिव एवं विकास आयुक्त एमएसएमई उद्यम मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से दिलाने के लिए मुख्य सचिव से पहल करने का आग्रह किया है।

मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र को लिखे गए पत्र में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि ग्लास म्यूजियम तथा टूरिज्म क्राफ्ट सेंटर की स्थापना के लिए फिरोजाबाद के तत्कालीन जिलाधिकारी रविरंजन तथा मौजूदा जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार ने फिरोजाबाद में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार एवं परम्परागत कॉच उद्योग शिल्प को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया था। किन्तु अभी तक एनओसी एवं सहमति प्राप्त नहीं हुई है।

जयवीर सिंह ने यह भी अवगत कराया है कि सुहागनगरी फिरोजाबाद की शीशे के सामान निर्माण तथा परम्परागत कॉच उद्योग के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है। इस जनपद से कॉच से निर्मित विभिन्न उत्पाद विश्व के अनेक देशों में निर्यात किए जाते हैं। कॉच शिल्पियों की शिल्प कला का प्रदर्शन तथा उत्पादों का सजीव निर्माण पर्यटकों को आकर्षित करता है। इसलिए इन उत्पादों की बिक्री, ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग के लिए प्रस्तावित केन्द्र का निर्माण कराने के लिए पर्यटन विभाग की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसके लिए जिला उद्योग केन्द्र की खाली पड़ी भूमि चिन्हित की गयी है।

पर्यटन मंत्री ने मुख्य सचिव को फिरोजाबाद के जिलाधिकारियों द्वारा इस संबंध में लिखे गए अनुरोध पत्र का हवाला देते हुए कहा है कि इस भूमि पर निर्माण के लिए सहमति के लिए जिलाधिकारी फिरोजाबाद द्वारा दो पत्र प्रेषित किये गये हैं लेकिन अभी तक सहमति न मिलने कार्ययोजना स्वीकृति के लगभग छह माह व्यतीत हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर कार्ययोजना की अवधि स्वतः समाप्त होने पर धनराशि समर्पित हो जाएगी। उन्होंने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी सेंटर के निर्माण की योजना को धरातल पर उतारने के लिए अपने स्तर से व्यक्तिगत रूचि लेकर सकारात्मक कार्रवाई कराए जाने का कष्ट करें।

# अश्लील वीडियो प्रकरण में रूपईडिहा डिपो में कार्यरत तीन परिवहन कर्मी निलंबित

**लखनऊ।** रूपईडिहा डिपो देवीपाटन में कार्यरत सीनियर फोरमैन देवेन्द्र कुमार तिवारी, जूनियर फोरमैन सरोज कुमार व मारकण्डे राम को प्रधान प्रबन्धक (प्रावि.स्था.) एसएल शर्मा ने आपत्तिजनक अश्लील वीडियो वायरल प्रकरण में तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। उक्त कर्मियों पर 17 सितम्बर को विश्वकर्मा पूजा में आयोजित कार्यक्रम में रूपईडिहा डिपो कार्यशाला प्रांगण में रंगारंग संगीतमय नर्तकियों के साथ आपत्तिजनक अश्लील नृत्य करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि उक्त कर्मियों के इस आचरण से जनमानस के समक्ष निगम की छवि धूमिल हुई है साथ ही इन्होंने अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया है। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री के निर्देश हैं कि किसी भी कर्मी को निगम की छवि धूमिल करने की छूट नहीं है। ऐसे लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# कन्नौज के कई सामाजिक कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं विचारधार में आस्था जताते हुए कन्नौज से सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कुमार, बंटू शुक्ला, बृजेश सिंह, संदीप कुमार ने प्रदेश कांग्रेस महासचिव, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिनेश सिंह ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले नये लोगों का स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर एवं सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' से प्रभावित होकर जिस प्रकार से देश की जनता का रूझान कांग्रेस की ओर दिखाई दे रहा है आने वाले समय निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी इस देश की सत्ता पर काबिज होगी।

# कांग्रेस संक्रामक रोगों से पीड़ित लोगों की मदद करने के साथ ही खोलेगी भाजपा सरकार की पोल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में वायरल संक्रमण के बढ़ने और भाजपा सरकार की संक्रमण को रोकने की उदासीनता पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं और पूरे प्रदेश में पैर फैलाती डेंगू, चिकनगुनिया मलेरिया और वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों की जमीनी स्थिति जानने एवं पीड़ित बीमार व्यक्ति की मदद करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं-नेताओं को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा सरकार की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार के चलते संक्रमण के प्रति घोर लापरवाही की पोल खोलने का काम भी पार्टी कार्यकर्ता व नेता करेंगे।

पार्टी के प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने भाजपा सरकार की तैयारियों पर सवाल करते हुए कहा है कि प्रतिवर्ष इस तरह के वायरल संक्रमण का खतरा रहता है लेकिन सरकार इससे निपटने की तैयारियों के प्रति गंभीर नहीं है। परिणाम स्वरूप लाखों लोग रहस्यमयी बुखार से असमय अपनी जान गवां बैठे हैं, सरकार आंकड़ों की बाजीगरी और पर्दा डालकर और अपनी नाकामी छिपा अवस्थी ने आरोप लगाया कि बरसात के इस मौसम में मच्छर जनित रोग अपने पांव पसारते जा रहे हैं। इसकी रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, मच्छर का लार्वा रोकने के लिए फागिंग, रासायनिक छिड़काव सिर्फ प्रतीकात्मक है। आवंटित बजट भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। आज हालात यह हैं कि ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनियां व वायरल बुखार जैसी घातक बीमारियों से ग्रसित पीड़ितों से अस्पताल भरे पड़े हैं, सरकारी अस्पतालों में जगह नहीं और न ही आवश्यक दवा इंतजाम जिसकी वजह से आम आदमी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर जिससे आम आदमी की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इतनी अव्यवस्था के बावजूद भी सरकार हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर इस अव्यवस्था को जानने और पीड़ितों का सहयोग करने एवं मरीजों के हाल-चाल के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, विधानसभा प्रत्याशी, कार्यकर्ता/नेता/ एआईसीसी सदस्य, पीसीसी सदस्य अस्पतालों में जायेंगे और उनके इलाज और इन बीमारियों से ग्रसित रोगियों के सम्बन्ध में अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिलकर जानकारी प्राप्त करेंगे और अस्पताल में चिकित्सा के इंतजाम व मरीजों की चिकित्सीय व्यवस्था जानेंगे। अपने जनपद के अस्पतालों में जाकर वहाँ पर भर्ती डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनियां के व वायरल बुखार पीड़ित मरीजों के संबंध में अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मिलकर अपनी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेंगे।

# भाजपा सरकार ने महंगाई रोकने का कोई प्रयास नहीं किया: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार ने आर्थिक ढांचे को तहस-नहस कर दिया है। जनसामान्य का जिंदा रहना दूभर हो गया है। लोग बेबस और लाचार हैं। भाजपा सरकार ने महंगाई रोकने का कोई प्रयास नहीं किया। लोग कर्ज पर जीवन निर्वाह को मजबूर हो रहे हैं। महंगाई से परेशान होकर मजबूरी में कई लोगों ने आत्महत्या तक कर ली है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में रोजगार के अवसर घट रहे हैं। नौजवानों का भविष्य अंधकार में है और अपराध बढ़ रहे हैं। रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार लोगों के घरेलू बजट पर बुरा प्रभाव पड़ने से कर्ज बढ़ रहा है। लोगों की बचत दर घटी है और देनदारियां बढ़ी है। सेविंग में हम 50 साल पीछे हो रहे हैं। लोगों की आमदनी में भारी कमी चिंता जनक है। यादव ने कहा कि महंगाई का असर तो रोजाना की खाद्य सामग्री और घरेलू उपयोग के सामान पर भी पड़ रहा है। तेलए घीए दालए आटाए सब्जी की कीमतें पर बढ़ोत्तरी से लोगों का घरेलू बजट बिगड़ गया है। डीजल, पेट्रोल, खाद, बीज के दाम बढ़ने से किसान की फसल की लागत बढ़ गयी है। भवन निर्माण सामग्री ईंट, मौरंग, बालू आदि पर 18 फीसदी जीएसटी लगने से मध्यम वर्ग के सिर पर छत भी नहीं पड़ने वाली है। दवा और जांच महंगी होने से लोग परेशान होकर अपनी जमा पूंजी निकालने को मजबूर हो रहे हैं। भ्रष्टाचार के चलते बैंक और बीमा में जमा पूंजी डूब जाने के डर से लोग अपनी बीमा पॉलिसी भी सरेंडर कर रहे हैं। 47 फीसदी लोगों ने तो अपनी बीमा पॉलिसी सरेंडर कर दी है। अखिलेश ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की जमीनी हकीकत जब निराशाजनक है तब लोगों को गुमराह करने के लिए कभी 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य और वैश्विकस्तर पर पांचवें से तीसरी श्रेणी में छलांग लगाने का दावा है लोगों की आमदनी घटने से देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है।

# प्रदेश युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के लिए लांच किया गया मेंबरशिप अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** युवा कांग्रेस द्वारा गुरुवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस संगठन के चुनाव के लिए मेम्बरशिप अभियान लांच किया गया। जिसके माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव, जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी विनीत कम्बोज, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश सहप्रभारी एजाज चौधरी एवं इकबाल ग्रेवाल, भारतीय युवा कांग्रेस के चुनाव आयोग के पीआरओ राजपाल विष्ट मध्य जोन, दीपक चौधरी पूर्वी जोन एवं ठाकुर विष्ट पश्चिम जोन, प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय एवं पश्चिमी के अध्यक्ष ओमवीर यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे।

भारतीय युवा कांग्रेस के महासचिव एवं प्रभारी उप्र विनीत कम्बोज ने उप्र युवा कांग्रेस के मेम्बरशिप अभियान की लॉचिंग के मौके पर कहा कि इसके जरिए हर वर्ग के युवा को आगे आने का मौका मिलेगा। यह संगठन का चुनाव पूरी तरह पारदर्शी होगा जिससे युवाओं को अपने परफार्मेंस के आधार पर युवा कांग्रेस में पदाधिकारी बनने का मौका मिलेगा।

प्रदेश संगठन प्रभारी एवं प्रवक्ता वर्चस्व पाण्डेय ने बताया कि इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के चुनाव आयोग के पीआरओ राजपाल विष्ट मध्य जोन, दीपक चौधरी पूर्वी जोन एवं ठाकुर विष्ट पश्चिम जोन ने चुनाव प्रक्रिया के सम्बन्ध में लिखित विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मेम्बरशिप और नामांकन प्रक्रिया आन लाइन होगी जो कि 'विद आईवाईसी एप' पर होगी। 22 सितम्बर से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जायेगी जो कि 29 सितम्बर 2023 तक सायं 5 बजे तक चलेगी। 30 सितम्बर को सायं 5 बजे तक नामांकन के सम्बन्ध में आपत्ति दाखिल की जायेगी। 1 अक्टूबर को नामांकन की छंटनी की जायेगी। 5 अक्टूबर को कैंडीडेट के सीरियल नम्बर आवंटित किये जायेंगे।

# वित्तीय अनियमिता के आरोपी ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद** बरेली के विकास खण्ड बिथरी चौनपुर की ग्राम पंचायत केसरपुर के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी विपिन पाण्डेय को विभिन्न अनियमितताओं के दृष्टिगत निलम्बित कर दिया गया है। पाण्डेय के विरुद्ध आईजीआरएस पोर्टल पर ग्राम्य विकास आयुक्त से शिकायत की गई थी। जिस पर बरेली जनपद में जांच अधिकारी नामित कर इनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला विकास अधिकारी बरेली द्वारा पाण्डेय को निलंबित किया गया है। निलम्बन अवधि में पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी बहेड़ी, जनपद बरेली में सम्बद्ध रहेंगे। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने ग्राम्य विकास विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि वह पूरी निष्ठा, इमानदारी व सेवाभावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# मोटो जीपी भारत आज से, सशक्त छवि पेश करेगी योगी सरकार

## ● सीएम योगी कल मोटो जीपी से जुड़ी कंपनियों और ब्रांड्स के सीईओ के साथ करेंगे बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/नोएडा



**ग्रेटर नोएडा** में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर शुक्रवार से होने जा रही पहली 'मोटो जीपी भारत' को भव्य और सफल बनाने के लिए सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी है। इवेंट के आयोजन के साथ-साथ योगी सरकार इसके माध्यम से प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावनाएं तलाशने का भी प्रयास कर रही है। इन्हीं प्रयासों के दृष्टिगत सीएम योगी शनिवार 23 सितंबर को 'मोटो जीपी भारत' के लिए आ रहे टॉप कंपनियों के सीईओज के साथ एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस (सीईओ कॉन्क्लेव) करेंगे। इसमें मुख्यमंत्री इन सीईओज को उत्तर प्रदेश की समृद्धि, उभरते बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी समेत अन्य विशेषताओं और संभावनाओं से रूबरू कराएंगे।

मोटो जीपी के लिए मेहमानों का आना शुरू हो गया है। इस इवेंट में हिस्सा ले रहे चालकों ने गुरुवार को बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर ट्रेनिंग सेशन में भी हिस्सा लिया। इस इवेंट में रेडबुल, शेल, बी-विन, बीएमडब्ल्यू, ओकले, मॉन्सटर, मोटुल, टिसॉट, रेप्सॉल, पोलिनी, गो प्रो, हॉन्डा, मिशोलिन, एमजॉन, डीएचएल व पेट्रोनॉस जैसी 275 दिग्गज कंपनियां किसी न किसी रूप में भाग ले रही हैं। इन कंपनियों के सीईओ भी इवेंट में शिरकत करने आ रहे हैं। मोटो जीपी की छवि एक ऐसे समृद्ध खेल की है, जिसे न सिर्फ बड़ी संख्या में फैंस का सपोर्ट है बल्कि दुनिया भर के बड़े ब्रांड्स भी इसे तवज्जो देते हैं। कुछ वर्षों में इस खेल ने होस्ट कंट्रीज की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा योगदान दिया है। यह खेल टू व्हीलर्स इंडस्ट्री को रिप्रजेंट करता है और भारत व एशिया के अधिकांश हिस्सों में इसकी मजबूत स्थिति है। साथ ही मोटो जीपी ने खेल के माध्यम से रोड सेफ्टी और रोड टू मोटो जीपी कार्यक्रमों जैसे सोशल इनीशिएटिव्स से मोटरसाइकिल सेक्टर और उससे आगे के लिए सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी डेवलप करने की दिशा में जो काम किया है वह सकारात्मक बदलाव लाया है।

इस ग्लोबल रेसिंग इवेंट में कुल मिलाकर प्रति दिन करीब 1.5 लाख लोग इंगेज होंगे। वहीं, विदेशों से 10000 लोग इस इवेंट का हिस्सा बनने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट आएंगे। इसके अतिरिक्त 200 देशों में इस इवेंट को टेलीकास्ट किया जाएगा और 800 से लेकर 1.80 लाख रुपए तक की प्राइस रेंज में इवेंट से जुड़े टिकट्स बिक रहे हैं। कुल 20 अलग-अलग रेसिंग इवेंट्स का आयोजन इन तीन दिनों में होगा जिसमें मेन स्पोर्टिंग इवेंट के तहत फाइनल रेस 24 सितंबर को होगी। इसमें मुख्यतः 11 टीमें हिस्सा ले रही हैं और दुनिया के सभी देशों से रेसिंग इवेंट के शौकीन दर्शक नोएडा का रुख कर रहे हैं। एक आंकलन के अनुसार, इस इवेंट की टेलीकास्टिंग को पूरी दुनिया में 45 करोड़ से अधिक व्यूअरशिप मिलेगी।

## पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़

**● तीन गौ तस्कर एक सिपाही गोली लगने से घायल**



**शाहजहांपुर।** जिले में मुठभेड़ का सिलसिला जारी है ताजा मामले में पुलिस और गौ तस्करों के बीच हुए आमने सामने के बाद हुए मुठभेड़ में जमकर फायरिंग से चार गौ तस्करों को गोली लगी जबकि एक पुलिस कर्मी गोली लगने से घायल हो गया पुलिस ने गोली से घायल तीन गौ तस्करों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने उनके पास से गौकशी करने के औजार, तमंचे, कारतूस और पहिया वाहन बरामद किया। थाना तिलहर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली गौ तस्कर एक गाड़ी में गौकशी करने आ रहे है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर दी। पिकअप वाहन में सवार गौ तस्करों ने पुलिस को देखकर टीम पर अंधाधुंध फायरिंग करना शुरू कर दी। फायरिंग से कांस्टेबल अवनीश बरार को हाथ में गोली लगी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए गौ तस्कर दानिश, मुन्ना और छोटे को पैर में गोली मारकर घायल कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने तस्कर इमरान को भागते हुए गिरफ्तार कर लिया। घायल तस्करों को भी राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि, बरेली के रहने वाले दो और साथी है। वह लोग भी साथ में काम करते हैं। इससे पहले भी उसी जगह पर गौकशी करने के बाद इसी वाहन से मीट लेकर गए थे। पुलिस ने दोनों तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों से की जा रही पूछताछ एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि, गौकशी की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की थी। गौ तस्करों ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में तीन गौ तस्करों को गोली लगी है। चार गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## गुंडा एक्ट में तीन आरोपी जिला बदर

**● तीन माह हेतु जिले की सीमाओं से जाएंगे बाहर खदेड़े**

**बरेली।** कानून प्रशासन बनाए रखने पर लगातार सरकार और उसके अधिकारियों की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने तीन अभियुक्तों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। एडीएम ई के न्यायालय से थाना क्योलडिया के मेहताब तथा शेर सिंह को एवं थाना हाफिजगंज के कृष्ण पाल उर्फ केपी को तीन माह के लिए जिला बदर कर दिया गया है। अब इन तीनों अपराधियों को बरेली जिले की सीमाओं से तीन माह के लिए बाहर निकाल दिया जाएगा। संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में राज्य की ओर से प्रबल पैरवी वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रुद्रेन्द्र श्रीवास्तव ने की। आरोपित शेर सिंह, मेहताब तथा कृष्ण पल उर्फ केपी के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई हेतु एसएसपी बरेली की रिपोर्ट पर मुकदमा एडीएम ई के न्यायालय में चला। थाना क्योलडिया के आरोपी मेहताब तथा शेर सिंह के विरुद्ध सात गंभीर अपराधों के मुकदमे दर्ज थे जो गोवध अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम, पुलिस मुठभेड़ तथा आयुध अधिनियम जैसे गंभीर अपराधों के थे। थाना हाफिजगंज के आरोपी कृष्ण पाल उर्फ केपी के विरुद्ध हत्या का प्रयास,जान से मारने की धमकी देना आदि गंभीर अपराधों के तीन मुकदमे दर्ज थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रुद्रेंद्र श्रीवास्तव ने सरकार की ओर से प्रबल पैरवी करते हुए तर्क दिए कि इन तीनों आरोपियों का जनता में भय तथा आतंक है, इनके विरुद्ध कोई रिपोर्ट लिखाने व गवाही देने का साहस नहीं करता है और इनका गंभीर अपराधी के इतिहास है। जिस पर एडीएम ई द्वारा आरोपी शेर सिंह, मेहताब तथा कृष्णपाल उर्फ केपी को तीन माह के हेतु जिला बदर करते हुए उन्हें बरेली की सीमाओं से बाहर निकलने का आदेश दिया गया।

## जीआईसी में स्वास्थ्य विभाग ने पर्यावरण को लेकर आयोजित की कई प्रतियोगिताएं

**● प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सीएमओ और डीआईओएस ने किया सम्मानित**



**लखीमपुरखीरी।** स्वास्थ्य विभाग के एनसीडी सेल द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज में आज टुगेदर फॉर क्लीन एयर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता व डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एनसीडी सेल द्वारा टुगेदर फॉर क्लीन एयर थीम पर एक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं को उपरोक्त विषय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर जागरूक किया जाना है। इसे लेकर पहले चरण में राजकीय इंटर कॉलेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार मिश्रा और विद्यालय स्टाफ का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता और वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में तुषार कश्यप कक्षा 12 बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं गौरव शुक्ला 11 ए, द्वितीय पुरस्कार और सफीकुल उमर 12 सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता में प्रिंस गुप्ता 12 बी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया शोएब आलम 9 बी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया और कार्तिक मौर्या 9बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता में अयान अली 11बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और शोभित 11 सी ने द्वितीय व देवांश अवस्थी 11 ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## स्पेशल आइसोलेशन वार्ड में भर्ती हुए हैदराबाद से आए दस मरीज



**लखीमपुर खीरी।** हैदराबाद से उत्तर प्रदेश के लखीमपुर जिले में आए 10 व्यक्तियों के गंभीर बीमारी से ग्रसित होने की संभावना के चलते जिला चिकित्सालय में एक अतिरिक्त आइसोलेशन वार्ड मे भर्ती कराया गया और उनकी जांच कराई गई। यह सभी सामान्य उल्टी दस्त और डायरिया से ग्रसित पाए गए। इन सभी का उपचार शुरू कर दिया गया है। सीएमएस डॉ आईके रामचंदानी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिला चिकित्सालय में एक स्पेशल आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। जहां पर उत्तर प्रदेश के बाहर हैदराबाद से आए 10 लोगों को भर्ती किया गया है। इनमें गंभीर बीमारियां होने की संभावना को देखते हुए यह आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है और इन सभी की जांच कर कर इनका उपचार भी शुरू कर दिया गया है। यह सभी मरीज उल्टी दस्त और डायरिया से ग्रसित थे। जिनका उपचार शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एहतियात के तौर पर ऐसा किया गया है। अभी किसी भी व्यक्ति को डरने की आवश्यकता नहीं हैए इन सभी की हालत भी स्थिर है।

## फर्जीवाड़ा कर मौसी मौसा को बना दिया मां-बाप, हत्या की धमकी

**बरेली।** बुजुर्ग मौसी के मकान पर कब्जा करने के लिए एक युवक ने आधार कार्ड में फर्जीवाड़ा करा दिया मौसी ने जब मकान भतीजी के नाम कर दिया तो आरोपी ने हत्या की धमकी दी पुलिस ने आरोपी, उसकी पत्नी और बेटे के ब्रिज रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी इज्जतनगर के गायत्री नगर गली नंबर नौ निवासी भौना देवी ने बताया कि उनके पति बनारसीदास की मौत हो चुकी है उनकी कोई संतान नहीं है इस समय उनके पास उनकी भतीजी रहती है उनके घर पर उनकी बहन का बेटा शेरगढ़ के पनवड़िया गांव का रहने वाला सत्य प्रकाश कब्जा करना चाहता है तीन सितंबर को वह अपनी पत्नी और बेटे शिवम कुमार को साथ लेकर लेकर उनके घर आया उसने उन्हें तमंचा दिखाकर कहां कि आधार कार्ड पर फर्जीवाड़ा करके उसने भैना को मां और मौसा स्व बनारसीदास को पिता बना लिया है उसने मकान अपने नाम पर न करने पर उन्हें हत्या की धमकी दी।

## पुरातन खान-पान की ओर लौटें, मोटे अनाजों का उपयोग करें: जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर।** उप्र मिलेट्स (श्री अन्न) पुनरोद्वार कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद मेगा रोड शो का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर मेगा रोड शो को रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट से खिरनी बाग, लोधीपुर होते हुए कृषि भवन निकट एन.टी आई. स्कूल लोधीपुर में सम्पन्न हुयी। रोड शो में जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज, नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, संजय कुमार सरस्वती इंटर कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, ए.जेड खान इंटर कॉलेज, गुरूनानक कन्या उ.मा.वि, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, शाहजहांपुर आदि स्कूलो के छात्र छात्राओं एवं अध्यापकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एफपीओ के सदस्य, प्रगतिशील कृषकों तथा कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिको ध् अधिकारियों सहित 1000 से अधिक लोगो ने प्रतिभाग किया। मेगा रोड शो में मिलेट रथ से प्रचार करते हुये, मिलेट उपयोग का ऑडियो संदेश भी चलाया गया तथा बैनर के माध्यम से मिलेट के लाभ से संबंन्धित स्लोगन पट्टीकाओं, नारो के साथ से मिलेट्स के पौष्टिक लाभों का कृषको एवं आमजन के मध्य प्रचार-प्रसार किया गया। रैली द्वारा मिलेट्स को दैनिक आहार में सम्मिलित करने हेतु जन सामान्य को प्रेरित किया गया। डीएम ने कहा कि जनपद में मिलेट्स कार्यक्रम के अन्तर्गत मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु रैली का अयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से लोगो को मोटे अनाज की उपयोगिता तथा उसके लाभ के विषय में जागरूक किया जायेगा। आजकल की जीवन शैली में अनुचित खान-पान तथा जंक फूड के सेवन से हमारे स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उप्र सरकार ने मिलेट्स यानी श्री अन्न के प्रति जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को यह संदेश देना है कि अपने पुरातन खान पान की ओर लौटे तथा मोटे अनाज का उपयोग करें।

## पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर पत्नी को पीटा

**बरेली।** प्रियंका के साथ पति को आपत्तिजनक हालत में देखने के बाद जब पत्नी ने विरोध किया तो पति और प्रेमिका ने उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे वह चोटिल हो गई पत्नी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की ।सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मढीनाथ के मौर्य छात्रावास के पास रहने वाली पूनम में अपने पति सूरज और उसकी प्रेमिका के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करते हुए बताया कि उसके पति के एक महिला से अवैध संबंध है जिसके चलते उसने 6 सितंबर को पति को उस महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया विरोध करने पर पति ने प्रेमिका के साथ मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की जिससे वह चोटिल हो गई पूनम ने पति और प्रियंका के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की और कहां की यदि पति अपनी प्रेमिका के साथ रहना चाहे तो रहे लेकिन उसका खर्चा देता रहे।

## क्विक न्यूज

### बस की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

**बरेली ।** रात के समय मोटरसाइकिल सवार एक छात्रा को पीछे से आई अज्ञात बस में टक्कर मार दी उसको जिला अस्पताल पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया गया पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव बंडिया निवासी सुमेरी लाल के 17 वर्षीय बेटे तेजपाल की बीती रात लगभग 8 बजे परसाखेड़ा पुलिस चौकी के सामने हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि तेजपाल कक्षा 8 का छात्र था और विवाह आदि के अवसर पर वह दीवारों पर एलइडी लगाने का काम भी करता था वह कल शाम को मोटरसाइकिल से सीबीगंज के गांव चंदौसी गया था जहां से शाम को लगभग 8 बजे वापस अपने घर लौटते समय पुलिस चौकी के सामने पीछे से आई तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली बस फरार हो गई लोगों की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तेजपाल के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया लाश को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा तेजपाल छह भाई बहनों में चौथे नंबर का था।

### समिट का आयोजन

लखनऊ। एसियो इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने अपने स्विच एसेसरीज एवं एलईडी प्रोडक्ट की भव्य लॉन्चिंग के लिए बिजनेस पार्टनर सम्मिट का आयोजन किया। आशीष कुमार जायसवाल डायरेक्टर, विकास जायसवाल शशि कांत साहू, पंकज गुप्ता, पवन गुप्ता, सचिन गुप्ता व उदय प्रताप सिंह ने भगवान गणेश जी की स्तुति व दीप प्रचलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंपनी के अन्य सदस्य विक्रम सिंह, दिवाकर शर्मा ;यूपी स्टेट हेड, अनुराग वर्मा, रवि शंकर तिवारी, रियाज अहमद, सैयद मोहम्मद आरिफ तथा पूरी ऑफिस टीम ने कड़ी मेहनत करके इस आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।

### मेदांता हास्पिटल दिल्ली के चिकित्सक लगायेंगे कैम्प

सीतापुर। मेदांता हास्पिटल दिल्ली के जाने-माने चिकित्सक 23 सितंबर को सीतापुर में हार्ट एवं सांस रोग कैंप लगाएंगे। मुस्कान फाउण्डेशन की ओर से आयोजित होने वाले इस शिविर में मेदांता हास्पिटल के कुशल विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। हृदय रोग से पीड़ित रोगी की ईसीजी और ब्लड शुगर की जांच निःशुल्क होगी। हृदय एवं स्वास्थ्य से संबंधित मरिजों को परामर्श दिया जाएगा। निदेशक अमित अग्रवाल ने बताया कि यह शिविर शहर के मोहल्ला प्रेम नगर स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पीछे प्रवचन हॉल में लगाया जाएगा।

### सीतापुर भ्रमण के दौरान बिसवां पंहुचे विधायक सरवन कुमार

सीतापुर। निषाद पार्टी के प्रदेश प्रभारी और चौरी चौरा से विधायक सरवन कुमार निषाद सीतापुर भ्रमण के दौरान बिसवां पंहुचे। उन्होने यहां पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि निषाद पार्टी लोकसभा का चुनाव अपने सिम्बल पर भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर लड़ेगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के मतस्य मंत्री डा. संजय निषाद की उपलब्धियों को बताया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कश्यप ,जिला अध्यक्ष सुधीर कश्यप, राजू कश्यप ,रामचन्द्र निषाद, सुरेश निषाद, डा आरके निषाद, वेदनाथ निषाद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

सीतापुर। भाजपा के सीतापुर जिलाध्यक्ष बनाए गए राजेश शुक्ला का नैमिष जाते समय भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। मिश्रिख में तहसील चौराहे के पास भाजपा के संदना मंडल प्रभारी सुधीर शुक्ल राना के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। नहर चौराहे पर ही भाजपा के अनुसूचित मोर्चा जिला महामन्त्री शिवशंकर राजवंशी के नेतृत्व में, मयंक शेखर शुक्ला , अजय चौबे ,विपिन मिश्रा सूरज , मंगल मोहन मिश्रा और राज सिंह आदि तमाम कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। मिश्रिख ब्लाक कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख रामकिंकर पांडे की अगुवाई में प्रधानों द्वारा और बर्मी चौराहे पर अभिषेक मिश्र ,आलोक मिश्रा , वीरेंद्र यादव , लवकुश शुक्ला, अनुराग तिवारी तथा अनिल मिश्र ,द्वारा स्वागत किया,गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आने देने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रेम तिवारी,रिंकू दीक्षित, रत्नाकर मिश्र, पियूष बिहारी मिश्र, रामकिशोर मिश्र बाबा ,गौतम मिश्र,मिहीलाल भार्गव,विशाल शर्मा, विवेक सिंह चौहान, ,पंकज मिश्र,वीरेंद्र मधुकर, राजकुमार यादव,छंगा मौर्य, जय प्रकाश शुक्ल,अवधेश त्रिपाठी, सी के सिंह, जय सिंह, शरीफअली, मनोज पांडे, आनंद अवस्थी और राम बक्स सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जीवन बीमा निगम अधिकारी के घर में हुई लाखों की चोरी

**बरेली।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी के बंद पड़े मकान में घुसे चोरों ने लाखों के जीवन नकदी व अन्य सामान चोरी कर लिया घर वापस लौटे अधिकारी ने जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। प्रेम नगर थाना क्षेत्र में त्रिवटी नाथ मंदिर के पास स्थित एलआईसी कॉलोनी के एक क्वार्टर में रहने वाले एलआईसी के सहा. प्रशा. अधिकारी अरविंद कुमार के घर में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखें 100000 रुपए नगद 4 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर और एक लैपटॉप चोरी कर लिया, वह 15 सितंबर को अपने किसी काम से मकान में ताला डालकर घर से बाहर गए थे। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर लिया जब वह घर वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखकर वह अंदर पहुंचे देखा की अलमारी में रखा नकदी जेवरवा लैपटॉप आदि गायब है।

## कटान की सूचना पर लोहारनपुरवा पहुंचे एसडीएम, देखा सूरत ए हाल

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**तहसील** धौरहरा के ग्राम गौढ़ी के मजरा लोहारनपुरवा में घाघरा नदी से कटान की सूचना पर गुरुवार को एसडीएम धीरेंद्र सिंह ने तहसीलदार आदित्य विशाल, बाढ़खंड के अधिशाषी अभियंता, एसडीओ समेत राजस्व टीम संग ग्राम का भ्रमण किया। ग्रामवासियों से वार्ता कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वत किया, जिससे ग्रामवासी संतुष्ट नजर आए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम धीरेंद्र सिंह ग्रामवासियों से एक.एक कर रूबरू हुए, उनका दुख दर्द जाना। वार्ता में एसडीएम ने पाया कि अभीतक 03 पक्के मकान तथा लगभग 15 झोपड़ियां कटान से प्रभावित हुई। अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) को तत्काल कटानरोधी कार्य शुरू करने के लिए बताया गया। तहसील प्रशासन ने प्रभावित पात्र व्यक्तियों को शासकीय मदद पहुंचाने का कार्य शुरू कर दिया। सभी प्रभावित परिवारों की सूची क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बनाई जा रही हैए जिससे शासन द्वारा अनुमन्य सभी लाभ दिया जा सके। उन्होंने अधीनस्थ कार्मिकों को निर्देश दिए की कोई भी प्रभावित एवं पात्र व्यक्ति सहायता पाने से वंचित न रहने पाए, इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराए।

## निष्क्रिय लोगों को आयोजन समितियों से निष्कासित किया जाए: जिलाधिकारी



**शाहजहांपुर।** दिनांक 21 सितंबर 2023 को शाहजहांपुर जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में 02 अक्टूबर, 2023 गांधी जयंती मनाए जाने की तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के सम्मानित नागरिक तथा जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित नगर मजिस्ट्रेट डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में सभी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित नगर निगम के अधिकारियों को साफ सफाई की व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश दिए, उन्होंने मलिन बस्तियों में साफ सफाई तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने आयोजकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नकारात्मक विचारधारा तथा निष्क्रिय लोगों को आयोजन समितियां से निष्कासित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय पर्व है तथा इसे यह ध्यान रखते हुए कि कोई भी अराजक तत्व इसमें व्यवधान उत्पन्न ना कर सके पूर्ण सजगता के साथ मनाया जाना चाहिए। डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा डीआईओएस को स्कूलों में गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि महात्मा गांधी का पूरा जीवन ही ईमानदारी, निष्ठा तथा समर्पण की मिसाल है और हमें अपने दैनिक जीवन में इसका पालन करना चाहिए । जिलाधिकारी ने कहा कि गांधीजी ने कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य किया था, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद शाहजहांपुर में कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को फल तथा वस्त्र इत्यादि का वितरण किया जाए। उन्होंने सभा को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी तथा उपस्थित नागरिकगण स्वयं इस राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## भारी बारिश के बावजूद सफलता पूर्वक संपन्न हुई निपुण परीक्षा

**निघासन खीरी।** स्थानीय विकास क्षेत्र में भारी बारिश के बावजूद कक्षा चार से आठ तक के विद्यार्थियों की निपुण परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। खराब मौसम के बावजूद निपुण परीक्षा की सफलता के मुख्य सूत्रधार रहे बीईओ निघासन एचएसएल श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक निघासन के लगभग 91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर कीर्तिमान स्थापित किया। जिले के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक निघासन में 141 प्राथमिक 23 उच्च प्राथमिक तथा 45 संविलियन विद्यालय वर्तमान समय में संचालित किए जा रहे हैं जिसमें 56 000 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं ए क्षेत्र के ज्यादातर विद्यालय निपुण घोषित किया जा चुके हैं बुनियादी शिक्षा क्षेत्र में ब्लाक निघासन का नाम प्रदेश स्तर पर अपनी चमक बिखेर चुका है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में निपुण लक्ष्य निर्धारित समयावधि के अंदर प्राप्त करने के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारी तथा शिक्षा कार्मिक जी जान से जुटे हुए हैं। निपुण परीक्षा के परिणाम से निघासन ब्लाक में विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर की गहराई नापने में मदद मिलेगी और परिणाम के आधार पर परिश्रम का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। इससे पूर्व कक्षा 1 से 3 तक की निपुण परीक्षा संपन्न हो चुकी है। उल्लेख नहीं है कि इससे पहले कक्षा 1 से 3 तक की निपुण परीक्षा को कई दिनों तक हुई भारी बरसात की वजह से टालना पड़ा था । कल द्व संपन्न हुई निपुण परीक्षा में क्षेत्र के करीब 91 प्रतिशत विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन

**सीतापुर।** लहरपुर के मोहल्ला गांधीनगर स्थित बशर आईपीएस स्कूल में विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 1 से 6 तक के छात्रों ने भाग लिया। विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता के दौरान अल्फिया, लियाना खान, उजय मलिक, मो0 अयान, अलमीन व महफूज को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के संस्थापक मो0 ज़की बशर ने बताया कि प्रतियोगिता में जो भी छात्र प्रथम आएगा उसकी एक महीने की फीस माफकी जाएगी और पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी हसीन अंसारी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अभिनव त्रिवेदी, प्रधानाचार्या शाहिना बानो आदि मौजूद रहे।

## दबंग का तमंचे के साथ फोटो वायरल

**बरेली।** सौ फुटा रोड पर अपने साथियों के साथ हमला करने वाले दबंग का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया जिसकी शिकायत एक्स (ट्वीट) पर करते हुए जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई ।सोशल मीडिया पर एक युवक का तमंचे के साथ फोटो वायरल हो गया वायरल फोटो में में युवक कंधे पर भगवा गमछा डाले हुए और कमर में तमंचा लगा दिखाई दे रहा है तमंचे के साथ फोटो में वह युवक विक्ट्री चिन्ह दिखा रहा है युवक की एक्स पर शिकायत करने वाले नीरज ने पुलिस को फोटो ट्वीट कर युवक का नाम हिमांशु बताया और कहा की वह शहर का रहने वाला हिमांशु है जो अवैध असलहा लगाकर बेखौफघूमता है कुछ समय पहले उसने सौ फुटा रोड पर अपने साथियों के साथ तमंचे से एक युवक पर हमला भी कर दिया था युवक ने जल्द से जल्द आरोपी युवक पर कार्रवाई करने की मांग की वायरल फोटो का संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बरेली पहुंची आरएलडी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष



**बरेली।** राष्ट्रीय लोकदल महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ममता शुक्ला ने आज बरेली पहुंचकर के कार्यकर्ताओं से बात की और पार्टी को मजबूत कर बनाने का आवाहन किया आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से मैं आज यहां बरेली पहुंची हूं बेरोजगारी की समस्या बिजली पानी की समस्या महंगाई आदि कानून व्यवस्था आदि से जनता त्रस्त आ चुकी है। रालोद जनता की समस्याओं को लेकर सदैव तत्पर है और आंदोलन करेगा आने वाले समय में गठबंधन की बात पर ममता शुक्ला ने कहा कि यह पार्टी नेतृत्व का मामला है पार्टी नेतृत्व जैसा दिशा निर्देश जारी करेगा। हम जगह-जगह प्रत्येक जनपद में जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। रौनक खान क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, सुमन सिंह परिहार, मंजू शुक्ला, मोहम्मद मतलूम जिला अध्यक्ष, सर्वेश पाठक, विजय बहादुर सक्सेना, ओम पाल कश्यप, एजाज अहमद, राजवीर उपाध्याय, धीरेंद्र पाल गंगवार, चांद बाबू, शाहदत हुसैन, कमजीत सिंह, रईस खान आदि मौजूद रहे ।

## अंग्रेजी भाषा पर सेमिनार का समापन, प्रमाणपत्र बंटे

**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में रोल ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज इन ग्लोबल डेवलपमेंट विषय पर चल रहे दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हो गया। चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता आर्य महिला पीजी कॉलेज की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. रानू दुबे, उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत की अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. शेफाली सक्सेना, बरेली कॉलेज बरेली की अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गुंजन सक्सेना और जीएफ कॉलेज, शाहजहांपुर की डॉ. सीमा शर्मा ने की। प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों तथा अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा ने विश्व को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रथम सत्र में 14 द्वितीय सत्र में 12 तृतीय सत्र में 16 और चतुर्थ सत्र में 11 शोध पत्र पड़े गए। शोध पत्रों का मूल्यांकन सेमिनार संयोजक डॉ0 अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने किया। तकनीकी सत्रों के बाद समापन सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि



एनकेबीएमजी (पीजी) कॉलेज, चंदौसी की प्राचार्य प्रो. अल्का अग्रवाल थी। प्रो. अल्का ने बोलते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा ने विश्व के समस्त ज्ञान को युवा पीढ़ी तक सफलतापूर्वक पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय भाषा होने के कारण सभी देशों के विश्वविद्यालयों के मध्य शैक्षिक संसाधनों का समन्वित प्रयोग संभव हुआ है। जिससे शिक्षा का तीव्र प्रसार हो सका है और गुणवत्ता बड़ी है। डॉ. रानू दुबे ने कहा कि सामान्यत: छात्र अंग्रेजी से डरते हैं किंतु अंग्रेजी सीखना उतना ही आसान है, जितना की हिंदीय केवल संकोच छोड़ने की आवश्यकता है। डॉ. शेफाली सक्सेना ने कहा कि अंग्रेजी का ज्ञान हमारे सामान्य ज्ञान को समृद्ध करता है और आधुनिक तकनीक को समझने में सहायक होता है। डॉ. गुंजन सक्सेना ने कहा कि वर्तमान समय सूचना तकनीक का समय है। सूचना तकनीक को समझने में अंग्रेजी भाषा अपेक्षाकृत अधिक सहायक होती है। अपनी मातृ भाषा के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भविष्य निर्माण के लिए उपयोगी है। संयोजन सचिव डॉ. बरखा सक्सेना के संचालन में हुए कार्यक्रम में मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने श्रेष्ठ शोध पत्र पढ़ने वाले प्रखर दीक्षित, व्याख्या सक्सेना, रचना शुक्ला, सत्यम शुक्ला, शिवानी शुक्ला, आकांक्षा गौतम, उन्नति गुप्ता, जैनी, निधि तथा अलीशा परवीन को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# नहर के अंतिम छोर तक होनी चाहिए सिंचाई के पानी की उपलब्धता: डीएम

**● बैठक में डीएम ने दिये अधिकारियों को कड़े निर्देश**

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में गुरुवार को सिल्ट सफाई के सम्बन्ध में जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम आशुतोष कुमार ने बताया कि जनपद में नहर की 6 बड़ी प्रणालियों में 113 नहरे हैं। जिसमें बड़ी नहर प्रणाली ओहन नहर प्रणाली, बरुआ नहर प्रणाली, चिल्ली मल्ल नहर प्रणाली, गुंन्ता नहर प्रणाली, रसिन लिफ्ट एवं राइट मुख्य नहर है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम को निर्देशित किया कि नहरों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि कोई भी नहर सिल्ट सफाई से छूटने न पाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम ने कहा कि बड़ी नहरों की सफाई मशीन द्वारा होगी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सिल्ट सफाई से पहले की फोटो खींचा जाए तथा कार्य होने के बाद की भी फोटोग्राफ्स रखें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि टीम बनाकर इसका निरीक्षण करते रहें। उन्होंने अधिशासी अभियंता से कहा कि इस समय अगर पानी की मांग हो तो नहरों का संचालन कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में खनिज व पेट्रोल पंप के प्रतिनिधि करें योगदान

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता जिला पोषण समिति व व्यापारिक एवं औद्योगिक कंपनियों की प्रतिनिधियों (सीएसआर) के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। व्यापारिक एवं औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के अंतर्गत खनिज और पेट्रोल पंप के प्रतिनिधि आप लोग आंगनवाड़ी केन्द्रों में योगदान कर सकते हैं। इसमें जिला खनिज अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को इसका नोडल बनाया गया है। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी व खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रतिनिधियों को अनुरोध पत्र भिजवाएं। उन्होंने कहा कि जो कुछ देना चाहते हैं खिलौना, टीवी, पानी, शौचालय आदि सहयोग कर सकते हैं।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िताओं की बाल कल्याण समिति करें सहायता: एसपी



**संवाददाता।** चित्रकूट

**गुरुवार** को राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय सोनेपुर में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं बाल कल्याण समिति एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी।जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बाल अपचारियों/नाबालिग पीड़ित/पीड़िता की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंक-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए। एसपी ने बाल कल्याण इकाई को बताया गया कि यदि कोई नाबालिग पीड़ित/पीड़िता है और उसके साथ कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है तो ऐसी स्थिति में बाल कल्याण इकाई के सदस्य द्वारा स्वयं वादी बनकर अभियोग पंजीकृत कराया गया, किसी भी स्थिति में कोई नाबालिक मुकदमें का वादी नहीं होगा। बलात्कार की नाबालिक पीडिताओं के गर्भवती होने पर बाल कल्याण समिति संज्ञान लेकर उनके मेडिकल उपचार में सहायता करे एवं आर्थिक रुप से कमजोर पीडिताओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलायें।

# डीएम ने पोषण जागरूकता रैली को किया रवाना

**● पोषण माह में सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन लाना जरूरी**

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**बाल** विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह (सितम्बर 2023) के अंतर्गत कलैक्ट्र परिसर से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर विशाल 'पोषण रैली' को रवाना किया। जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा कुपोषण मुक्त जनपद जालौन तथा पोषण जागरुकता संबंधी नारे लगाते हुये पोषण रैली अम्बेडकर चौराहा तक निकाली गयी।

गौरतलब हो कि 1 से 30 सितम्बर 2023 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के सभी 1815 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रतिदिन पोषण सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करने वाली माताओं और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु जन भागीदारी के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह की थीम 'सुपोषित भारत, साक्षर भारत व सशक्त भारत' है।

## रेड जोन में शामिल विद्यालय चिंता का विषय: डीएम

**उरई, जालौन।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं त्रैमासिक लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समस्त विद्यालयों को जल्द निपुण बनाया जाए। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का लक्ष्य प्राप्त करने में निपुण नहीं होते हैं और ऐसे विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास किया जाएगा तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को समय से प्राप्त कर बच्चों को निपुण बनाया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक जो विद्यालय निपुण में रेड जोन में है वह अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं। और तेजी से मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में प्रगति लाएं। जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति के गठित अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण न करने पर डीएम ने स्पष्टीकरण मांगा।

# हरी मटर की बड़ी पैकिंग से व्यापार में घाटे से व्यापारी खिन्न, सौंपा ज्ञापन



**जालौन,** उरई। हरी मटर के व्यापार में बड़ी पैकिंग परेशानी का सबब बनी हुई है और व्यापार में घाटा हो रहा है। मटर व्यापारियों ने ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन के नेतृत्व में जिलाधिकारी को संबोधित मांग ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर हरी मटर की पैकिंग 40 से 45 किग्रा में कराने की मांग की है।

प्रगतिशील किसान व ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन के नेतृत्व में मटर व्यापारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सुरेश कुमार को सौंपकर बताया कि हरी मटर का व्यापार नगर से पूरे देश में किया जाता है। देश के विभिन्न भागों की मंडियों में सब्जी आदि की पैकिंग 40 से 45 किग्रा की जाती है। जबकि जनपद में हरी मटर की पैकिंग 80 से 90 किग्रा की जा रही है। बाहर की मंडियों में बड़ी पैकिंग की खरीद न होने के कारण व्यापारियों को अपनी मटर फैक्ट्री में कम कीमत में बेचनी पड़ती है। कम कीमत में बेचने के कारण मटर व्यापारियों को घाटा होता है। अगर हरी मटर की पैकिंग 40 से 45 किग्रा में होने लगे तो मटर व्यापारियों को हरी मटर देश की अन्य मंडियों में बेचने का मौका मिल जाएगा, जिससे उनकी आय भी बढ़ेगी। इसके अलावा पल्लेदारों को भी 80 से 90 किग्रा की भारी बोरी उठाने में दिक्कत होती है। ऐसे में छोटी पैकिंग होने से पल्लेदारों को भी सहूलियत होगी।

# शंकर ढाबा के इर्द-गिर्द अराजक तत्वों का होता है जमघट, बालिकाएं परेशान



**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी की पुलिस प्रतिदिन शाम को शहर भ्रमण करती है। शहर भ्रमण दौरान पुलिस आम जनता से किसी समस्या के बारे में पूछताछ नहीं करती। ऐसे में लोग अपनी समस्या पत्रकारों से बताते हैं। ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड स्थित शंकर ढाबा के पास का आया है। शंकर ढाबा के ठीक बगल से गली के पास एक नाई की दुकान व ढाबा के ठीक बगल से दूसरी ओर देशी शराब ठेके की दुकान है। नाई की दुकान में बैठकर ज्यादातर लोग गांजा पीते हैं व शराब की दुकान में शराब का सेवन करते हैं, फिर ऐसे लोग गली की दीवार से सटकर पेशाब करते हैं। ऐसे में वहां से गुजरने वाली मां-बहनों को शर्मिन्दगी का सामना करना पड़ता है। गंजेडी व शराबी किस्म के लोग वहां से गुजरने वाली बालिकाओं व युवतियों पर फब्तियां कसते हैं। इस बारे में पत्रकार ने शहर कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय को जानकारी दी। शहर कोतवाल ने कहा कि वह आज ही गश्त दौरान शंकर ढाबा के आसपास बैठने वाले अराजकतत्वों की धर-पकड के साथ सख्त कार्रवाई करेंगे।

# डीएम ने की सीएम दर्पण पोर्टल पर चल रही फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति की समीक्षा

**● प्रदर्शन संतोषजनक न होने पर मांगा स्पष्टीकरण**

**संवाददाता।** कानपुर देहात




**जिलाधिकारी** आलोक सिंह के अध्यक्षता में एवं मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन की उपस्थिति में सीएम दर्पण पोर्टल पर विभिन्न विभागों की चल रही फ्लैगशिप योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिन विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं में अब तक प्रदर्शन सी एवं डी श्रेणी में है, उन विभागों से प्रदर्शन संतोषजनक न होने का स्पष्टीकरण लिया गया।

तदोपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में निराश्रित गौवंशो को संरक्षित करने के लिए बनाए जा रहे गौ आश्रय स्थलों व नेपियर घास के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा की गई, समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन ब्लॉकों में नए गौआश्रय स्थल चिन्हित किए जाने हैं। उनके चिन्हाकन का कार्य तत्काल पूर्ण कर लिया जाए, इससे पूर्व जिलाधिकारी ने विगत दिनों में हुए वृक्षारोपण की समीक्षा की। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने लगाए गए पौधों एवं सुरक्षित पौधों की एक रिपोर्ट तैयार कर लें, उन्होंने कहा कि जो पौधे नष्ट हो गए हैं उन पौधों के स्थान पर नए पौधे रोपित किए जाएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन, जिला वन अधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जेपी गुप्ता, जिला विकास अधिकारी आदि संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# डीएम की चौखट पर पहुंचे बेघर हुए लोग



**फतेहपुर।** गाजीपुर कस्बा में मरघट की जमीन पर बने मकानों को जबरन गिराने का आरोप लगाते हुये पीड़ितों ने भाजपा की जिला पंचायत सदस्य दिलसिया के नेतृत्व में जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि गाजीपुर कस्बा की आराजी निजाई की नई गाटा संख्या-1893, 1894, 1895 व 1896 दौरान चकबंदी अधिकारियों ने मरघट के खाते में दर्ज कर दिया है। जबकि इसके पुराना गाटा संख्या जो पूर्व में नवीन परती के खाते में दर्ज था और इन्हीं नम्बरानों में करीब 45 साल पहले ग्राम प्रधान व लेखपाल ने मकान बनवाने हेतु पीड़ितों को दिया था। तब से वे मकान बना कर रहते चले आ रहे हैं। उन्होने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ 19 सितम्बर को मौके पर पहुंचे और बिना किसी सूचना से नोटिस तामीला कराये की मकानों को ढहा दिया। मकान क्षतिग्रस्त हो जाने से गृहस्थी के सामान के साथ पीड़ित परिवार सड़क पर आ गये हैं।

## चौबीस घंटे के अंदर गोलीकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** शहर के पीरनपुर मोहल्ले में बुधवार की रात हुए गोली काण्ड के मामले में कोतवाली व एसओजी की सयुक्त टीम ने चौबीस घण्टे के अंदर ही मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चले की बुधवार की रात लगभग दस बजे पीरनपुर मोहल्ला निवासी नईम पुत्र स्व0 लल्लन को मोहल्ले के ही सैकी उर्फरज्जू कबाडी ने अपने साथी शिवम सिंह निवासी मवई थाना हुसेनगंज के साथ मिल गोली मार दी थी जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया था।

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए हुआ श्रीअन्नोत्सव 2023 एक्सपो का आयोजन

**● कृषि मंत्री ने फीता काटकर किया अन्नोत्सव का शुभारंभ**

**संवाददाता।** बांदा



**श्रीअन्नोत्सव** 2023 कार्यक्रम के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड एवं विंध्य क्षेत्र में श्रीअन्न, प्राकृतिक खेती, औद्यानिक फसलों एवं पशुपालन को बढ़ावा देने हेतु कार्यशाला का आयोजन रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में आज किया गया। कृषि मंत्री शाही ने श्री अन्न को बढ़ावा देने हेतु आयोजित कार्यशाला तथा श्रीअन्न के उत्पादों एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ाने के सम्बन्ध में आयोजित श्री अन्नोत्सव 2023 एक्सपो का फीता काटकर शुभारम्भ किया एवं एक्सपो में लगाये गये स्टालों का गहनता से निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने श्रीअन्न के उत्पादन को बढाने हेतु लोंगो में जनजागरूकता लाये जाने के लिए किसानों तथा श्रीअन्न के प्रचार-प्रसार हेतु तैयार किये गये वाहनों सहित रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज से बांदा शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए विकास भवन में समाप्त हुई।

# नंद के घर आनंद भयो जय बलदाऊ भैया



**फर्रुखाबाद।** प्राचीन मन्दिर दाऊजी महाराज अड़तियान मोहगा में विद्वान प.कृष्ण अवतार मिश्र, प. रमेश चंद्र त्रिवेद्वी, आदि ने पंचामृत दूध, दही, घृत, शहद, पवित्र गंगा जल से बलदाऊ का अभिषेक किया। दाऊजी मन्दिर के प्रबंधक कृष्णकांत गुप्ता ने सभी भक्तों का स्वागत करते हुए कहा दाऊजी मन्दिर अति प्राचीन है। कई पीढ़ी से परंपरागत रूप से श्रीदाऊजी की पूजा अर्चना चली आ रही है।

# गणेश चतुर्थी, प्रतिमा विसर्जन व बारावफात को लेकर संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक



**फर्रुखाबाद।** आज शाम 5 बजे थाना मऊदरवाजा में आगामी गणेश चतुर्थी, गणेश प्रतिमा विसर्जन व बारावफात के जुलूस को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी है। सभी गणेश प्रतिमा आयोजकों, समस्त पुजारी, मस्जिद के मुतवगी, इमाम, धर्मगुरुओं, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ता सूचित किया गया। बैठक में भाग लिया सभी गणेश प्रतिमा आयोजकों, समस्त पुजारी, मस्जिद के मुतवगी, इमाम, धर्मगुरुओं, व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने भाग लिया।

# गणेशोत्सव के दूसरे दिन प्रदर्शित की गईं आकर्षक व मनमोहक झांकियां



**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के सीडी गर्ल्स इण्टर कॉलेज बाजार में आयोजित किये जा रहे 15 वें गणेश महोत्सव के दूसरे दिन सुरजीत अलबेला एण्ड पार्टी द्वारा भजन श्रृंखलाओं की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों व दिल्ली की छेदी सिंह एण्ड ग्रुप की आकर्षक झाँकियों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर चैयरमैन रामजी गुप्ता सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे। कस्बे के आरपीयस व सीडी गर्ल्स इण्टर कालेज के बाहर स्थित बाजार मैदान में 15 वें गणेश महोत्सव का शुभारम्भ मॅगलवार को देवाधिदेव महादेव के कँधे पर बैठे भगवान विध्न विनाशक गणेश भगवान की आकर्षक प्रतिमा की स्थापना एवॅ पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था।

# पेज एक का शेष

## कनाडा के...

लोगों से शांत और सतर्क रहने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देने का भी आग्रह किया है। आर्य एक इंडो-कनाडाई नेता हैं जो कनाडा की लिबरल पार्टी से आते हैं, वे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की ही पार्टी से है। कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और तथाकथित जनमत संग्रह का आयोजन करने वाले सिख फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नून ने हिंदू-कनाडाई लोगों पर हमला किया और हमें कनाडा छोड़ने और भारत वापस जाने के लिए कहा। जहां तक ? वीजा का सवाल है, कनाडाई लोगों के वीजा आवेदनों की प्रारंभिक जांच करने के लिए भारत द्वारा नियुक्त एक निजी एजेंसी ने बृहस्पतिवार को अपनी वेबसाइट पर 'परिचालन कारणों' के कारण वीजा सेवाओं के निलंबन पर एक नोट डाला, इसे कुछ घंटों के भीतर वापस ले लिया और फिर से डाल दिया। एजेंसी, बीएलएस इंटरनेशनल ने स्टॉक एक्सचेंजों को यह भी सूचित किया कि उसने कनाडा में भारतीय वीज़ा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फर्म की वेबसाइट के कनाडा पेज पर डाला गया नोट, जिसे बाद में वापस ले लिया गया और बहाल कर दिया गया, उसमें लिखा था कि भारतीय मिशन से महत्वपूर्ण सूचना। परिचालन कारणों से, 21 सितंबर, 2023 से, भारतीय वीज़ा सेवाओं को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। कृपया आगे के अपडेट के लिए बीएलएस वेबसाइट चेक करते रहें। एक सूचीबद्ध कंपनी, बीएलएस इंटरनेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने भी अपने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि इस कदम का प्रभाव उसकी वित्तीय स्थिति पर नगण्य है क्योंकि 'कनाडाई वीजा जारी करने का व्यवसाय बीएलएस इंटरनेशनल के कुल वार्षिक राजस्व में दो प्रतिशत से भी कम योगदान देता है। खालिस्तानी अलगाववादी नेता की हत्या को लेकर भारत और कनाडा कूटनीतिक विवाद में उलझ गए हैं। जून में हरदीप सिंह निज्जर की खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद विवाद शुरू हो गया। भारत ने बुधवार को कनाडा में रहने वाले अपने सभी नागरिकों और वहां की यात्रा पर विचार कर रहे लोगों को उस देश में बढ़ती भारत विरोधी गतिविधियों और 'राजनीतिक रूप से समर्थित' घृणा अपराधों के साथ-साथ 'आपराधिक हिंसा' के मद्देनजर 'अत्यधिक सावधानी' बरतने की सलाह दी। कनाडा द्वारा मांगी गई सुरक्षा के संबंध में, उसने कहा कि वह भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या का आकलन कर रहा है और देश में अपने राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई कर रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि उनमें से कुछ को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर धमकियां मिली हैं। कनाडाई उच्चायोग ने कहा कि ओटावा को उम्मीद है कि नई दिल्ली भारत में अपने राजनयिकों और वाणिज्य दूतावास अधिकारियों की सुरक्षा प्रदान करेगी और उसने एहतियात के तौर पर देश में कर्मचारियों की उपस्थिति को 'अस्थायी रूप से' समायोजित करने का निर्णय लिया है। उच्चायोग ने कहा कि मौजूदा माहौल में जहां तनाव बढ़ गया है, हम अपने राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं। कुछ राजनयिकों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर धमकियां मिलने के साथ, ग्लोबल अफेयर्स कनाडा भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या का आकलन कर रहा है।' ग्लोबल अफेयर्स कनाडा के राजनयिक और काउंसलर संबंधों को संभालता है। उच्चायोग ने कहा कि परिणामस्वरूप, और अत्यधिक सावधानी के कारण, हमने भारत में कर्मचारियों की उपस्थिति को अस्थायी रूप से समायोजित करने का निर्णय लिया है। व्यापार और परिचालन निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए हमारे सभी स्थानों पर राजनयिकों और स्थानीय रूप से लगे कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए, उच्चायोग ने कहा कि ग्लोबल अफेयर्स कनाडा स्थानीय कर्मचारियों सहित हमारे सभी कर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा के लिए और भारत में हमारे संचालन की सुरक्षा के लिए सभी उचित उपाय करना जारी रखेगा। बयान में कहा गया है कि किसी कर्मचारी की पेशेवर प्रोफ़ाइल या व्यक्तिगत परिस्थितियों सहित कई कारकों के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। वियना सम्मेलन के तहत दायित्वों के सम्मान के संदर्भ में, हम उम्मीद करते हैं कि भारत भारत में हमारे मान्यता प्राप्त राजनयिकों और कांसुलर अधिकारियों की सुरक्षा प्रदान करेगा, जैसे हम यहां उनके लिए हैं। गतिरोध के बीच, कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने आरोप लगाया कि चरमपंथी तत्व हिंदू-कनाडाई लोगों पर 'हमला' कर रहे हैं और उन्हें भारत वापस जाने के लिए 'धमकी' दे रहे हैं। हालांकि, आर्य ने यह भी स्पष्ट किया कि अधिकांश कनाडाई सिख खालिस्तान आंदोलन का समर्थन नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्पष्ट कर दूं। हमारे अधिकांश कनाडाई सिख भाई-बहन खालिस्तान आंदोलन का समर्थन नहीं करते हैं। अधिकांश सिख कनाडाई कई कारणों से सार्वजनिक रूप से खालिस्तान आंदोलन की निंदा नहीं कर सकते हैं, लेकिन वे हिंदू-कनाडाई समुदाय से गहराई से जुड़े हुए हैं। कनाडाई हिंदू और सिख पारिवारिक रिश्तों और साझा सामाजिक और सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से जुड़े हुए हैं। आर्य ने कहा कि कनाडाई खालिस्तान आंदोलन के नेता द्वारा हिंदू कनाडाई लोगों पर यह 'प्रत्यक्ष हमला' हिंदू मंदिरों पर हाल के हमलों और 'आतंकवादियों' द्वारा हिंदू प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के सार्वजनिक जश्न को और बढ़ा रहा है। इस बीच, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बहस्पतिवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच विवादों के शीघ्र समाधान की उम्मीद की, यह देखते हुए कि पंजाबी वहां बड़ी संख्या में रहते हैं और बिगड़ते संबंधों ने उन्हें घबराहट की स्थिति में छोड़ दिया है। बैठक के बाद बादल ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों देशों के बीच बिगड़ते संबंधों के कारण बड़ी संख्या में सिखों सहित पंजाबियों की परेशानियों के बारे में सुनना बहुत परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा कि पंजाबियों में घबराहट की भावना है। दोनों सरकारों, भारत की और कनाडा की, को जल्द से जल्द समाधान निकालना चाहिए।

## खालिस्तान समर्थक...

मोगा जिले के दुनेके कलां गांव से था और वह दिसंबर 2017 में कनाडा भाग गया था। दुनेके दविंदर बंबीहा गिरोह का सक्रिय सदस्य था और कनाडा में गैंगस्टर से आतंकवादी बने अर्श दल्ला, गैंगस्टर लकी पटिआल, मलेशिया के गैंगस्टर जकपाल सिंह उर्फ लाली तथा अन्य अपराधियों का करीबी था। सूत्रों ने बताया कि खूंखार गैंगस्टर दुनेके विदेशी धरती से अपना गिरोह चला रहा था। साथ ही वह उगाही का रैकेट चलाने, स्थानीय सहयोगियों की मदद से पंजाब और आस-पास के इलाकों में विरोधी गिरोह के सदस्यों की हत्या कराने तथा विदेशों में बसे सहयोगियों के नेटवर्क के प्रबंधन में भी शामिल था। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में पंजाब और आसपास के इलाकों में दुनेके की ओर से वसूली के लिए फोन करने की घटनाएं बढ़ी थीं। जनवरी में दुनेके के दो सहयोगियों- कुलविंदर सिंह उर्फ किंडा और परमजीत सिंह पम्मा को काउंटर-इंटेलिजेंस विंग (बठिंडा) ने गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से तीन पिस्तौल और कारतूस जब्त किए गए थे। ये दोनों लोग दुनेके के उगाही गिरोह का हिस्सा थे। सूत्रों ने बताया कि दुनेके के पिता की 1990 में मौत हो गई थी और उसे अनुकंपा के आधार पर मोगा के उपायुक्त कार्यालय में चपरासी की नौकरी मिल गई थी। उन्होंने बताया कि दुनेके ने आठ वर्ष तक नौकरी की थी और इस दौरान वह नशे का आदी हो गया था। उसके खिलाफ 2022 में लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। पिछले साल मार्च में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी संदीप नांगल अंबियां की हत्या के मामले में भी उसका नाम सामने आया था। उस पर हत्या के लिए शूटर का इंतजाम करने का आरोप था। जनवरी 2022 में बंबीहा गिरोह के शूटरों द्वारा प्रतिद्वंद्वी गिरोह के दो सदस्यों मनप्रीत सिंह और विक्की सिंह की हत्या के मामले में भी दुनेके का नाम सामने आया था।

## सैनफ्रांसिस्को में...

और अधिकारियों पर हमला किया था। एनआईए ने कहा कि एक-दो जुलाई की मध्य रात्रि कुछ आरोपी वाणिज्य दूतावास में घुसे और उसे आग के हवाले करने की कोशिश की। एनआईए ने 16 जून को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की थी। मामले की जांच के सिलसिले में एनआईए की एक टीम ने अगस्त में सैन फ्रांसिस्को का दौरा किया था।

## सियासत के...

ऊपरी मंजिल (अपर ग्राउंड फ्लोर) पर कमरा आवंटित किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कमरा जी-34 दिया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी-31, पीयूष गोयल जी-30, निर्मला सीतारमण जी-12, नरेंद्र सिंह तोमर जी-11, एस जयशंकर जी-10 में बैठेंगे। जबकि प्रथम तल पर नारायण राणे एफ-39, सर्बानंद सोनोवाल एफ-38, वीरेंद्र कुमार एफ 37, गिरिराज सिंह एफ 36, ज्योतिरादित्य सिंधिया एफ-20, पशुपति कुमार पारस एफ-19, गजेंद्र सिंह शेखावत एफ-18, किरण रिजुजू एफ-17, आरके सिंह एफ-16 आदि को कमरे आवंटित किए गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आवंटित कमरा नंबर 34 पर उन्होंने कहा कि संख्या 34 का अंक ज्योतिष सार आम तौर पर दूसरों के साथ सहज वार्तालाप होता है, लेकिन इसमें रहने वाला सक्रिय रूप से अवसरों की तलाश नहीं कर पाता है। उन्होंने कहा कि इस कमरे में बैठने से खुशी और दूसरे के दखल (ऑक्युपेंसी) में काफी वृद्धि होगी। गडकरी को आवंटित कमरा नंबर 31 पर वाजपेयी ने कहा कि यहां बैठकर लिए गए फैसले पर अनुमान से अधिक खर्च आएगा। उन्होंने कहा, लेकिन काम पूरा होना इतना आसान होगा कि काम के प्रति मन में कोई खास तनाव नहीं रहेगा। जहां तक ? पीयूष गोयल के कमरा नंबर 30 की बात है तो यहां लिए गए फैसले मध्यम रूप से सफल रहेंगे। ज्योतिषी ने कहा, हालांकि आपको कार्यस्थल पर अधिक विरोध का सामना करना पड़ेगा। किरेन रिजिजू के ऑफिस का नंबर एफ-17 बताता है कि यह स्थान पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा और कम मेहनत में भी अधिक सफलता प्रदान करेगा। आरके सिंह को कार्यालय के रूप में एफ-16 आवंटित किया गया है जो यह दर्शाता है कि जो भी काम हाथ में लेंगे उसके लिए ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ेगा और काम उम्मीद से कम मेहनत में ही पूरा हो जाएगा। वाजपेयी ने कहा कि प्रत्येक संख्या के साथ विशिष्ट विशेषताएं जुड़ी होती हैं और यह एक विशिष्ट कंपन का प्रतीक है। वे हमारे जीवन और हमारे द्वारा दुनिया में आने के क्षण से ही लिए गए निर्णयों को प्रभावित करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हमारी जन्मतिथि हमारे जीवन के संपूर्ण पाठ्यक्रम को नियंत्रित करती है। पुराने संसद भवन में लोकसभा में 545 और राज्यसभा में 245 सांसदों के बैठने की जगह है। लेकिन नए भवन से लोकसभा कक्ष में 888 सांसदों को सुविधा होगी। संयुक्त संसद सत्र की स्थिति में 1,272 सांसद बैठ सकेंगे। नए भवन में राज्यसभा कक्ष में 384 सांसद आराम से रह सकते हैं।

# रूस ने यूक्रेन में पूर्व से पश्चिम तक के शहरों पर ताबड़तोड़ हमले किए

## दो लोगों की मौत

भाषा। कीव

**रूस ने** बृहस्पतिवार को मिसाइल और तोप से यूक्रेन के पूरब से लेकर पश्चिम तक के शहरों पर हमला किया जिससे कई स्थानों पर आग लग गई और कम से कम दो लोग मारे गए। कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस द्वारा ए हमले ऐसे समय में किए गए हैं जब पोलैंड ने व्यापार विवाद के चलते हथियारों की आपूर्ति रोक दी है। रूस ने तड़के बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के मौके पर गत एक महीने के सबसे बड़े हमले को अंजाम दिया। मिसाइल से ए हमले ऐसे समय में किए गए जब न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा का सलाना सम्मेलन शुरू हुआ है, जहां पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस को आंतकवादी राष्ट्र करार दिया। जेलेंस्की ने अपने भाषण में यूक्रेन के शांति फॉर्मूले को सामने रखा। उनको बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और कांग्रेस नेताओं से मिलना था जहां 24 अरब अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त राहत पैकेज पर चर्चा होनी थी। यूक्रेन के प्रमुख समर्थकों में से एक पोलैंड ने कहा कि वह अपने हथियारों की आपूर्ति पड़ोसी देश को करने पर रोक लगा रहा है क्योंकि वह स्वयं अपनी सेना का आधुनिकीकरण कर रहा है। लेकिन उसने इनकार किया कि इस निर्णय का संबंध यूक्रेन से अनाज के आयात पर अस्थाई रोक को लेकर उत्पन्न विवाद से है। पोलैंड के प्रधानमंत्री माटुस्ज़ मोराविएकी ने कहा कि इस फैसले से उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) और अमेरिका द्वारा पोलैंड के रास्ते हथियारों की होने वाली आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।



### जेलेंस्की और मदद पाने की उम्मीद के साथ वाशिंगटन पहुंचे

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अधिक मदद प्राप्त करने की उम्मीद के साथ बृहस्पतिवार को वाशिंगटन की एकदिवसीय यात्रा पर पहुंचे। लेकिन उन्हें इस बार रिपब्लिकन सांसदो के सवालों का सामना करना पड़ेगा, जो 19 महीने से रूस के साथ जारी युद्ध के लिए दी जा रही मदद पर सवाल उठा रहे है। जेलेंस्की सीनेट और प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव) के रिपब्लिकन एवं डेमोक्रेटिक नेताओ से निजी तौर पर वार्ता करने के लिए यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद) पहुंचे है। वह व्हाइट हाउस मे राष्ट्रपति जो बाइडन से भी मुलाकात करेंगे और पेंटागन मे अमेरिकी सैन्य अधिकारियो से चर्चा करेंगे। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव मे अल्पमत के नेता हकीम जेफरीज ने कैपिटल मे जेलेंस्की की अगवानी की। निचले सदन मे रिपब्लिकन नेता ने कहा था कि वह जेलेंस्की से यूक्रेन युद्ध को लेकर कड़े सवाल पूछेंगे और उन्होने कैमरा के सामने राष्ट्रपति का अभिवादन नही किया।

# ट्रूडो की पार्टी के सांसद ने हिंदुओं को धमकी दिए जाने की आलोचना की

भाषा। टोरंटो

**भारत-कनाडा** राजनयिक विवाद के बीच प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की पार्टी के एक भारतीय-कनाडाई सांसद ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद के महिमामंडन और देश में हिंदुओं को निशाना बनाने पर नाराजगी जताई है। खालिस्तान आंदोलन के एक नेता के समर्थन वाले चरमपंथी तत्वों ने कनाडा में रह रहे भारतीयों को खुले तौर पर कनाडा से जाने की धमकी दी है, जिसके बाद कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में नेपियन का प्रतिनिधित्व करने वाले चंद्र आर्य ने यह तीखी प्रतिक्रिया जताई। लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा के सदस्य आर्य ने कहा, कुछ दिन पहले कनाडा में खालिस्तान आंदोलन के नेता और तथाकथित जनमत संग्रह कराने वाले सिख फॉर जस्टिस के अध्यक्ष गुरपतवंत सिंह पन्नून ने हिंदू कनाडाई लोगों पर निशाना साधते हुए हमसे कनाडा छोड़ने और भारत वापस जाने के लिए कहा। भारतीय-कनाडाई सांसद ने एक्स पर लिखा, मैंने कई हिंदू-कनाडाई लोगों से सुना है जो इस तरह निशाना बनाए जाने से भयभीत हैं। मैं हिंदू-कनाडाई लोगों से शांत लेकिन सतर्क रहने का आग्रह करता हूं। कृपया हिंदूफोबिया की किसी भी घटना की सूचना अपनी स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों को दें। आर्य ने कहा कि खालिस्तान आंदोलन के नेता हिंदू कनाडाई लोगों को जवाबी कार्वाई और कनाडा में हिंदू और सिख समुदायों को विभाजित करने के लिए उकसाने की कोशिश कर रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जून में सरे में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार के एजेंटों का हाथ होने की आशंका जताई, जिसके बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद खड़ा हो गया। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया ।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण कोरिया के नेता ने उत्तर कोरिया, रूस के बीच हथियार सहयोग पर दुनिया के देशों को आगाह किया

**संयुक्त राष्ट्र।** उत्तर कोरिया और रूस के बीच हाल मे हुए संवाद को लेकर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने दुनिया के अन्य देशों को आगाह करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य रूस द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को दरकिनार करने की कोई भी कार्वाई खतरनाक और विरोधाभासी होगी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के समक्ष अपने संबोधन मे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक एओल ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की पिछले सप्ताह की रूस यात्रा का जिक्र किया। किम ने रूस के सुदूरवर्ती पूर्वी क्षेत्र मे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं ने कहा था कि वे रक्षा मुद्दे पर सहयोग कर सकते है लेकिन उन्होने इस बारे मे कोई विशिष्ट जानकारी नही दी। इससे दक्षिण कोरिया और अमेरिका सहित उसके सहयोगी देश असहज हो गए थे। यूं ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के नेताओं के वार्षिक कार्यक्रम के दूसरे दिन अपने साथी नेताओं को बताया, यह विरोधाभासी है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का एक स्थाई सदस्य, जिसे विश्व शांति के अंतिम संरक्षक का जिम्मा सौंपा गया है, वह दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण करके युद्ध छेड़ देता है और एक ऐसे शासन से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करेगा जो सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन करता है। यूं ने कहा, अगर उत्तर कोरिया रूस को पारंपरिक हथियार देने के बदले मे अपने सामूहिक विनाश के हथियारों को बढ़ाने के लिए आवश्यक सूचना और प्रौद्योगिकी प्राप्त करता है , तो यह दक्षिण कोरिया के लिए भी अस्वीकार्य होगा।

### लेबनान ने अमेरिकी दूतावास के बाहर गोलीबारी की जांच शुरू की

**बेरूत।** लेबनान की सुरक्षा एजेंसियो ने देश में अमेरिकी दूतावास के बाहर देर रात हुई गोलीबारी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियो ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बेरूत के उत्तरपूर्वी अवकार उपनगर में कड़ी सुरक्षा वाले दूतावास के प्रवेश द्वार के आसपास छोटे हथियारों से बुधवार रात की गई गोलीबारी की किसी ने जिम्मेदारी नही ली है। हमले मे कोई हताहत नही हुआ। अभी यह स्पष्ट नही है कि क्या यह घटना राजनीति से प्रेरित हमला है। अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता जैक नेल्सन ने कहा, कोई घायल नही हुआ और हमारा परिसर सुरक्षित है। हम मेजबान देश के कानून प्रवर्तन प्राधिकारियो के साथ निकट संपर्क मे है। लेबनान के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि गोलीबारी के तुरंत बाद लेबनानी सेना ने दूतावास के आसपास कुछ कदम उठाए और बाद मे सुरक्षा एजेंसियो ने इलाके मे लगे कैमरों की फुटेज खंगालने समेत जांच शुरू कर दी है। इस साल 18 अप्रैल को बेरूत मे अमेरिकी दूतावास पर घातक बम हमले की 40वीं बरसी थी।

### विदेशी फिल्म समारोह में छाई सिया

**मुंबई।** दृश्यम फिल्मस द्वारा एक अलहदा विषय पर बनाई गई एक सशक्त सिनेमाई पेशकश सिया ने अपनी रिलीज़ का एक साल पूरा कर लिया है। एक अहम सामाजिक विषय को उठाती आला दर्जे की फ़ल्मि सिया पिछले साल 16 सितम्बर के दिन ही रिलीज़ हुई थी। सिया ने लोगों के ज़हन में जगह बनाने, लोगों के बीच एक नई बहस छेड़ने के अलावा दुनिया भर के फ़िल्म महोत्सवों में भी खूब सराहना पाने में सफलता अर्जित की। सिया ने न्यूयॉर्क इंडियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल, यूके एशियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल, इंडियन फ़िल्म फ़ेस्टिवल ऑफ़ मेलबर्न जैसे फ़ल्मि महोत्सवों में अपना सिक्का जमाया और दर्शकों का भरपूर प्यार पाया। फ़िल्म सिया के ज़रिए निर्देशक मनीष मुंद्रा ने भले ही निर्देशनन के क्षेत्र में क़दम रखा हो, लेकिन उनकी पहचान पहले से ही एक जाने-माने निर्माता के तौर होती रही है. पहली बार निर्देशन कर रहे मनीष मुंद्रा के सशक्त निर्देशन के अलावा फ़ल्मि के लीड कलाकारों - विनीत कुमार सिंह और पूजा पांडे भी अपने दमदार अभिनय से फ़ल्मि को एक अलग ही मुकाम पर ले जाने में सफल साबित होते हैं। सिया में दिखाया गया है कि कैसे एक 17 साल की लड़की के साथ रेप होता है, मगर इसके बावजूद लड़की हार नहीं मानती हैं और ताकतवर लोगों के समूहों द्वारा बार-बार सताये जाने पर भी वो अपने लिए न्याय की लड़ाई पूरे हिम्मत के साथ लड़ती है। सिया के माध्यम से पहली बार निर्देशन की कमान संभालने वाले निर्देशक मनीष मुंद्रा अपनी इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए कहते हैं, सिया का निर्देशन करना मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव होने के साथ-साथ काफ़ी ज्ञानवर्धक अनुभव भी साबित हुआ।

### नहीं सुलझ पा रही अमेरिका के मूल निवासियों के लापता होने की गुत्थी

**हार्डिन (अमेरिका)।** दुनियाभर मे मानवाधिकारो का दम भरने वाले अमेरिका के अपने मूल निवासी (नैटिव अमेरिकन) दशको से उत्पीड़न का शिकार होते रहे है और उनकी दुर्दशा का आलम यह है कि समुदाय के हजारों लोग पिछले कुछ वर्षों मे लापता हो चुके है या उनकी हत्या कर दी गई है लेकिन उनकी सुध लेने वाला तक कोई नही है। योलांदा फ्रेजर छोटे-से शहर मोटाना मे सड़क किनारे बने एक स्मारक पर फूट-फूट कर रो रही है जहां उनकी 18 वर्षीय पोती केसेरा स्टॉप्स प्रीटि प्लेसेस का सड़ी-गली हालत मे शव मिला था। वह एक नैटिव अमेरिकन शहर से लापता हो गई थी। लेकिन चार साल बाद भी इसका कोई जवाब नही मिला है कि मूल निवासी समुदाय की युवती की हत्या किसने की। कोई संदिग्ध नही पकड़ा गया। कोई गिरफ्तारी नही की गई। फ्रेजर का दुख हर मूल निवासी परिवार की दास्तां है जिनके प्रियजन लापता हो गए है लेकिन आज तक उनका कोई सुराग नही मिला है। फ्रेजर ने कहा, मेरा भतीजा विक्टर, मेरा भतीजा डेन फिशर, मेरी करीबी रिश्तेदार क्रिस्टी रोज वुडनथाइ और भी न जाने कितने लोग। मूल निवासी और अन्य लोगो की जिंदगियो मे फर्क है....लेकिन हमारी आवाज बुलंद हो रही है। अमेरिकी अधिकारी इन असुलझे मामलो पर निराश जताते है जिन्हे आलोचक नस्लीय अन्याय बताते है।

### हम हर दिन इजरायल से संबंध सामान्य बनाने के करीब पहुंच रहे हैं: मोहम्मद बिन सलमान

वाशिंगटन। सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने कहा है कि उनका देश इजरायल से संबंध सुधारने की दिशा मे हर दिन आगे बढ़ रहा है। हालांकि उन्होने कहा कि फलस्तीनियो के साथ व्यवहार एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है जिसे हल किया जाना है। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में यह बात कही।सऊदी अरब अमेरिका के साथ एक बड़े समझौते पर चर्चा कर रहा है जिसमे वह अमेरिका से रक्षा समझौते और अपने नागरिक परमाणु कार्यक्रम को विकसित करने में सहायता के बदले इजरायल के साथ संबंधो को सामान्य बनाएगा। सउदी अरब ने कहा है कि किसी भी सौदे के लिए फलस्तीनियो के देश के निर्माण की दिशा में बड़ी प्रगति की आवश्यकता होगी। बुधवार को प्रसारित स्पेशल रिपोर्ट विद ब्रेट बेयर में सलमान से पूछा गया कि सऊदी अरब इजरायल से रिश्ते सामान्य बनाने के लिए क्या कर रहा है, तो उन्होंने कहा, हमारे लिए फलस्तीन का मुद्दा काफी महत्वपूर्ण है। हम इसे हल करना चाहते है। उन्होंने कहा, हमें ए देखना होगा कि हमें कहां जाना है। हमें उम्मीद है कि हम एक ऐसे मुकाम पर पहुंचेंगे, जहां फलस्तीनियो का जीवन आसान होगा जबकि इजरायल मध्यपूर्व मे एक बड़ा खिलाड़ी होगा

### पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक कंजर्वेटिव समर्थक, 2017 में सब कुछ बदल गया

**मैनचेस्टर।** युद्ध के तत्काल बाद की अवधि मे कई देशो में, पुरुषो की तुलना मे महिलाएं अक्सर दक्षिणपंथी पार्टियो की समर्थक रही। ऐसा माना जाता है कि यह पारंपरिक लिंग अंतर महिलाओं की अधिक धार्मिकता और वामपंथ की सामाजिक संस्थाओ, जैसे ट्रेड यूनियनो तक कम पहुंच पर आधारित था। हालाँकि, कई धनी देशो मे, एक आधुनिक लिंग अंतर उभरा है। इन देशो मे पुरुषो की तुलना मे महिलाएं वामपंथी पार्टियो का समर्थन करने की अधिक संभावना रखती हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका मे, 1980 के बाद से हर चुनाव मे पुरुषो की तुलना मे महिलाओ के एक बड़े अनुपात ने राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार के लिए मतदान किया है। यह समझाने की कोशिश करते समय कि महिलाएं और पुरुष अलग-अलग वोट क्यो करते है, शोध ने लंबे समय से लिंग आधारित मूल्यो मे बदलाव की भूमिका पर जोर दिया है। यह विचार है कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी, हमारे मूल्य बदलते है और हमारा राजनीतिक झुकाव भी उन नए मूल्यो के अनुरूप बदलता है। लेकिन इस साल के ब्रिटिश सोशल एटीट्यूड सर्वेक्षण के एक अध्याय में, हमने पाया है कि यूके मे, मतदान मे लिंग अंतर बदलते मूल्यो की तुलना मे बदलती घटनाओ से अधिक जुड़ा हुआ लगता है।

### भारतीय वैज्ञानिक डॉ. स्वाति नायक को नॉर्मन ई. बोरलॉग पुरस्कार

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई) की शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. स्वाति नायक को फील्ड रिसर्च एंड एप्लीकेशन के लिए प्रतिष्ठित नॉर्मन ई. बोरलॉग अवॉर्ड 2023 के वास्ते नामित किया गया है।नायक, नई दिल्ली स्थित आईआरआरआईमें सीड सिस्टम एंड प्रोडक्ट मैनेजमेंट के लिए दक्षिण एशिया प्रमुख है।यह पुरस्कार नोबल पुरस्कार विजेता एवं हरित क्रांति के प्रमुख डॉ. नॉर्मन बोरलॉग की याद मे 40 से कम उम्र के उन असाधारण वैज्ञानिको को दिया जाता है, जो खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, भूख उन्मूलन के क्षेत्र मे काम करते है।

### नेपाल के पीएम प्रचंड 23 सितंबर से आठ दिवसीय चीन यात्रा शुरू करेंगे

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड राष्ट्रपति शी चिनफिंग समेत शीर्ष चीनी नेताओ से बातचीत के लिए 23 सितंबर से आठ दिवसीय चीन यात्रा शुरू करेंगे। इस दौरान वे द्विपक्षीय संबंधो को और प्रगाढ़ बनाने के लिए चीनी नेताओं से वार्ता करेंगे। प्रचंड, चीन के पूर्वी शहर हांगझोऊमें होने वाले 19वें एशियाई खेलो के उद्घाटन समारोह मे भी शिरकत करेंगे।नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सऊद के साथ प्रचंड फिलहाल संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र मे शामिल होने के लिए अमेरिका मे है, जहां से वह 23 सितंबर को चीन की अपनी आधिकारिक यात्रा के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री प्रचंड, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के निमंत्रण पर 23 से 30 सितंबर तक चीन की आधिकारिक यात्रा पर जा रहे है।

### बाइडन ने वेनेजुएला वासियों की रक्षा का आश्वासन दिया

**वाशिंगटन।** दक्षिणी अमेरिकी देश वेनेजुएला से आए लाखो की तादाद मे वेनेजुएला वासियो सहित अन्य लोगो के मेक्सिको के रास्ते अमेरिकी सीमा मे प्रवेश की कोशिशो के बीच बाइडन प्रशासन ने कहा है कि वह देश मे मौजूद हजारो वेनेजुएला वासियो को अस्थाई कानूनी दर्जा दे रहा है। गृह सुरक्षा मंत्रालय ने 31 जुलाई, 2023 तक अमेरिका आए करीब 4,72,000 वेनेजुएला वासियो को अस्थाई संरक्षित दर्जा देने और देश मे काम करने का अधिकार देने की योजना बनाई है।

# पाकिस्तान में जनवरी 2024 में होंगे आम चुनाव

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि देश में आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में कराए जाएंगे। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के राजनीतिक दल समय पर चुनाव कराने का लगातार दबाव बना रहे थे जिसके बाद आयोग ने यह घोषणा की है। आयोग ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि उसने निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य की समीक्षा की है और परिसीमन किए गए निर्वाचन क्षेत्रों की शुरुआती सूची 27 सितंबर को जारी की जाएगी। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दल शुरुआती सूची पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं जिसके बाद वह सभी आपत्तियों और सुझावों पर विचार करेगा। आयोग ने बताया कि सूची के संबंध में आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद 30 नवंबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी और उसके बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया कि परिसीमन की कार्यवाही पूरी होने के बाद आयोग 54 दिनों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा



और मतदान की प्रक्रिया जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में संपन्न कराई जाएगी। पाकिस्तान में कानून के तहत नेशनल असंबेली को भंग करने के 90 दिनों के भीतर आम चुनाव कराए जाने चाहिए, जिसे नौ अगस्त को भंग कर दिया गया था। हालांकि,इस साल हुई नई जनगणना की वजह से निर्वाचन आयोग के लिए परिसीमन की प्रक्रिया शुरू करना अनिवार्य हो गया था। पूर्ववर्ती सरकार ने कार्यकाल पूरा होने से महज कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि नई जनगणना रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किया जाएगा और उसके बाद आम चुनाव कराए जाएंगे। इसके बाद से ही आशंका जताई जा रही थी कि नेशनल असेंबली को भंग करने के 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने की मियाद का अनुपालन नहीं होगा और चुनाव अगले साल तक होंगे क्योंकि परिसीमन की प्रक्रिया में चार महीने का समय लगता है।विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा समय से चुनाव कराने को लेकर ईसीपी पर बनाए जा रहे दबाव के बीच आयोग ने परिसीमन की प्रक्रिया तय समय सीमा से कम समय में करने का फैसला किया। पाकिस्तान के संविधान के तहत निर्वाचन आयोग को 120 दिन की अवधि में परिसीमन का कार्य पूरा करना होता है।मौजूदा समय में पाकिस्तान में कार्यवाहक सरकार शासन कर रही है और निर्वाचन के बाद नया प्रधानमंत्री चुने जाने तक वह देश की बागडोर संभालेगी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार-उल-हक काकड़ ने कहा कि अंतरिम सरकार आम चुनाव कराकर पाकिस्तान में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बनाए रखने को लेकर प्रतिबद्ध है और वह इस बारे में कोई बहाना नहीं बनाएगी।

### पाक की भ्रष्टाचार रोधी संस्था पूर्व पीएम शरीफ, पूर्व राष्ट्रपति जरदारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले फिर से खोलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और पूर्व राष्ट्रपति जरदारी समेत अन्य नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों को फिर से खोलने का सैद्धांतिक तौर पर फैसला किया है। भ्रष्टाचार रोधी कानून में हालिया संशोधन को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। डॉन अखबार की रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया कि राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने भ्रष्टाचार मामलों का एक ब्योरा जवाबदेही अदालतों को सौंपा है और उनसे कहा है कि भ्रष्टाचार के उन मामलों को फिर से खोला जाए, जिनका संबंध 50 करोड़ रुपए से कम की राशि से है। पिछले सप्ताह पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने देश के भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में हालिया संशोधन को रद्द करते हुए सार्वजनिक पदों पर आसीन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों को बहाल कर दिया, जिनमें पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, शहबाज शरीफ, यूसुफ रजा गिलानी, राजा परवेज अशरफ, शौकत अजीत, इमरान खान और शाहिद खाकान अब्बासी के नाम शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की ओर से पिछले साल दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया था। याचिका में पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तत्कालीन सरकार द्वारा जवाबदेही कानूनों में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई थी।

## नवाज की पाकिस्तान वापसी से पहले कुछ गारंटी चाहते हैं शरीफ बंधु

**इस्लामाबाद-लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी प्रमुख नवाज शरीफ और उनके भाई शहबाज शरीफ अगले महीने नवाज की पाकिस्तान वापसी से पहले कुछ गारंटी चाहते हैं। यह जानकारी बृहस्पतिवार को मीडिया में प्रकाशित एक रिपोर्ट से मिली। डॉन समाचारपत्र की खबर के अनुसार, दो दिन पहले लंदन से लाहौर लौटे शहबाज फिर से अपने बड़े भाई नवाज शरीफ से मुलाकात के लिए बृहस्पतिवार को विमान से रवाना होंगे। तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज (73) के 21 अक्टूबर को पाकिस्तान लौटने और अगले कुछ महीनों में होने वाले आम चुनाव में पीएमएल-एन पार्टी का नेतृत्व करने की उम्मीद है। इसमें कहा गया, क्या भ्रष्टाचार रोधी निगरानी इकाई राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) चौधरी शुगर मिल्स मामले में नवाज की संरक्षण जमानत का विरोध करेगी... यह देखने को मिलेगा जब अपनी नियोजित वापसी से पहले पार्टी प्रमुख इसके लिए आवेदन करेंगे। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र के हवाले से डॉन ने कहा, शरीफ बंधु नवाज की वापसी से पहले कुछ गारंटी चाहते हैं।

# भारत में अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का लगातार, चिंताजनक क्षरण हो रहा : संरा विशेष प्रतिवेदक

भाषा। वाशिंगटन

**अल्पसंख्यक** मामलों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक फर्नांड डी वेरेन्स ने यूएससीआईआरएफ से कहा कि भारत में विशेषकर धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का लगातार और चिंताजनक क्षरण हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक ने बुधवार को एक सुनवाई के दौरान अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) से कहा कि भारत में हालात को तीन शब्दों में संक्षेप में बताया जा सकता है – व्यापक, व्यवस्थित और खतरनाक। यूएससीआईआरएफ ने घोषणा की थी कि वह 20 सितंबर को भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर सुनवाई करेगा। भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन वाली यूएससीआईआरएफ की पूर्व की एक रिपोर्ट को पहले भी खारिज किया था। डी वेरेन्स ने आरोप लगाया कि भारत में खासतौर से धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का लगातार और चिंताजनक क्षरण हो रहा है। उन्होंने कहा, भारत के खासतौर से धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों जैसे कि मुस्लिम, ईसाई, सिख और अन्य को निशाना बनाते हुए व्यापक पैमाने पर उल्लंघन और दुरुपयोगों के कारण अस्थिरता, अत्याचार तथा हिंसा के दुनिया के प्रमुख जन्मदाता में से एक बनने का जोखिम है।

# महाराजा चार्ल्स तृतीय फ्रांस की अपनी यात्रा के दूसरे दिन नोट्रे डेम कैथेड्रल जाएंगे

**पेरिस।** महाराजा चार्ल्स तृतीय ने बृहस्पतिवार को फ्रांस के सांसदों को संबोधित करते हुए फ्रांस और ब्रिटेन के अपरिहार्य संबंध और यूक्रेन में युद्ध व जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उनकी क्षमता की सराहना की फ्रांस की राजकीय यात्रा के दूसरे दिन चार्ल्स ने पेरिस के उत्तरी शहर में खेल समूहों से भी मुलाकात की। उनका आग से क्षतिग्रस्त हुए नोट्रे डेम कैथेड्रल का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।सीनेट में एकत्र उच्च व निम्न दोनों सदनों के सांसदों ने अपने स्थान पर खड़े होकर तालियां बजाते हुए महाराजा चार्ल्स का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच साझेदारी बनी रहना वाकई में बहुत जरूरी है,



क्योंकि साथ मिलकर हम इस दुनिया की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। चार्ल्स ने कहा कि ब्रिटेन, फ्रांस के सबसे करीबी और अच्छे दोस्तों में से एक होगा। उन्होंने कहा, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के जवाब में हमारी प्रतिबद्धता और हमारा गठबंधन पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

# हाथ की गंध बता देती है स्वास्थ्य का हाल

## शरीर की गंध भी है पहचान का साधन

भाषा। फ्लोरिडा

**ताजा कटी** घास की सुगंध से लेकर किसी प्रियजन की गंध तक, अपने जीवन के हर हिस्से में आप खुशबू का सामना करते हैं। आप न केवल लगातार गंध से घिरे रहते हैं, बल्कि इसे पैदा भी कर रहे हैं। और यह इतना विशिष्ट है कि इसका उपयोग आपको आपके आस-पास के सभी लोगों से अलग बताने के लिए किया जा सकता है।आपकी गंध एक जटिल उत्पाद है जो आपके आनुवंशिकी सहित कई कारकों से प्रभावित होती है। शोधकर्ताओं का मानना है कि जीन का एक विशेष समूह, प्रमुख हिस्टोकम्पैटिबिलिटी कॉम्प्लेक्स, गंध उत्पादन में एक बड़ी भूमिका निभाता है। ए जीन शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया में शामिल होते हैं और माना जाता है कि ए विशिष्ट प्रोटीन और रसायनों के उत्पादन को एन्कोड करके शरीर की गंध को प्रभावित करते हैं। लेकिन एक बार जब आपका शरीर इसे पैदा कर लेता है तो आपकी गंध स्थिर नहीं रहती। जैसे ही पसीना, तेल और अन्य स्राव आपकी त्वचा की सतह पर आते हैं, सूक्ष्म जीव टूट जाते हैं और इन यौगिकों को बदल कर इनमें उन गंधों को जोड़ देते हैं जो आपकी खुशबू बनाती हैं।यह सुगंध मिश्रण आपके शरीर से निकलता है और आपके आस-पास के वातावरण में बस जाता है। और इसका उपयोग किसी विशेष व्यक्ति को ट्रैक करने, पता लगाने या पहचानने के साथ-साथ स्वस्थ और अस्वस्थ लोगों के बीच अंतर करने के लिए किया जा सकता है।हम शोधकर्ता के रूप में वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों नामक गैसीय रसायनों का पता लगाने और लक्षण वर्णन के माध्यम से मानव गंध का अध्ययन करने में विशेषज्ञ हैं। ए गैसें फोरेंसिक शोधकर्ताओं और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं दोनों के लिए प्रचुर मात्रा में जानकारी दे सकती हैं।शरीर की गंध का विज्ञान-जब आप किसी दूसरे व्यक्ति के करीब होते हैं, तो आप उन्हें छुए बिना ही उनके शरीर की गर्मी महसूस कर सकते हैं। आप बहुत करीब आए बिना भी उन्हें सूंघने में सक्षम हो सकते हैं। मानव शरीर की प्राकृतिक गर्मी उसके चारों ओर की हवा के साथ तापमान में अंतर पैदा करती है। आप अपनी निकटतम हवा को गर्म करते हैं, जबकि दूर की हवा ठंडी रहती है।

### 42 ग्राम बादाम खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम

**मुंबई।** हर साल दुनिया भर में कार्डियोवैस्कुलर रोगों एवं इसके प्रभाव के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए विश्व हृदय दिवस 29 सितम्बर को मनाया जाता है। जर्नल ऑफ अमेरिकल हार्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक सेहतमंद आहार के साथ रोजाना 42 ग्राम बादाम खाने से दिल की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। स्नैक्स के रूप में बादाम का सेवन करने से कमर और पेट पर जमा फैट कम होता है, जो दिल की बीमारियों का मुख्य कारण है। हाल ही में प्रकाशित एक समीक्षा लेख के मुताबिक भारत में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारण मृत्यु दर (282 मौतें/100,000) शेष दुनिया (233 मौतें/ 100,000) की तुलना में अधिक है। इसी तरह भारत में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारण अपंगता की विश्वस्तरीय औसत की तुलना में 1.3 गुना अधिक है। दिल की सेहत और विश्व हृदय दिवस के महत्व पर बात करते हुए डॉ रोहिणी पाटिल, एमबीबीएस एवं पोषण विशेषज्ञ ने कहा, "यह मिथक है कि दिल की बीमारियां ज़्यादातर पुरूषों को होती हैं, भारत में आज दिल की बीमारियां महिलाओं में भी मृत्यु का मुख्य कारण बन चुकी हैं, जहां महिलाओं की मौतों के 18 फीसदी मामलों का कारण दिल की बीमारियां ही होती हैं। इसके कई मुख्य कारण हैं जैसे हाई ब्लड प्रेशर, कॉलेस्ट्रॉल अधिक होना, डायबिटीज, मोटापा, शराब का सेवन बहुत अधिक मात्रा में करना और धूम्रपान। दिल के लिए सेहतमंद आहार के सेवन, नियमित व्यायाम, धूम्रपान न करने, वजन को नियन्त्रित रखने, तनाव प्रबन्धन और डायबिटी? के नियन्त्रण के द्वारा दिल की बीमारियों की संभावना को कम किया जा सकता है। कुछ क्लिनिकल ट्रायल्स में पाया गया है कि बादाम के सेवन से एलडीएल कॉलेस्ट्रॉल कम होता है, जिससे कोरोनरी दिल के रोगों की संभावना कम हो जाती है।

## ईरान की संसद ने हिजाब के संबंध में पारित किया सख्त कानून

**दुबई।** ईरान की संसद ने एक विधेयक पारित किया है जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर हिजाब पहनने से इनकार करने वाली महिलाओं तथा उनका साथ देने वालों पर भारी जुर्माने का प्रावधान है। ईरान ने यह कदम 22 वर्षीय महसा अमीनी की मौत के एक वर्ष पूरा होने के कुछ वक्त बाद उठाया है। महसा अमीनी को इस्लामिक परिधान परंपरा का पालन नहीं करने के आरोप में मॉरैलिटी पुलिस ने हिरासत में लिया था। बाद में अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। घटना के विरोध में देश में कई महीनों तक प्रदर्शन हुए थे और सत्ता विरोधी स्वर भी तेज हुए थे। हिजाब को लेकर पारित इस विधेयक में हिजाब नहीं लगाने पर महिलाओं पर भारी जुर्माने के अलावा उन कारोबारियों को भी दंड देने का प्रावधान है जो हिजाब नहीं पहनीं महिलाओं को सामान बेचते हैं या अन्य प्रकार की सेवाएं देते हैं। इस विधेयक के खिलाफ लामबंद होने पर अधिकार कार्यकर्ताओं को भी दंडित किए जाने की प्रावधान है।

## सुनक को नेट ज़ीरो पर पीछे हटने से सावधान रहना चाहिए

**ससेक्स।** ऋषि सुनक ने एक भाषण दिया है जिसमें उन्होंने 2035 तक नई पेट्रोल और डीजल कारों की बिक्री पर प्रतिबंध को स्थगित करने सहित प्रमुख शुद्ध शून्य लक्ष्यों में देरी की घोषणा की है। यह एक उल्लेखनीय घटना है क्योंकि यूके कंजर्वेटिव पार्टी ने पिछले 50 वर्षों में पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर कम से कम दिखावा तो किया ही है। कई बार लेबर पार्टी को भी पीछे छोड़ते हुए।कई कंजर्वेटिव सांसदों ने घोषणा पर अपनी हताशा और निराशा व्यक्त की है। क्रिस स्किडमोर, एक कंजर्वेटिव सांसद और पूर्व मंत्री, जिन्होंने इस साल सुनक के लिए नेट ज़ीरो पर एक रिपोर्ट तैयार की थी, उन्होंने रिकॉर्ड में कहा है: हम इस क्षण को सुनक की धीमी गति वाली कार दुर्घटना के रूप में देखेंगे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Urooj Fatima D/o S.A. Hussain W/o Syed Tauseef Hussain R/o 399/149-A, 3rd Floor, Street No-15, Ghaffar Manzil, Jamia Nagar New Delhi-110025 hereby declare that S.A. Hussain, Syed Anwer Hussain, Sayed Anwer Hussain Rizvi, Syed Anwar Hussain Rizvi, are the same name of one person and that's my father. Henceforth in future my fathers name is S.A. Hussain for all purposes.
PD(164)C

I, Syed Tauseef Hussain S/o Syed Ishrat Hussain, R/o 399/149-A, 3rd Floor, Street No. 15, Ghaffar Manzil Jamia Nagar, New Delhi-110025 hereby declare that both the name Ghazala Baqar & Ghazala Hussain are the same name of one person that's my mother. Henceforth in future my mother's name Ghazala Hussain for all purposes.
PD(165)C

I, Urooj Fatima D/o S.A. Hussain W/o Syed Tauseef Hussain R/o 399/149-A, 3rd Floor, Street No-15, Ghaffar Manzil, Jamia Nagar New Delhi-110025 hereby declare that both the name Hakima Hussain, Haqima Hussain & Hakima Rizvi are the same name of one person and that's my mother. Henceforth in future my mother's name is Hakima Rizvi for all purposes.
PD(166)C

PUBLIC NOTICE
To be known to all that my client, SH. ALOK KUMAR S/o SH. BADRI NATH JHA, allottee of LIG Flat No.12,Second Floor,Pocket-2, Block-C-5,Sector-G-2,Narela,Delhi has applied for execution of Conveyance Deed of aforesaid flat vide File No.L/339(2522) 2015/ DDA 14/NA in DDA.The original documents i.e. Demand/Allotment Letter,NOC to Water and Electric and Site Possession Slip of the above said flat has been lost. An NCR/LR NO.910740/2023 dated 20.09.2023to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch,Delhi.Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9873884234 within15 days from the date of publication of this notice.The person claiming any right,interest,objection with respect to this property,can personally inform or write to Deputy Director(LIG)H or Director (H), D Block, Vikas Sadan,New Delhi.

PUBLIC NOTICE
My client, Smt. Rajni Yadav and Smt. Sarita Yadav both D/o Sh Ram Babu Yadav R/o H.no-C-162 Gali No-3 C-Block Ph-III, Shiv Vihar, Karawal Nagar, Delhi-110094 are Registered Owners of Prop no-C-112-B, Old Plot no. C-55,C-56 & C-162 out of Khasra no-14/22, Village Karawal Nagar, Gali no-3, Shiv Vihar Delhi-110094 vide Registered Gift Deed dated 04.08.2023 Document no.2418 at SR IV Delhi. The previous original documents notarized GPA, ATS and Registered Receipt doc no.15708 dated 16.06.1886 & Registered Will document no.30650 dated 04.12.1991 executed by Sh. Ram Babu Yadav in favour of Smt. Sudha Devi w/o Sh. Ram Babu Yadav has been lost and in this regard NCR LR no. 918708/2023 has been filed. Above-mentioned property is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned / Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 alongwith documentary evidence under address through Registered A/d within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.
Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

# हमारी संस्कृति को विज्ञान विरोधी बताने वालों को कुछ नहीं पता : राजनाथ

**● कहा, संस्कृति और विज्ञान एक दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक**

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), वैज्ञानिकों और देशावासियों को बृहस्पतिवार को बधाई दी और कहा कि संस्कृति एवं विज्ञान एक दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं तथा भारत की संस्कृति को विज्ञान विरोधी कहने वालों को कुछ मालूम नहीं है। उन्होंने लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे राष्ट्र की उपलब्धियों के बारे में चर्चा मे हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता उन सभी लोगों के लिए गर्व का विषय है जो अपने राष्ट्र और राष्ट्र की उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। सिंह ने कहा, चंद्रयान-3 की सफलता हमारे लिए निश्चित रूप से एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि एक तरफ दुनिया के अधिकांश विकसित देश हैं, जो हमसे कहीं अधिक संसाधन-संपन्न होते हुए भी, चांद पर पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं, तो वहीं दूसरी तरफ हम बेहद सीमित संसाधनों से चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले देश बने हैं। रक्षा मंत्री ने वैज्ञानिक चेतना का उल्लेख करते हुए कहा, जब मैं यहां वैज्ञानिक चेतना की बात कर रहा हूं, तो उससे मेरा मतलब केवल कुछ वैज्ञानिक उपकरणों के विकास कर लेने भर से नहीं है। वैज्ञानिक चेतना से मेरा आशय है कि वैज्ञानिकता और तार्किकता हमारी सोच में हो, वह हमारे बात व्यवहार में हो, और वह हमारे स्वभाव में हो। सिंह ने कहा कि संस्कृति के बगैर विज्ञान और विज्ञान के बगैर संस्कृति अधूरी है, संस्कृति और विज्ञान दोनों एक दूसरे से जुड़ने के बाद ही पूर्णता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों को एक दूसरे का पूरक कहा जा सकता है, क्योंकि दोनों ही मनुष्यता के लिए जरूरी हैं। उनके मुताबिक, कभी कभी कुछ लोगों द्वारा यह भी कहा जाता है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और वैज्ञानिक चेतना में फर्क है। यह भी कहा जाता है कि वैज्ञानिक चेतना वाले हैं तो आप पीपल की पूजा कैसे कर सकते हैं, गाय की पूजा कैसे कर सकते हैं, मूर्ति पूजा कैसे कर सकते हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने इस बात पर जोर दिया, भारत में यदि कोई व्यक्ति यह कहता है कि हमारी संस्कृति विज्ञान की विरोधी है तो मुझे लगता है कि उस व्यक्ति को न तो हमारी संस्कृति का स पता है, न ही विज्ञान का व मालूम है। उनका कहना था, हमारी आस्था, हमारी संस्कृति समावेशी है। हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हमें अखिल मानवता के बंधुत्व का पाठ पढ़ाता है। हम सबने देखा कि काफी कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद, हम जी20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन कर सके, जहां घोषणापत्र पर सर्व सहमति जुटा सके। रक्षा मंत्री ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता कोई अपवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सहस्त्राब्दियों से चली आ रही देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धारा का सहज विकास है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के सूत्र देश के अतीत में ही छिपे हैं। उन्होंने कहा, ऐसा अतीत, जहां वैज्ञानिकता एक स्वभाव के रूप में विद्यमान थी। जहां विज्ञान और आस्था के बीच एक सामंजस्य था। हालांकि विदेशी आक्रांताओं के चलते, कुछ समय के लिए, थोड़ा पिछड़ापन आ गया था, पर हम एक बार फिर से हुंकार भरते हुए पहले से भी अधिक ताकत के साथ उठ खड़े हुए हैं, और सूरज, चांद, तारे छूने के लिए तैयार हैं। उन्होंने सदन को यह भी बताया कि भारत द्वारा अब तक प्रक्षेपित किए गए 424 विदेशी उपग्रहों में से 389 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले नौ वर्षों में प्रक्षेपित किए गए हैं। सिंह ने कहा कि इस सफलता के पीछे प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने द्वारा प्राचीन ज्ञान परंपरा से दिया गया संदेश है, जिसमें पूरी मानवता को एक सूत्र में बांध दिया। उन्होंने कहा, जिस तकनीक का इस्तेमाल वैज्ञानिक किसी यान को चांद या मंगल पर भेजने के लिए करते हैं, कमोबेश उसी तकनीक का इस्तेमाल मिसाइल में भी किया जाता है। पहला उपयोग मानवता के विकास में होता है, जबकि दूसरा उपयोग मानवता के विनाश में होता है। पर अपनी-अपनी रुचि है।

## सीना चौड़ा करके चीन पर चर्चा के लिए तैयार हूं: रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में कहा कि वह सदन में चीन के विषय पर सीना चौड़ा करके चर्चा के लिए तैयार हैं। उन्होंने सदन में यह टिप्पणी उस वक्त की जब कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने यह चुनौती दी कि क्या उनमें चीन के बारे में चर्चा करने की हिम्मत है। सिंह चंद्रयान-3 की सफलता के विषय पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए अपनी बात रख रहे थे और उसी दौरान चौधरी ने उन्हें यह चुनौती दी। इस पर सिंह ने कहा, पूरी हिम्मत है...अधीर रंजन जी, इतिहास में मत ले जाइए। इसके बाद रक्षा मंत्री ने कहा, चर्चा करने को तैयार हूं, सीना चौड़ा करके चर्चा को तैयार हूं। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों में नोकझोंक भी हुई।

## ममता बनर्जी स्पेन से दुबई पहुंचीं, निवेशकों के साथ बैठकें करेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्पेन की सफल यात्रा के बाद बृहस्पतिवार सुबह संयुक्त अरब अमीरात पहुंचीं जहां वह एक कारोबारी सम्मेलन समेत कई बैठकों में भाग लेंगी। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि बनर्जी का 23 सितंबर को कोलकाता लौटने तक दुबई में ही ठहरने का कार्यक्रम है। वह वहां एक कारोबारी सम्मेलन में भाग लेंगी और अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) के एक समूह से भी मुलाकात करेंगी। उन्होंने बताया, मुख्यमंत्री आज सुबह संयुक्त अरब अमीरात पहुंचीं। वह अगले दो दिन वहां रहेंगी और एक कारोबारी सम्मेलन समेत कई बैठकों में शामिल होंगी। वह एनआरआई के एक समूह से भी मुलाकात करेंगी। बनर्जी राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए 12 सितंबर को स्पेन रवाना हुई थीं। अधिकारी ने बताया कि स्पेन में उन्होंने मैड्रिड और बार्सीलोना की यात्रा की।

## क्विक न्यूज

### कोडनाड मामले का संबंध उदयनिधि पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी से ना जोड़ें : मद्रास उच्च न्यायालय

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन को निर्देश दिया कि वह कोडनाड लूट सह हत्या मामले में पूर्व मुख्यमंत्री ई.के.पलानीस्वामी का कोई संदर्भ देकर टिप्पणी नहीं करें। न्यायमूर्ति आर.एन.मंजुला ने उदयनिधि से ऐसी कोई टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया जो संबंधित मामले में अपमानजनक या गलत हो। इस मामले में पलानीस्वामी ने याचिका दायर की थी। जब याचिका सुनवाई के लिए आई तो न्यायमूर्ति ने उदयनिधि को मामले में याचिकाकर्ता का संदर्भ नहीं देने की अंतरिम रोक लगाई और उन्हें नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब तलब किया। पलानीस्वामी ने अपनी याचिका में कहा कि उदयनिधि ने सात सितंबर को सनातन धर्म पर टिप्पणी करने के दौरान उनपर निशाना साधा और कोडनाड मामले और कथित भ्रष्टाचार के मामले में उनका सदंर्भ देकर झूठा बयान दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पलानीस्वामी ने कहा कि किसी प्राथमिकी या आरोप पत्र से उनका दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है और 2017 के कोडनाड मामले में उन्हें पूछताछ तक के लिए नहीं बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई मामला लंबित नहीं है। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने कहा, यह जानते हुए भी बयान दिया गया कि आरोप झूठे हैं। मंत्री का मौजूदा प्रशासन में बहुत अधिक प्रभाव है और वे जानते हैं कि याचिकाकर्ता का दूर-दूर तक कोडनाड हत्यालूट से संबंध नहीं है। तमिलनाडु के नीलगिरी जिले स्थित कोडनाड के एक बंगले में लूटपाट और हत्या की घटना हुई थी। उक्त बंगले का इस्तेमाल दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता शिविर कार्यालय सह आवास के तौर पर करती थीं। पूर्व अन्नाद्रमुक नेता जयललिता का दिसंबर 2016 में निधन हो गया था। बंगले की सुरक्षा में तैनात ओम बहादुर की 23 अप्रैल 2017 को हमलावरों के गिरोह ने हत्या कर दी थी, जबकि एक अन्य सुरक्षाकर्मी गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस घटना को लेकर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने अन्नाद्रमुक नेता पलानीस्वामी पर हमला किया था क्योंकि घटना के समय वह राज्य का नेतृत्व कर रहे थे।

### राजस्व मंत्री प्रमिला मलिक ने इस्तीफा दिया, ओडिशा की पहली महिला विस अध्यक्ष बनना तय

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मलिक ने बृहस्पतिवार को नवीन पटनायक मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। सूत्रों ने बताया कि छह बार की विधायक मलिक ने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपा और पटनायक ने इस्तीफा राज्यपाल के पास भेज दिया। मलिक के इस्तीफा देने के बाद नवीन पटनायक मंत्रिमंडल में अब मुख्यमंत्री समेत 20 मंत्री हैं। सूत्रों ने बताया कि मलिक ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकती हैं। इस बीच, स्कूल और जन शिक्षा मंत्री सुदाम मरांडी को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मरांडी को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन का अहम विभाग इसलिए दिया गया है क्योंकि वह 2019 से 2022 तक मंत्री के रूप में तीन साल तक इसी विभाग में काम कर चुके हैं। पिछले मंत्रिमंडल फेरबदल में बिक्रम केशरी अरुखा को वित्त मंत्री बनाए जाने के बाद ओडिशा विधानसभा के अध्यक्ष का पद खाली है। मलिक का ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है क्योंकि 147 सदस्ईय सदन में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के 113 सदस्य हैं। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 22 और कांग्रेस के नौ विधायक हैं। एक निर्दलीय और एक मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का विधायक है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी दल भाजपा और कांग्रेस के इस चुनाव के लिए कोई प्रत्याशी खड़ा करने की संभावना नहीं है।विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 22 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे होगा और इसी दिन विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होगा। सत्र चार अक्टूबर तक संचालित होने की उम्मीद है। चुनाव के लिए नामांकन भरने की तारीख 21 सितंबर है। पहले अध्यक्ष पद का चुनाव 21 सितंबर को होना था लेकिन बाद में भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की थी क्योंकि यह पश्चिमी ओडिशा के कृषि पर्व नुआखाई के मौके पर हो रहा था। इसके बाद चुनाव 22 सितंबर के लिए स्थगित कर दिया गया।

### होसबाले ने नारायण दर्शन यात्रा वृत्तचित्र का विमोचन किया

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने बृहस्पतिवार को सवाई माधोपुर में एक कार्यक्रम में नारायण दर्शन यात्रा वृत्तचित्र का विमोचन किया। नारायण दर्शन यात्रा के बारे में जानकारी देने वाले इस वृत्तचित्र को विश्व संवाद केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया है। यह यात्रा 2017 से प्रतिवर्ष हो रही है। संघ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार इस अवसर पर दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि समाज को इस प्रकार से भी जोड़ने का कार्य स्वयंसेवक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वृत्तचित्र को देख कर लगता है कि समाज में अच्छा कार्य भी होता है।

### बीते वित्त वर्ष में कृभको का शुद्ध लाभ 52% घटकर 569 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष में कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) का शुद्ध मुनाफा 52 प्रतिशत घटकर 568.82 करोड़ रुपए रह गया है, जबकि कुल आय 95 प्रतिशत बढ़कर 25,715.07 करोड़ रुपए पर पहुंच गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष में उर्वरक सहकारी समिति का शुद्ध मुनाफा 1,174.44 करोड़ रुपए और कुल आय 13,194.50 करोड़ रुपए रही थी। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल खर्च एक साल पहले के 11,678.82 करोड़ रुपए से बढ़कर 24,951.91 करोड़ रुपए हो गया। कृभको के चेयरमैन चंद्र पाल सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां अपनी 43वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी समिति ने वित्त वर्ष 2022-23 में 763.16 करोड़ रुपए का कर-पूर्व मुनाफा कमाया जो इससे पिछले वर्ष 1,493.26 करोड़ रुपए रहा था। सिंह ने कहा, सहकारी समिति ने वर्ष के लिए इक्विटी पूंजी पर 20 प्रतिशत लाभांश की घोषणा की है और प्रबंधन ने लाभांश भुगतान के लिए 77.68 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। एजीएम में सदस्यों द्वारा सहकारी संस्था के वार्षिक लेखा-जोखा को मंजूरी दे दी गई है।

## भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच कोई दिक्कत नहीं : अन्नामलाई

**भाषा।** कोयंबटूर

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी और अन्नाद्रमुक के बीच कोई दिक्कत नहीं है।अन्नामलाई ने यह भी कहा कि उन्हें अन्नाद्रमुक के किसी भी नेता से कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में समान विचारधारा वाले दलों को जोड़ने वाला साझा सूत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए उनकी उम्मीदवारी स्वीकार करने वाले सभी लोग राजग गठबंधन में हैं। अन्नामलाई ने कहा, क्या अन्नाद्रमुक इसे स्वीकार करती है? हां। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि जिन लोगों ने मोदी के नेतृत्व को स्वीकार किया है, उन्हें हाथ मिलाना चाहिए।

## अकाली नेता बादल ने शाह से मुलाकात की

**● कहा-भारत-कनाडा के खराब होते संबंधों से पंजाबियों में घबराहट**

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत और** कनाडा के संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच विवाद का जल्द समाधान हो जाएगा। बादल ने रेखांकित किया कि बड़ी संख्या में पंजाबी कनाडा में रहते हैं और दोनों देशों के खराब होते रिश्तों की वजह से उनमें घबराहट है। गृहमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बादल ने कहा कि दोनों देशों के खराब होते रिश्तों की वजह से बड़ी संख्या में सिखों समेत पंजाबियों को हो रही परेशानियों की जानकारी को लेकर वह दुखी हैं। उन्होंने कहा, पंजाबियों में घबराहट का भाव है। दोनों सरकारों, भारत और कनाडा को यथाशीघ्र इस समस्या का समाधान तलाशना चाहिए। जब बादल से पूछा गया कि भारत बार-बार कनाडा से उसकी जमीन पर खालिस्तानी गतिविधियों को लेकर चिंता जता रहा है तब उन्होंने कहा कि सिख सबसे अधिक देशभक्त लोग हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में सबसे अधिक कुर्बानी दी है। बादल ने कहा कि कुछ लोगों के कृत्य के लिए पूरे समुदाय को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मुद्दों को सुलझाया जाना चाहिए न कि तूल देना चाहिए। शिअद अध्यक्ष ने रेखांकित किया कि कनाडा में 18 लाख भारतीय रहते हैं और उनमे से अधिकतर पंजाबी हैं। उत्तरी अमेरिकी देश में खालिस्तान समर्थक तत्वों की बढ़ती गतिविधि के मद्देनजर भारत-कनाडा के रिश्तों में गिरावट देखी जा रही है। भारत का मानना है कि ट्रूडो सरकार उसकी चिंताओं पर गौर नहीं कर रही है।

## बीते वित्त वर्ष में परिवारों पर कर्ज का बोझ हुआ दोगुना, बचत हुई आधी

**● एसबीआई रिसर्च का निष्कर्ष**


**भाषा।** मुंबई

**पिछले वित्त** वर्ष 2022-23 में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत करीब 55 प्रतिशत गिरकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.1 प्रतिशत पर आ गई, जबकि इन परिवारों पर कर्ज को बोझ दोगुना से भी अधिक होकर 15.6 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से यह जानकारी मिली है। एसबीआई रिसर्च की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू बचत से निकासी का एक बड़ा हिस्सा भौतिक संपत्तियों में चला गया है और 2022-23 में इनपर कर्ज भी 8.2 लाख करोड़ रुपए बढ़ गया। इनमें से 7.1 लाख करोड़ रुपए आवास ऋण एवं अन्य खुदरा कर्ज के रूप में बैंकों से लिया गया है। पिछले वित्त वर्ष में घरेलू बचत गिरकर जीडीपी के 5.1 प्रतिशत पर सिमट गई, जो पिछले पांच दशक में सबसे कम है। वित्त वर्ष 2020-21 में घरेलू बचत जीडीपी के 11.5 प्रतिशत के बराबर थी, जबकि महामारी से पहले 2019-20 में यह 7.6 प्रतिशत थी। सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्वपूर्ण जरिया घरेलू बचत ही होती है। ऐसे में परिवारों की बचत का गिरना चिंता का विषय हो सकता है। राष्ट्रीय खातों में घरेलू क्षेत्र के भीतर व्यक्तियों के अलावा खेती एवं गैर-कृषि व्यवसाय जैसे सभी गैर-सरकारी, गैर-कॉरपोरेट उद्यम, एकल स्वामित्व एवं भागीदारी जैसे प्रतिष्ठान और गैर-लाभकारी संस्थान आते हैं।

## न्यायालय ने तमिलनाडु को 5,000 क्यूसेक पानी देने के आदेश में दखल से इनकार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**● कावेरी जल विवाद**



**उच्चतम न्यायालय** ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण एवं कावेरी जल नियमन समिति द्वारा तमिलनाडु को 15 दिन तक प्रति दिन 5,000 क्यूसेक पानी देने के बारे में कर्नाटक सरकार को दिए गए आदेशों के संदर्भ में बृहस्पतिवार को दखल देने से इनकार कर दिया। कावेरी जल नियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) ने 12 सितंबर को दिए अपने आदेश में कर्नाटक को अगले 15 दिन तक तमिलनाडु को हर दिन 5,000 क्यूसेक पानी देने का निर्देश दिया था। कावेरी जल प्रबंध प्राधिकरण (सीडब्ल्यूआरसी) ने इस आदेश को बरकरार रखा था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह तमिलनाडु की उस याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं है जिसमें राज्य ने कावेरी जल नियमन समिति के आदेश को बरकरार रखने के सीडब्ल्यूएमए के फैसले को इस आधार पर चुनौती दी है कि बारिश की कमी के कारण राज्य सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। पीठ ने कहा कि सीडब्ल्यूएमए और सीडब्ल्यूआरसी जैसी विशेषज्ञ संस्थाओं ने सूखे और कम बारिश जैसे सभी प्रासंगिक पहलुओं पर विचार किया और फिर यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, अत: हमारा मानना है कि दोनों प्राधिकरणों ने जिन तथ्यों पर गौर किया हैं, उन्हें अप्रासंगिक या असंगत नहीं कहा जा सकता। इसे देखते हुए हम आदेशों में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। उसने कहा कि दोनों प्राधिकरण तमिलनाडु तथा कर्नाटक की परेशानी का जायज लेने के लिए हर 15 दिन में बैठक कर रहे हैं। तमिलनाडु की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि दोनों प्राधिकरणों ने यह जानने के बावजूद कि अगस्त से बारिश कम हुई है और राज्य को 7,200 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए, उसने पानी की मात्रा घटाकर प्रति दिन 5,000 क्यूसेक कर दी है। रोहतगी ने कहा, मेरा राज्य नदी के निचले मुहाने पर है...पानी कर्नाटक से तमिलनाडु में बहता है जहां से वह पुडुचेरी जाता है। बारिश कम हुई है जिस पर प्राधिकारियों ने विचार किया है। सामान्य वर्ष में, मुझे तीन गुना अधिक पानी मिलना चाहिए था लेकिन मैं वह नहीं मांग रहा हूं। मैं वह मांग रहा हूं जिस पर मेरा हक है। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु में पांच लाख एकड़ भूमि पर फसल खड़ी है और वह पेयजल समस्या का सामना कर रहा है जिसके लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। कर्नाटक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि उच्च नदी तट वाला राज्य भी सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा है और प्राधिकारियों द्वारा 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश देना राज्य के हित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इसे और घटाकर प्रति दिन 3,000 क्यूसेक किया जाना चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाली अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि दोनों राज्यों के दावों के विपरीत केवल सूखा ही इकलौता मानदंड नहीं है जिस पर सीडब्ल्यूएमए ने निर्णय लेने से पहले विचार किया है।

## अगर ओबीसी वर्ग के हक को छीनेंगे तो यह वर्ग ईंट से ईंट बजा देगा : तेजस्वी

**भाषा।** पटना



**बिहार के** उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को चेतावनी दी कि अगर अन्य पिछड़े वर्ग का हक वे छीनेंगे तो यह वर्ग ईंट से ईंट बजा देगा। राजद नेता ने महिला आरक्षण विधेयक लाने में नरेंद्र मोदी सरकार की मंशा पर भी सवाल उठाया, जिसमें कहा गया है कि महिलाओं के लिए आरक्षण, जनगणना के पश्चात नए सिरे से परिसीमन के बाद ही लागू किया जाएगा। तेजस्वी ने पीटीआई-वीडियो से बातचीत में कहा, ओबीसी कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत है। मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि यदि उनके हिस्से का उल्लंघन करने का कोई प्रयास किया जाता है, तो वे जानते हैं कि इस पर दावा कैसे करना है" उन्होंने केंद्र में सत्तासीन भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, "यह लोग हमेशा से पिछड़ा (पिछड़ा वर्ग) विरोधी रहे हैं और उनकी मानसिकता महिला आरक्षण विधेयक में झलक रही है। आखिर क्या वजह है कि इन्होंने पिछड़ा, अति पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं के लिए इस बिल में प्रावधान नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस बिल के माध्यम इन समुदाय के लोगों को पूरी तरह से छलने का काम किया गया है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं की ओबीसी वर्ग एक लड़ाकू (जागरूक) वर्ग है, अगर ओबीसी वर्ग के हक को छीनेंगे तो यह वर्ग ईंट से ईंट बजा देगा।

## धार्मिक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा: धामी

**भाषा।** कोटा (राजस्थान)



**उत्तराखंड के मु**ख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को कहा कि "देवभूमि" के मूल चरित्र को बदलने वाले "धार्मिक प्रतीकों" सहित अतिक्रमण को हटाने का उनकी सरकार का अभियान जारी रहेगा।धामी का परोक्ष तौर पर इशारा उस ओर था जिसे उन्होंने पहले भूमि जिहाद के नाम पर अतिक्रमण करार दिया था। उन्होंने कहा था कि एक साजिश के तहत बिना अनुमति के सार्वजनिक एवं वन भूमि पर हजारों धर्मस्थल अवैध रूप से बनाए गए हैं।धामी ने इस साल शुरू हुए अभियान का उल्लेख करते हुए यहां संवाददाताओं से कहा कि उत्तराखंड में प्राधिकारियों ने 3,300 एकड़ जमीन से अतिक्रमण हटा दिया है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की परिवर्तन संकल्प यात्रा में हिस्सा लेने आए धामी ने यह घोषणा भी की है कि उनकी सरकार राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विधि आयोग ने अपनी सिफारिशें कर दी हैं, सरकार ने धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के हितधारकों से भी मुलाकात की है और वह कानून को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ेगी।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विकास और कल्याण योजनाओं के लिए केंद्रीय धन का उपयोग नहीं करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के तहत हजारों करोड़ रुपए बिना उपयोग के रह गए, क्योंकि राज्य सरकार लोगों को लाभ नहीं पहुंचाना चाहती। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए लोगों से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने और प्रगति एवं विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाने का आह्वान किया।धामी ने कहा कि यात्रा को जनता से भारी समर्थन मिला और इसमें कोई संदेह नहीं है कि राज्य में भाजपा का सत्ता में लौटना तय है।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश को नष्ट करने और सनातन धर्म का विरोध करने के लिए काम कर रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रगति के लिए काम कर रहे हैं और "सनातन भक्ति" की बात कर रहे हैं।धामी ने कहा, वे सनातन धर्म से जुड़ी हर चीज का विरोध करते हैं और मोदी का विरोध करते हुए वे देश का विरोध करते हैं। धामी ने कहा कि गठबंधन के वरिष्ठ नेता सनातन धर्म पर की गई "अपमानजनक टिप्पणियों" पर चुप रहे और दावा किया कि राजस्थान सनातन हिंदू संस्कृति का विरोध करने वाला एक अग्रणी राज्य बन गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हिंदू त्योहारों पर "यहां प्रतिबंध लगाया गया है। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने, अयोध्या में राममंदिर के निर्माण और तीन तलाक को खत्म करने का उल्लेख करते हुए धामी ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जो वादा किया था उसे पूरा किया है।लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर धामी ने कहा कि महिलाएं और युवा हमेशा पार्टी की प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं- "मातृ शक्ति" के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जे. सुरेश बाबू बने राजीव गांधी विश्वविद्यालय के कुलपति

**इटानगर, ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर के पूर्व मुख्य सचिव जे. सुरेश बाबू को यहां राजीव गांधी विश्वविद्यालय (आरजीयू) का कुलपति नियुक्त किया। आरजीयू, अरुणाचल प्रदेश का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय है।विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि बाबू को तत्काल प्रभाव से पांच साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है।विज्ञप्ति के मुताबिक, गुंटूर चिकित्सा कॉलेज से एमबीबीएस और पीजीआई-चंडीगढ़ से एमएस करने वाले बाबू भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी के रूप में 34 वर्षों की सेवा के बाद मणिपुर के मुख्य सचिव के पद से सेवानिवृत हुए थे।विज्ञप्ति में बताया गया बाबू के पास शहरी विकास, तंबाकू प्रबंधन, जिला प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र, वित्त और कोविड प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों का अनुभव है।बाबू के पास मणिपुर और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में उल्लेखनीय जनसेवाओं को क्रियान्वित करने का अनुभव है।विज्ञप्ति के मुताबिक, बाबू, मणिपुर के मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, आयुक्त, सचिव, मणिपुर में विभिन्न निदेशालयों के निदेशक, जिलाधिकारी और जिला मजिस्ट्रेट के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।बृहस्पतिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नए कुलपति का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. एन.टी. रिकाम ने नियुक्ति के लिए मंत्रालय की सराहना की क्योंकि 2018 से विश्वविद्यालय का संचालन बिना कुलपति के ही किया जा रहा था।

# छेत्री के उम्दा गोल से भारत की जीत, उम्मीद बढ़ी

● एशियन गेम्स : फुटबॉल में बांग्लादेश को हराया

**भाषा।** हांगझोउ



**आखिरी क्षणों में** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के गोल की बदौलत भारतीय फुटबॉल टीम ने गुरुवार को यहां बांग्लादेश को ग्रुप मैच में 1-0 से हराकर एशियाई खेलों के नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी। भारत ने अपने दूसरे मैच में पूरे अंक हासिल किए जिसमें टीम के 39 वर्ष के अनुभवी फुटबॉलर छेत्री द्वारा 85वें मिनट में पेनल्टी से किया गया गोल अहम रहा। बांग्लादेश के गोलकीपर ने दाईं ओर छलांग लगाई लेकिन वह छेत्री के पेनल्टी स्पॉट से लगाए गए शानदार शॉट को रोकने में असफल रहे और यह सीधे नेट में पहुंच गया। बांग्लादेश के कप्तान रहमत के फाउल से भारत को पेनल्टी प्रदान की गई जिसमें उन्होंने बॉक्स के किनारे से ब्रायस मिरांडा को टैकल किया। भारत अब म्यांमा से खेलेगा जिसने शुरुआती दिन बांग्लादेश को 1-0 से हराया था। छेत्री से जब मैच की थकान से उबरने के लिए मिले कम समय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, पहली चीज जाकर आराम करूंगा। यह आसान नहीं रहा। मुझे पूरा भरोसा है कि प्रतिद्वंद्वी टीमों के लिए भी ऐसा ही है। पांच दिन में तीन मैच खेलना आसान नहीं है। अब बर्फ का स्नान करना, अच्छा खाना खाना और फिर अगले मैच के लिए तैयार रहना होगा। भारत को फ्री किक पर गोल करने का शानदार मौका मिला था जब गुरकीरत सिंह को बांग्लादेश बॉक्स के पास फाउल किया गया। सैमुअल किश्पी ने छेत्री से सलाह के बाद फ्री-किक ली लेकिन उनका बाएं कॉर्नर से लगा शॉट बांग्लादेश के गोलकीपर ने बचा लिया। पहला हाफ गोलरहित रहा जिसमें भारत को गोल करने का एक और मौका मिला था लेकिन राहुल केपी बॉक्स के अंदर क्रास का पूरा इस्तेमाल नहीं कर सके और यह शॉट दिशा भटक गया। भारत ने मैच में तीन बदलाव किए।

## चीनी ताइपे से 1-2 से हारी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**वेनझोउ (चीन)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम का अभियान यहां गुरुवार को एशियाई खेलों में निराशाजनक तरीके से शुरू हुआ और उसे अपने से ऊंची रैंकिंग की चीनी ताइपे के खिलाफ पहले हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन के बावजूद 1-2 से हार मिली। कोच थॉमस डेनेर्बी की टीम 23वीं रैंकिंग पर काबिज चीनी ताइपे से 23 पायदान नीचे है, लेकिन उसने पहले हाफ में दबदबा बनाया। शुरुआती गोल ब्रेक के तुरंत बाद अंजू तमांग ने 47वें मिनट में दागा। अंजू के प्रयास को मिंग जंग ने रोक दिया था लेकिन इस खिलाड़ी ने फिर रिबाउंड पर गोल दाग दिया। अपनी स्टार गोलकीपर अदिति चौहान की अनुपस्थिति में श्रेया हुड्डा ने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने चीनी ताइपे के लगातार प्रयासो को विफल किया।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम बेहतर रैंकिंग के आधार पर सेमीफाइनल में



**हांगझोउ।** शेफाली वर्मा ने मलेशिया के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुए 39 गेंद में 67 रन बनाए लेकिन एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा का क्वार्टर फाइनल बारिश से रद्द हो गया। भारत को बेहतर आईसीसी रैंकिंग के आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश मिल गया। मैच 15 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। भारत ने दो विकेट पर 173 रन बना लिए थे। कप्तान स्मृति मंधाना ने 16 गेंद में 27 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 29 गेंद में 47 रन बनाए। रिचा घोष ने सात गेंद में 21 रन का योगदान दिया। मलेशिया के लिए सौ रन से आगे बढ़ना भी मुश्किल लक्ष्य था। डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर संशोधित लक्ष्य 177 रन का मिला। मलेशिया ने दो गेंद ही खेली थी कि भारी बारिश के कारण मैच रद्द करना पड़ा। टूर्नामेंट में भारत शीर्ष रैंकिंग वाली एशियाई टीम है जिसके आधार पर उसे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला। मलेशिया की कप्तान विनिफ्रेड दुराईसिंगम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था लेकिन उनके क्षेत्ररक्षको ने निराश किया और कई कैच टपकाए। मेजबान भी भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके भारत की सलामी जोड़ी ने पावरप्ले में 59 रन बनाए। स्पिनर माहिरा इज्जाती इस्माइल ने मंधाना को आउट किया। शेफाली ने दूसरे छोर से आक्रामक खेलना जारी रखा और अपनी पारी में पांच छक्के तथा चार चौके लगाए और दूसरे विकेट के लिए शेफाली के साथ 86 रन जोड़े। उन्हें मास एलिसा ने पगबाधा आउट किया। रिचा ने 15वें ओवर में चार चौके लगाए जिससे भारत ने 170 के पार का स्कोर बनाया।

## भारतीय रोइंग खिलाड़ी फाइनल में



**हांगझोउ।** भारतीय रोइंग खिलाड़ियो ने एशियाई खेलो मे शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां तीन और स्पर्धाओ के फाइनल में जगह बनाते हुए कुल आठ स्पर्धाओ के फाइनल मे जगह बनाई। सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जाकर खान और सुखमीत सिंह की भारतीय टीम ने छह मिनट 9.94 सेकेंड के समय के साथ पुरुष क्वाड्रापल स्कल्स के फाइनल में जगह बनाई। पुरुष लाइटवेट डबल स्कल्स वर्ग मे अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की जोड़ी छह मिनट 55.78 सेकेंड के समय के साथ फाइनल मे पहुंची। सतनाम और परमिंदर ने छह मिनट 48.06 सेकेंड के समय के साथ रेपेचेज मे जीत दर्ज करते हुए पुरुष डबल स्कल्स के फाइनल में जगह बनाई।भारतीय टीम गुरुवार को सिर्फ एक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने मे विफल रही जब महिला लाइटवेट डबल स्कल्स मे किरण और अंशिका भारती की जोड़ी आठ मिनट 1.80 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रही। यह भारतीय जोड़ी अगले मैच में छठे से 12वें स्थान के लिए चुनौती पेश करेगी।भारतीय खिलाड़ियों ने बुधवार को पुरुष वर्ग में कॉक्स्ड ऐट, कॉक्सलेस पेयर और कॉक्सलेस फोर के फाइनल मे जगह बनाई जबकि महिला वर्ग मे कॉक्सलेस फोर और कॉक्सड ऐट के फाइनल मे पहुंचने मे सफल रहे।पुरुष एकल स्कल में बलराज पंवार सेमीफाइनल में पहुंच गए है और शुक्रवार को फाइनल में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेंगे।

## साबले को विश्व चैंपियनशिप की निराशा से उबरकर एशियाई खेलों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलो के रजत पदक विजेता 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को उम्मीद है कि वह विश्व चैंपियनशिप की निराशा को दूर करके चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलो मे स्वर्ण पदक जीतेंगे और नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाएंगे। साबले मौजूदा सत्र में अब तक अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नही है जिसमे पिछले महीने बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा की हीट (शुरुआती दौर) में निराशाजनक सातवें स्थान पर रहना भी शामिल है। साबले फाइनल के लिए क्वालीफाई करने मे नाकाम रहे थे। एशियाई खेलों से पहले साबले का मानना है कि वह सत्र का सर्वश्रेष्ठ नतीजा हासिल करने के लिए मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में है। साबले ने मीडिया से वर्चुअल बातचीत के दौरान कहा, एशियाई खेल सत्र की मेरी अंतिम प्रतिस्पर्धा होगी। इस साल मैने किसी भी रेस मे राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के लिए हिस्सा नही किया लेकिन मुझे उम्मीद है कि मै हांगझोउ मे अपना सर्वश्रेष्ठ समय हासिल करूंगा। मै एशियाई खेलो में सर्वश्रेष्ठ समय निकालने के लिए दौडूंगा। मैने जो ट्रेनिंग की है उससे मुझे अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और स्पर्धा जीतने की उम्मीद है। हांगझोउ मे साबले अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के अलावा 5000 मीटर दौड़ मे भी हिस्सा लेगे।

## भारत ड्रा में फिर पाकिस्तान के साथ, मुकाबले को स्थानांतरित करने पर सहमत नहीं होगा पीटीएफ

**नई दिल्ली।** भारत को डेविस कप के विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ के ड्रा में फिर पाकिस्तान के साथ रखा गया है और पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि वह इस दफा अपने घरेलू मुकाबले को तटस्थ स्थल पर स्थानांतरित करने पर सहमत नही होग। भारत को 2019 ड्रा में भी पाकिस्तान के साथ रखा गया था लेकिन सुरक्षा चिंताओं के कारण एशियाओसियाना ग्रुप एक मुकाबले को तटस्थ स्थल कजाखस्तान स्थानांतरित कर दिया गया था। विरोधस्वरूप पाकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी ऐसाम उल हक और अकील खान ने इस मैच में नही खेलने का फैसला किया था जिसमें उदीयमान मोहम्मद शोएब, हुजाइफा अब्दुल रहमान और यूसुफ खलील उसके लिए खेले थे। भारत ने तब कमजोर पाकिस्तान को 4-0 से हरा दिया था। इस एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान ने पूरे मुकाबले में केवल सात गेम ही जीते थे। आईटीएफ 2019 में इस मुकाबले को तटस्थ स्थल पर स्थानांतरित करने के लिए सहमत हो गया था लेकिन अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) अगर तटस्थ स्थल के लिए जोर देता है तो राष्ट्रीय संस्था के लिए विश्व संचालन संस्था को अपनी बात समझाना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

## दक्षिण अफ्रीका के नॉर्किया व मगाला विश्व कप से बाहर

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका को विश्व कप से पहले दोहरे झटके लगे जब चोटिल तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया और सिसांडा मगाला भारत में होने वाले इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने इसकी पुष्टि की। गेंदबाजी हरफनमौला एंडिले फेलुक्वायो और तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को दोनों की जगह विश्व कप टीम में रखा गया है। वॉल्टर ने कहा , यह बहुत निराशाजनक है कि ए दोनों विश्व कप नही खेल सकेंगे। दोनों बेहतरीन खिलाड़ी है और काफी उपयोगी भी। हम प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मे वापसी के लिए लगातार उनका सहयोग करते रहेंगे। नॉर्किया को कमर में चोट लगी है। वही मगाला बाएं घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। दोनो दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्ईय प्रारंभिक टीम में शामिल थे। दक्षिण अफ्रीकी टीम को शनिवार को भारत रवाना होना है लेकिन दोनों समय रहते ठीक नही हो सके। दक्षिण अफ्रीका को विश्व कप मे पहला मैच सात अक्टूबर को दिल्ली मे श्रीलंका से खेलना है।

## जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप अब दो चरणों में

*लखनऊ।* आगामी राज्य चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाली लखनऊ की विभिन्न आयु वर्गो की टीम के चयन के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होने वाली लखनऊ जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। लखनऊ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि अब 23 सितंबर को जिला अंडर-20 व अंडर-18 पुरुष व महिला वर्ग में लखनऊ जिला सलेक्शन ट्रायल चैंपियनशिप होगी। इसके अलावा 26 से 28 सितंबर तक जिला एथलेटिक्स चैंपियशिप होंगी। इसमें अंडर-23 पुरुष व महिलाए अंडर-16 बालक व बालिका और अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग की स्पर्धाएं होंगी।

## नागल को मिला डीएलटीए, पेप्सिको इंडिया से सहयोग

नई दिल्ली। सुमित नागल के पीटीआई को दिए साक्षात्कार में वित्तीय संकट की बात साझा करने के बाद भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी को सहयोग मिलना शुरु हो गया है और एक शीर्ष पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको इंडिया और दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) उनकी मदद को सामने आए हैं। डीएलटीए ने पांच लाख रूपए का एक मुश्त सहयोग करने का फैसला किया है जबकि पेप्सिको इंडिया ने तीन साल तक नागल की मदद करने का वादा किया है। डीएलटीए के प्रशासक रणबीर चौहान ने कहा, हमने सुमित नागल से जानकारी ली है और पांच लाख रूपए उनके खाते में जमा कर दिए जाएंगे। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने इस समर्थन को मंजूरी दी है।

## भुल्लर ताईवान में संयुक्त आठवें स्थान पर

ताइपे सिटी। भारत के गगनजीत भुल्लर ईगदर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में गुरुवार को यहां छह अंडर 66 के स्कोर से संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर चल रहे है। यहां 2012 के चैंपियन भुल्लर सात अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर है। थाईलैंड के नातिपोंग श्रीथोंग बोगी रहित नौ अंडर 63 के स्कोर से शीर्ष पर है। करणदीप कोच्चर पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त 16वें स्थान पर है जबकि एस चिकरंगप्पा और वीर अहलावत 68 के समान स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 31वें पायदान पर चल रहे है।

## हमारे पास स्वर्ण पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका है : गुरुसाईदत्त

नई दिल्ली। एशियाई खेलो के लिए तैयारी मे जुटे भारतीय बैडमिंटन कोच आरएमवी गुरुसाईदत्त का मानना है कि देश के पास हांगझोउ मे पुरुषों की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका है। भारत ने पिछले साल मई मे थॉमस कप जीता था। गुरुसाईदत्त ने कहा, हम थॉमस कप चैम्पियन है और हमारे पास स्वर्ण पदक जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका है। लेकिन यह उस विशेष दिन और मुकाबले पर निर्भर करेगा और साथ ही टीम स्पर्धाओ मे लय कैसी रहती है।

## टी-20 मीडिया कप 1 अक्टूबर से

लखनऊ । इकाना टी.20 मीडिया कप-2023 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 1 अक्टूबर से केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर किया जाएगा। टी.20 फार्मेट में होने वाली सात दिवसीय इस प्रतियोगिता में मैचों का आयोजन रंगीन किट और सफेद गेंद से किया जाएगा। प्रतियोगिता में राजधानी के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, मान्यता प्राप्त जरनलिस्ट, न्यूज फ टोग्राफर सहित आकाशवाणी .दूरदर्शन की टीमें हिस्सा ले रही है। लीग कम नाकआउट आधार पर होने वाली इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 7 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा।

# भारत का ध्वजवाहक बनना गर्व की बात : हरमन

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय पुरूष** हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हांगझोउ में शनिवार से शुरू हो रहे 19वें एशियाई खेलो के उद्घाटन समारोह में देश का ध्वजवाहक होना गर्व की बात है। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को हरमनप्रीत और ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को 655 सदस्ईय भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया। अतीत में धनराज पिल्लै (1998 और 2002), ज्योति सुनीता कुल्लू (2006), गगन नारंग (2010) , सरदार सिंह (2014) और नीरज चोपड़ा (2018) भारत के ध्वजवाहक रह चुके हैं। हरमनप्रीत ने कहा , लवलीना बोरगोहेन के साथ संयुक्त रूप से भारत का ध्वजवाहक होना मेरे लिए फख्र की बात है। यह बड़े स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका भी है। मैं भावविभोर हूं। उन्होंने कहा , मैं लवलीना को भी इस मौके के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं जिस जुनून और प्रतिबद्धता के साथ खेलता आया हूं, उसी के साथ टीम की अगुवाई करूंगा। इन खेलों में हमारे देश की एकता और विविधता की भी बानगी मिलेगी और मैं पूरे गर्व के साथ अपना ध्वज थामूंगा। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य रहे ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत ने भारत के लिए सर्वाधिक छह गोल दागे थे। हाल ही में उनकी कप्तानी में भारत ने चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम की तैयारी के बारे में उन्होंने कहा , हमारी पूरी टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। हमारा पहला फोकस ग्रुप चरण से आगे जाना है। हम किसी प्रतिद्वंद्वी को हलके में नहीं लेंगे। हर टीम अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाती है। उन्होंने कहा , हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक के लिसे सीधे क्वालीफाई करना है। भारतीय टीम को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उजबेकिस्तान के साथ रखा गया है। पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओमान, थाईलैंड और इंडोनेशिया है। भारतीय टीम रविवार को उजबेकिस्तान से पहला मैच खेलेगी।

## श्रीनगर की बिल्किस मीर एशियाड में केनोइंग , क्याकिंग की जज बनी

**श्रीनगर।** श्रीनगर की पूर्व क्याकिंग और केनोइंग खिलाड़ी बिल्किस मीर को हांगझोउ में शनिवार से शुरू हो रहे एशियाई खेलों में फिनिशिंग लाइन जज बनाया गया है और यह श्रेय पाने वाली वह पहली भारतीय महिला है। मीर ने पीटीआई से कहा , मैं जूरी पेनल में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला हूं। उन्होने कहा मै क्याकिंग, केनोइंग और केनोए फर्टा स्पर्धाओं मे फिनिश प्वाइंट पर मुख्य जज रहूंगी। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। यह सपना सच होने जैसा है। मै इस सफलता को उन लड़कियों को समर्पित करना चाहती हूं जो भविष्य मे यह खेल अपनाएंगी।

## चोटों और मानदंडों पर खरे नहीं उतरने के कारण एशियाई खेलों में नही दिखेंगे कई सितारे



**नई दिल्ली।** हांगझोउ मे एशियाई खेलों में जहां हजारों भारतीय खिलाड़ी खेलो के इतिहास का सुनहरा पन्ना लिखने की कोशिश मे होगे, वही कुछ सितारे ऐसे भी होगे जो फिटनेस समस्याओ या अन्य कारणों से खेलो के इस कुंभ से बाहर होंगे। ए दिग्गज 2018 मे जकार्ता एशियाई खेलो मे भारत की झोली में पदक डाल चुके हे या ओलंपिक या विश्व चैम्पियनशिप जैसी बड़ी स्पर्धाओ में देश का परचम लहराया है। पिछले एशियाई खेलों में 50 किलो फ्रीस्टाइल कुश्ती मे स्वर्ण जीत चुकी पहलवान विनेश फोगाट इस बार भी पदक की दावेदार थी। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ हाल ही में पहलवानो के आंदोलन की अगुवाई करने वाली विनेश को एशियाई खेलो मे सीधे प्रवेश मिला था। विनेश को अभ्यास के दौरान घुटने मे चोट लगी और उसने अगस्त मे आपरेशन कराया। ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया 57 किलो वर्ग मे जुलाई मे हुए राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान पहले दौर मे अतीश तोडकर से हार गए। वह घुटने की चोट से जूझ रहे है। पिछली बार रजत पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम की कप्तान रही रानी रामपाल भी इस बार नजर नही आएंगी। वह भारत की अंडर 17 टीम को कोचिंग दे रही है और लंबे समय से खेल से बाहर हैं। फर्राटा धाविका हिमा दास भी हांगझोउ मे नही दिखेंगी। वह जकार्ता मे ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाली चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की सदस्य थी। उसने 400 मीटर दौड़ मे भी रजत पदक जीता था। वह हैमस्ट्रिंग चोट के कारण एशियाई खेलो से बाहर है। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता मुक्केबाज अमित पंघाल एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई नही कर सके। चयन ट्रायल मे उनका प्रदर्शन खराब रहा और उनकी जगह दीपक भोरिया को शामिल किया गया। निशानेबाजी में 21 वर्ष के सौरभ चौधरी चयन ट्रायल में आठवे स्थान पर रहकर क्वालीफाई नही कर पाए जबकि पिछली बार उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। जकार्ता में व्यक्तिगत जंपिग मे रजत पदक जीतने वाले घुड़सवार फव्वाद मिर्जा का भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने चयन के मानदंडों पर खरे नही उतरने का हवाला देकर चयन नही किया।

# अश्विन ट्रायल पर नहीं, टीम में सूर्यकुमार की जगह को खतरा नहीं : कोच द्रविड़

**भाषा।** मोहाली



**भारत के मुख्य** कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की शुरुआत से पहले गुरुवार को कहा कि रविचंद्रन अश्विन की क्षमता के गेंदबाज को ट्रायल पर नहीं रखा जाता जबकि सूर्यकुमार यादव जैसी क्षमता के खिलाड़ी को विश्व कप टीम में अपनी जगह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। अश्विन और वाशिंगटन सुंदर को अक्षर पटेल के संभावित विकल्प के रूप में टीम में जगह दी गई है और अगर यह स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जांघ की चोट से उबरने में नाकाम रहता है तो इन दोनों में से किसी एक को टीम में जगह मिल सकती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला को अश्विन और वाशिंगटन के बीच ट्रायल के रूप में देखा जा रहा है। द्रविड़ हालांकि अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन के दर्जे के खिलाड़ी के लिए ट्रायल शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते। द्रविड़ ने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह उसके (अश्विन के लिए) लिए ट्रायल या कुछ और है, हमें उसके स्तर का पता है। यह उसके पास इस प्रारूप में खेलने का मौका है और हम बस उसे दो या तीन मैच खेलने का मौका देना चाहते हैं। अगर हमारे पास अश्विन जैसा खिलाड़ी है तो किसी के चोटिल होने पर हम और किस पर भरोसा कर सकते हैं, यह हमारे लिए दुआ की तरह है। यह उसके लिए खुद को परखने का मौका है क्योंकि वह लंबे समय से 50 ओवर का क्रिकेट नहीं खेला है। अश्विन ने 113 मैच में 151 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट चटकाए हैं ।

## भारतीय बल्लेबाज गेंदबाजी क्यों नहीं करते? पांच क्षेत्ररक्षकों का नियम दोषी

**मोहाली।** भारतीय क्रिकेट टीम का थिंक टैंक हाल के वर्षो मे और अधिक हरफनमौलाओं को खिलाने पर जोर दे रहा है जिसका लेना देना शीर्ष क्रम की मौजूदा पीढ़ी का गेंदबाजी नही करना है जबकि बीते समय मे उनके सीनियर क्रिकेटर ऐसा किया करते थे। भारतीय टीम की अक्षर पटेल या वाशिंगटन सुंदर को मैदान पर उतारने की बेताबी दो चीजो पर आधारित है कि बल्लेबाज इतनी गेंदबाजी नही कर रहे है और पुछल्ले बल्लेबाज बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नही कर रहे है।

## भारत ने सैफ अंडर-19 चैम्पियनशिप में बांग्लादेश को 3-0 से हराया

**काठमांडू।** अर्जुन सिंह ओइनम, जी गोयारी, नाओबा मैतेई पांगाम्बाम के गोल की मदद से भारत ने गुरुवार को यहां दशरथ स्टेडियम में सैफ अंडर-19 चैम्पियनशिप में बांग्लादेश को 3-0 से शिकस्त दी। भारत अब अगले ग्रुप बी मैच में 25 सितंबर को भूटान से भिड़ेगा और इससे उसकी निगाहें नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने पर लगी होगी। ग्रुप ए में मेजबान नेपाल, मालदीव और पाकिस्तान शामिल हैं। प्रत्एक ग्रुप से दो शीर्ष टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। दो साल से ज्यादा समय बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर उतरी भारतीय टीम ने 34 सेकेंड के भीतर ही दबदबा बना लिया।

## ग्रीको रोमन में पहलवानों का खराब प्रदर्शन जारी

● विश्व चैंपियनशिप

**भाषा।** बेलग्रेड (सर्बिया)



**भारतीय ग्रीको** रोमन पहलवान साजन भानवाला (82 किग्रा) को गुरुवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के पहले दौर में तकनीकी रूप से अपने से बेहतर दक्षिण कोरिया के यैंग सेजिन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। साजन को सेजिन के खिलाफ 1-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया के 18वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी से सेजिन की रैंकिंग एक नीचे है। पुरुष फ्रीस्टाइल वर्ग में अभिमन्यु (70 किग्रा) ही कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना पाए। महिला वर्ग में अंतिम पंघाल (53 किग्रा) के पास पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का मौका होगा। गुरप्रीत (77 किग्रा) को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी हंगरी के लेवाई जोल्टन के खिलाफ सिर्फ एक मिनट 12 सेकेंड में

# विश्व कप से अपने को आंकेगी टीम इंडिया



**भाषा।** मोहाली

● ऑस्ट्रेलिया व भारत का पहला वनडे आज

● ड्रेस रिहर्सल में अय्यर को साबित करनी होगी फिटनेस, सूर्य को अपनी उपयोगिता

**अगले महीने** शुरू हो रहे विश्व कप से ठीक पहले ड्रेस रिहर्सल मानी जा रही आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की विश्व श्रृंखला में श्रेयस अय्यर को अपनी मैच फिटनेस साबित करनी होगी जबकि सूर्यकुमार यादव को एक दिवसीय क्रिकेट में अपना रिकॉर्ड दुरूस्त करना होगा। भारतीय बल्लेबाजी के स्तंभ कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव और हरफनमौला हार्दिक पंड्या पहले दो मैच नहीं खेलेंगे। ऐसे में कोच राहुल द्रविड़ के पास बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का सुनहरा मौका है। मुंबई के दोनों बल्लेबाज सूर्यकुमार और श्रेयस अपनी अपनी चुनौतियो का सामना कर रहे हैं ताकि अपने कैरियर के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट का हिस्सा बन सकें। 28 वर्ष के अय्यर ने पिछले छह महीने में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली है। स्ट्रेट फ्रेक्चर की सर्जरी कराने के बाद लौटे अय्यर एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले कमर में जकड़न के कारण फिर बाहर हो गए जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं। चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर ने कहा है कि अय्यर तीनों मैच खेल सकते हैं लेकिन यह देखना होगा कि अगले पांच दिन में तीन मैचों के दौरान क्या वह पूरे 100 ओवर खेल पाएंगे। भारत को विश्व कप में बीच के ओवरो में स्पिनरों को खेलने के लिए अय्यर की जरूरत है। सूर्यकुमार टी20 में नंबर एक बल्लेबाज भले ही हों लेकिन वनडे में उस फॉर्म को दोहरा नहीं सके हैं। अब तक 27 वनडे खेलने वाले सूर्य का औसत 25 है जो उनकी काबिलियत की बानगी नहीं देता। उन्हें विश्व कप के लिए प्रारंभिक टीम में रखा गया है और अब उन्हें चयनकर्ताओं के भरोसे पर खरा उतरना होगा। स्पिनर अक्षर पटे के चोटिल होने से 37 वर्ष के रविचंद्रन अश्विन के लिए दरवाजा खुला है। अक्षर समय रहते ठीक नहीं होते तो अश्विन अपने कैरियर का तीसरा और आखिरी विश्व कप खेल सकते हैं। दो सप्ताह पहले ही टीम प्रबंधन उनके बारे में सोच भी नहीं रहा था लेकिन अब टीम में जगह बनाने के लिए उनके और वॉशिंगटन सुंदर के बीच मुकाबला है। सूत्रों की मानें तो आगामी तीन मैचों में अच्छा नहीं खेलने पर भी अश्विन को सुंदर पर तरजीह मिल सकती है। डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ से अश्विन की जंग रोचक हो सकती है। कुलदीप यादव और पंड्या की गैर मौजूदगी में अश्विन और सुंदर दोनों के पास अपनी उपयोगिता साबित करने का मौका होगा। वैसे अगर अक्षर फिट हो जाते हैं तो टीम प्रबंधन उन्हें ही चुनेगा। रोहित के नहीं खेलने पर ईशान किशन और शुभमन गिल पारी की शुरूआत कर सकते हैं। अय्यर को कोहली की जगह उतारा जाएगा। एशियाई खेलों में भाग ले रही भारतीय टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ को कवर के तौर पर रखा गया है और दूसरे मैच के बाद वह हांगझोउ रवाना हो जाएंगे। भारत ने अपने किसी भी तेज गेंदबाज को आराम नहीं दिया है लेकिन जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को तीन में से एक मैच में आराम दिया जा सकता है। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका से हाल ही में श्रृंखला 2 . 3 से हारने के बावजूद आस्ट्रेलियाई टीम बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी है।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले बोले स्मिथ, शानदार महसूस कर रहा हूं

**मोहाली।** कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व नेट पर दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। स्मिथ को दूसरे एशेज टेस्ट के दौरान बाई कलाई में चोट लगी थी। उन्होने पहली पारी मे 110 रन बनाए थे। उन्होने नेट पर आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का सामना किया जो कलाई की चोट से उबरने के बाद टीम मे लौटे है। स्मिथ ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा , मैने कमिंस का सामना किया और बल्लेबाजी करके मुझे बहुत अच्छा लगा। मैने दौड़ भी लगाई। मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। एशेज के दौरान कोर्टिसोन इंजेक्शन लेने वाले स्मिथ को भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले भी इंजेक्शन लेना पड़ा। इंजेक्शन लेने के कुछ दिन बाद मुझे अच्छा महसूस होने लगा। कैचिंग मे दिक्कत थी लेकिन अब अच्छा लग रहा है।

## मेरी कलाई ठीक हुई, भारत के खिलाफ तीनों वनडे में खेलने की उम्मीद: कमिंस



**मोहाली।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को बाईं कलाई की चोट से पूरी तरह से उबरने के बाद भारत के खिलाफ तीनों एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में खेलने की उम्मीद है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके नई गेंद के साझेदार मिशेल स्टार्क शुक्रवार को होने वाले पहले मैच मे नहीं खेल पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने साथ ही उम्मीद जताई कि मार्नस लाबुशेन भारत के खिलाफ श्रृंखला में अच्छी फॉर्म जारी रखेंगे और विश्व कप की टीम के अंतिम 15 खिलाड़ियों में अपना दावा मजबूत करेंगे। बाईं कलाई के फ्रेक्चर से उबरने वाले कमिंस ने गुरुवार को मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारे पास काफी लोग है जो विभिन्न चरण (चोट के) में है। मै काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरी कलाई अब ठीक हो चुकी है। मै शत प्रतिशत फिट हूं। मुझे तीनो मैच खेलने की उम्मीद है। लंबी सूची (चोटिल खिलाड़ियों की) के संदर्भ में, (मिशेल) स्टार्सी उपलब्ध नही है। हम सभी को मैच खेलने के काफी मौके देंगे लेकिन साथ ही विश्व कप को भी ध्यान में रखेंगे। बुधवार शाम को अभ्यास करने वाले स्टीव स्मिथ भी कलाई की चोट से उबर गए है। वह (स्मिथ) ठीक है और कल खेलेगा। उसने अच्छा अभ्यास किया और शत प्रतिशत फिट नजर आया। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन के सिर मे गेंद लगने के बाद लाबुशेन हाल मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कनकशन (सिर मे चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे थे। कमिंस ने हंसते हुए कहा, मार्नस का नाम हमेशा मेरे दिमाग में चलता रहता है, चौबीसो घंटे। वह शानदार है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।